हरिभूमि


जबलपुर
शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



मानसून आ गया है पर बादल 100 फीट ऊपर टहल रहे हैं, जहां मर्जी होती है, वहां बरस रहे हैं, इससे तेज और पूरी बारिश नहीं हो रही

# बादलों की 'मनमर्जी'

बड़ी झील का मनोरम दृश्य


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

## प्रदेश का औसत दिन का पारा सामान्य से औसतन तीन डिग्री तक कम

मानसून के दौरान पिछले एक सप्ताह से राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में बादलों की सजावट बनी हुई है। दो दिन से राजधानी सहित प्रदेश के मध्य के कुछ हिस्सों में करीब 100 फीट की ऊंचाई पर बादलों की चहलकदमी से कुछ जगह तेज तो कहीं मध्यम बौछारों का दौर चल रहा है।

गुरुवार को प्रदेशभर में बादलों की जमावट से धूप नहीं खिलने के साथ ही हवा में पर्याप्त नमी तथा हवाओं की मध्यम गति के कारण दिन के तापमान में भी औसतन दो डिग्री तक गिरावट रही है।

प्रदेश से गुजर रही दो ट्रफ लाइन से आज ग्वालियर सहित कुछ जगह 50 से 70 मिमी तक बारिश



### खाड़ी में मजबूत सिस्टम नहीं

शुक्ला के अनुसार अभी हवाएं दक्षिण पश्चिमी हैं। बांग्लादेश के पास एक सकुर्लेशन है। अरब सागर से कुछ नमी आ रही है, जिससे बादलों की जमावट और कहीं तेज से मध्यम और हल्की बारिश है। अगले दो से तीन दिन प्रदेश में एक दो स्थानों को छोड़कर कहीं भी भारी या अति भारी बारिश की उम्मीद नहीं है।

### कहां कितनी बारिश, कहां अलर्ट?

पिछले 24 घंटे में केवल नागदा 68, मुरैना 64.8, केवलारी 64.2, दतिया 62, उंचेहरा 58, बाड़ी 57.5, अटेर 50, भाभरा 47, निवास 45.8, बैराड़ 44, उदयपुरा में 40 मिमी बारिश हुई है। शेष प्रदेश में यह आंकड़ा आधा मिमी से 40 मिमी के अंदर ही दर्ज हुआ है। शुक्रवार तक ग्वालियर, आगर-मालवा, गुना, शिवपुरी, भिंड, मुरैना और श्योपुरकला में तेज बारिश का अलर्ट है। यहां 50 से 70 मिमी तक बारिश हो सकती है।

### पारे में सर्वाधिक गिरावट ग्वालियर में 5 डिग्री की रही

गुरुवार को दिन के पारे में सर्वाधिक गिरावट ग्वालियर में 5 डिग्री की रही। शिवपुरी, जबलपुर और उमरिया में 3.2 डिग्री गिरा। इसके अलावा छिंदवाड़ा, दमोह, मंडला, टीकमगढ़, मलाजखंड, गुना और उज्जैन आदि जिलों में पारा 2 से 3 डिग्री तक गिरा है। प्रदेश का औसत दिन का पारा सामान्य से औसतन तीन डिग्री तक कम रहा। भोपाल में पारा 32.5 डिग्री पर थमा रहा। शुक्रवार को भी भोपाल सहित प्रदेश में बारिश का यही सिलसिला जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### नीट पीजी: एग्जाम से पहले किया अलर्ट

**नई दिल्ली।** नीट पीजी 2024 परीक्षा से पहले नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल



साइंसेज ने स्टूडेंट्स के लिए एक अहम नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी कर बोर्ड ने छात्रों को अलर्ट किया है। यह नोटिस बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की गई है। मेडिकल बोर्ड ने सभी फेक पेजों को चेतावनी दी है, जो संशोधित शेड्यूल के बारे में फर्जी नोटिस जारी कर रहे हैं।

### सुधा मूर्ति के राज्यसभा भाषण ने मचाई धूम


**नई दिल्ली।** राज्यसभा में लेखिका सुधा मूर्ति के पहले ही भाषण की चर्चा जोरों पर है। एक ओर जहां



पीएम नरेंद्र मोदी ने भी 'मुद्दों' के चुनाव को लेकर मूर्ति का धन्यवाद किया। वहीं, सोशल मीडिया पर उनके भाषण की सराहना हो रही है। मांग उठने लगी है कि सदन में ऐसे ही प्रतिनिधियों की जरूरत है। महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए मुद्दे मुठाए थे।

### सीएस राणा के खिलाफ सुनवाई 29 को

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के कर्मचारियों के उच्च वेतनमान से जुड़े मामले में गुरुवार को सुनवाई



के दौरान मुख्य सचिव वीरा राणा वर्चुअल हाजिर हुईं। कोर्ट जवाब से संतुष्ट नहीं हुई, ऐसे में चार्ज फ्रेम करने पर 29 जुलाई को सुनवाई की व्यवस्था दे दी। इससे पहले छह वर्ष बाद भी आदेश का पालन नदारद होने पर हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई थी।

### एससीओ समिट में भी इशारों-इशारों में भारत की पाकिस्तान को लताड़

# पीएम मोदी का संदेश-आतंकियों को पनाह देने वालों को अब अलग-थलग करना होगा

एजेंसी ⏭ अस्ताना (कजाकिस्तान)

*एससीओ को एक सिद्धांत-आधारित संगठन बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस समय यह जरूरत है कि हम अपनी विदेश नीतियों के आधार के रूप में संप्रभुता, स्वतंत्रता व क्षेत्रीय अखंडता में हस्तक्षेप न करें*

आतंकवाद को सुरक्षित पनाह देने वाले देशों को अब अलग-थलग करना होगा। किसी भी रूप की अभिव्यक्ति में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अब इसे बेनकाब करना ही होगा। ये बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एससीओ समिट के अपने संदेश में कही।

एससीओ समिट में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कजाकिस्तान की अध्यक्षता में अस्ताना में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में पीएम मोदी की ओर से ये संदेश पढ़ा। एससीओ को एक सिद्धांत-आधारित संगठन बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस समय यह जरूरत है कि हम अपनी विदेश नीतियों के आधार के रूप में संप्रभुता स्वतंत्रता क्षेत्रीय अखंडता में हस्तक्षेप न करें। पाकिस्तान को इशारों-इशारों में कड़ा संदेश देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमें दूसरे देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों के विपरीत कोई भी कदम न उठाने पर भी सहमति व्यक्त करनी होगी। इसी के साथ पीएम ने आतंकवाद से निपटने को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री 8 से 9 जुलाई के दौरान रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मास्को में होंगे



किसी भी रूप या अभिव्यक्ति में आतंकवाद को क्षमा नहीं किया जा सकता है

### पीएम मोदी की पहली आधिकारिक ऑस्ट्रिया यात्रा

इसके बाद प्रधानमंत्री 09-10 जुलाई 2024 के दौरान ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे। यह 41 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। वह ऑस्ट्रिया गणराज्य के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलन से मुलाकात करेंगे ।

### ◆ प्रधानमंत्री मोदी जाएंगे रूस विदेश मंत्रालय ने बता दी तारीख

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 08-10 जुलाई 2024 को रूसी संघ और ऑस्ट्रिया गणराज्य की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस बात की जानकारी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार (04 जुलाई) को दी. विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री 8 से 9 जुलाई के दौरान रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मास्को में होंगे। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की सम्पूर्ण समीक्षा करेंगे और आपसी हित के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार रखेंगे। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बाद यह पीएम मोदी की पहली रूस यात्रा होगी. बयान में कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन परंपरागत रूप से मैत्रीपूर्ण रूसी-भारतीय संबंधों के आगे विकास की संभावनाओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय एजेंडे के प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। गौर हो कि प्रधानमंत्री मोदी ने आखिरी बार 2019 में रूस का दौरा किया था, जब उन्होंने व्लादिवोस्तोक में पांचवें पूर्वी आर्थिक मंच शिखर सम्मेलन में भाग लिया था।*

### आतंकवाद दुनिया के लिए खतरा

*पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि अगर आतंकवाद को अनियंत्रित छोड़ दिया जाए तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमा पार आतंकवाद का निर्णायक जवाब देने की आवश्यकता है और आतंकवाद के वित्तपोषण और भर्ती का दृढ़ता से मुकाबला किया जाना चाहिए। आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक समुदाय से कार्रवाई का आह्वान करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा करते समय, स्वाभाविक रूप से आतंकवाद से निपटने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो एससीओ के मूल लक्ष्यों में से एक है। हममें से कई लोगों के पास ऐसे अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे उत्पन्न होते हैं। हमें यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि अगर इसे अनियंत्रित छोड़ दिया जाए, तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या अभिव्यक्ति में आतंकवाद को क्षमा नहीं किया जा सकता है।*

### 12 जुलाई को अनंत-राधिका की शादी

## अंबानी ने सोनिया-राहुल को घर जाकर दिया न्यौता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



एशिया की सबसे अमीर शख्सियतों में शुमार मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का जश्न शुरू हो गया है। 12 जुलाई को दोनों शादी के बंधन में बंध जाएंगे। इस शादी के लिए देश-विदेश के नामचीन व्यक्तियों को निमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है।

■ पहले वे एकनाथ शिंदे के घर पहुंचे थे

### धूमधाम से हुआ था प्री-वेडिंग फंक्शन

*इस साल मार्च में राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी का पहला प्री वेडिंग फंक्शन गुजरात के जामनगर में आयोजित हुआ था। इसके बाद हाल ही में इटली में इस कपल का दूसरा प्री वेडिंग फंक्शन संपन्न हुआ था।*

### शिक्षा मंत्री ने की एनसीईआरटी की समीक्षा

## जल्द पेश की जाएंगी क्लास 3 और 6 की नई किताबें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को यहां एक बैठक में नये पाठ्यक्रम ढांचे के अनुसार स्कूली पाठ्यपुस्तकों के विकास की समीक्षा की। यह बैठक कक्षा-6 की पाठ्यपुस्तकों के आने में देरी की पृष्ठभूमि में हुई, जिन्हें अप्रैल से पढ़ाया जाना था और जो अभी तक बाजार में नहीं आई हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने पहले घोषणा की थी कि कक्षा 3 और 6 के लिए नई पाठ्यपुस्तकें 2024-25 शैक्षणिक सत्र से पेश की जाएंगी। शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए, कक्षा 3 और 6 में नई और आकर्षक पाठ्यपुस्तकें पेश की जाएंगी।

### खंडवा में एटीएस की कार्रवाई

## छापा मार दो को दबोचा, कोलकाता के आतंकी से तार जुड़े होने की आशंका

◆ नाबालिग सहित युवक को लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

खंडवा के एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने छापा मारकर दो लोगों को हिरासत में लिया है। माना जा रहा है कि इसके तार कोलकाता के आतंकी मामले से जुड़े हो सकते हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है।



खंडवा के एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने छापा मारकर दो लोगों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई खंडवा के गुलमोहर कालोनी और सलूजा कालोनी क्षेत्र में की गई है। बताया जा रहा है कि दो युवकों में से एक नाबालिग है। एटीएस ने यह कार्रवाई गुरुवार अल सुबह की है। एटीएस की कार्रवाई से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। फिलहाल एटीएस ने दोनों को किस मामले में इन्हें पकड़ा है, यह स्पष्ट नहीं है। माना जा रहा है कि इसके तार कोलकाता के आतंकी मामले से जुड़े हो सकते हैं।

### जबलपुर के बरगी में हादसा

## तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से माता-पिता और बेटी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

बरगी में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से तीन वर्षीय बच्ची समेत माता-पिता की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल में भिजवाया। परिवार अधारताल के रहने वाला था। नगर पुलिस अधीक्षक (बरगी) सुनील नेमा ने बताया कि बोहारीपुर गांव के समीप सुबह हुई दुर्घटना में नीतू रजक (22) उनकी तीन साल की बेटी कृतिका रजक और शाहबुद्दीन मंसूरी (24) की मौत हो गई।

■ घटना के बाद पिकअप चालक फरार

### सड़क दुर्घटनाओं ने उठाए प्रशासन पर सवाल



एक ही दिन में घर के तीन सदस्यों की जान चली जाने से पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है। मासूम सहित तीन लोगों की मौत ने सड़क सुरक्षा नियमों को एक बार फिर कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### अमीबिक एन्सिफेलाइटिस दुर्लभ और अत्यधिक घातक संक्रमण

## तालाब में नहाते वक्त बच्चे के शरीर में घुसा दिमाग खाने वाला अमीबा, तड़पकर मौत

एजेंसी ⏭ तिरुवंतपुरम

केरल के एक तालाब में नहाते वक्त 14 साल के एक बच्चे के नाक में दिमाग खाने वाला अमीबा घुस गया। दिमाग में दुर्लभ संक्रमण हो जाने से उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। तीन महीने में इस तरह से मौत का यह तीसरा मामला है। सरकार इस मामले में अलर्ट हो गई है। इससे पहले यह बीमारी 2023 और 2017 में राज्य के अलप्पुझा जिले में देखी गई थी। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे के मस्तिष्क में दुर्लभ 'अमीबिक एन्सिफेलाइटिस' संक्रमण प्रवेश कर गया था।

केरल में तीन महीने में ये तीसरा केस सरकार अलर्ट पर



### यहां सामने आ चुके हैं मामले

केरल के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मृदुल नामक बालक की मृत्यु बुधवार रात करीब 11:20 बजे हुई। केरल में मई से लेकर अब तक इस घातक संक्रमण का यह तीसरा मामला है। पहली घटना 21 मई को मल्लपुरम में पांच वर्षीय बच्ची की मौत की थी और दूसरी घटना में 25 जून को कन्नूर में 13 वर्षीय बालिका की मृत्यु हो गई थी।

### आईजी ने कहा कि हम 'भोले बाबा' के आपराधिक इतिहास की जानकारी निकाल रहे, उनके नाम पर कार्यक्रम की कोई अनुमति नहीं ली गई थी

# सत्संग की आयोजन समिति के छह लोग गिरफ्तार मुख्य आरोपी पर एक लाख का इनाम घोषित किया

आईजी शलभ माथुर ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 110, 126(2), 223 और 238 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया

एजेंसी ⏭ हाथरस

हाथरस भगदड़ मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अब तक इस घटना में आयोजन समिति से जुड़े छह सेवादारों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, इस घटना के मुख्य आयोजक-मुख्य सेवादार की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई है। गिरफ्तार लोगों में उपेंद्र, मंजू यादव, मुकेश कुमार शामिल हैं। घटना पर अलीगढ़ के आईजी शलभ माथुर ने कहा कि जोन स्तर पर सभी जिलों में एसओजी की टीमों को आरोपियों के चिह्नीकरण व गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है।



### संत प्रेमानंद ने रात्रि पदयात्रा की बंद रास्ते में न हों खड़े, न ही लगाएं भीड़

**मथुरा।** हाथरस में सत्संग स्थल पर हुई भगदड़ की घटना के बाद वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज अब रात्रि के समय सड़क पर



अनिश्चित काल के लिए भक्तों से नहीं मिलेंगे। उन्होंने भक्तों से रात्रि के समय संत दर्शन के लिए रास्ते में खड़े न होने और भीड़ लगाने से मना किया है। संत प्रेमानंद के रमणेरती क्षेत्र स्थित श्रीहित राधा केली कुंज आश्रम से जारी पत्र में कहा गया कि हाथरस में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है ।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




मुंबई के मरीन ड्राइव पर टी 20 क्रिकेट के विश्व विजेताओं का विजय जुलूस

# अपने 'रन'बांकुरों को देखने समंदर किनारे उमड़ा सैलाब

## मुंबई एयरपोर्ट पर भारतीय क्रिकेट टीम को वाटर सैल्यूट दिया गया | वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम को सम्मानित किया गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गुरुवार को टीम इंडिया के चैंपियनों का जैसा स्वागत मुंबई ने किया, वह इतिहास में दर्ज हो गया। समंदर किनारे मरीन ड्राइव पर किलीमीटरों में फैन्स का सैलाब उमड़ पड़ा। टीम इंडिया के चैंपियंस मुंबई एयरपोर्ट से बाहर निकले। सभी खिलाड़ी बस में सवार होकर विक्ट्री परेड के लिए रवाना हुए। जैसे ही खिलाड़ी एयरपोर्ट से बाहर निकले, सेल्फी लेने के लिए फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। मुंबई एयरपोर्ट पर भारतीय क्रिकेट टीम को वाटर सैल्यूट दिया गया। टीम इंडिया के आगमन की प्रतीक्षा में मरीन ड्राइव पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम को सम्मानित किया गया।

## विश्व विजेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में खेले गए आईसीसी टी20 विश्वकप में जीत के बाद गुरुवार को देश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। जैसे ही भारतीय टीम ने पीएम मोदी और टी-20 विश्वकप ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

## द्रविड़ और रोहित ने एक हाथ से ट्रॉफी उठाई पीएम मोदी इस दौरान पकड़े रहे दोनों का हाथ




### नाश्ता, बातचीत और खूब लगे ठहाके

*इस दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री के साथ नाश्ता किया और बातचीत भी की। इसका वीडियो भी सामने आया है। भारतीय खिलाड़ियों और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बातचीत के दौरान खूब हंसी मजाक हुआ और ठहाके भी लगे। भारतीय खिलाड़ियों को एक मीटिंग हॉल में बैठाया गया। प्रधानमंत्री खुद बीच में बैठे दिखाई पड़ते हैं और खिलाड़ियों से बातचीत करते हैं। इस दौरान खिलाड़ी और प्रधानमंत्री मोदी हंसी ठहाके नजर आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी युजवेंद्र चहल की ओर कुछ इशारा भी करते हैं। इस पर रोहित शर्मा, विराट कोहली समेत सभी खिलाड़ी खूब जोर से हंसते हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आडवाणी को अपोलो अस्पताल से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। बुधवार रात नौ बजे अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि आडवाणी की हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया था।

### निवेशकों को 1.95 लाख करोड़ का मुनाफा



**मुंबई।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड बनने का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। संसेक्स और निफ्टी दोनों ने दिन के कारोबार के दौरान अपना नया ऑलटाइम हाई छुआ। निवेशकों की संपत्ति दिन भर में करीब 1.95 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। कारोबार के अंत में दोनों इंडेक्स मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

### हाथरसः भोले बाबा का ग्वालियर से कनेक्शन



**ग्वालियर।** यूपी के हाथरस में भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि के सत्संग में मची भगदड़ में 121 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। बाबा का कनेक्शन ग्वालियर में भी मिला है। तिगरा रोड पर झंडा का पूरा गांव में हरी विहार में बाबा का आलीशान आश्रम है। जहां अक्सर आता था।

### अमरनाथ गुफा के पास यात्री की हार्ट अटैक से मौत



**श्रीनगर।** अमरनाथ गुफा के पास एक यात्री की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान महाराष्ट्र के रहने वाले संदीप उत्तेकर (48) के तौर पर हुई है। उन्हें पवित्र गुफा में दिल का दौरा पड़ा। वे बेहोश हो गए और उन्हें पवित्र गुफा के मेडिकल कैंप में लाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दिल्ली में एयर कार्गो फोरम इंडिया के कॉन्क्लेव में सीएम डॉ. यादव की बड़ी घोषणा

# मध्यप्रदेश में बनेगा दिल्ली की तरह 'एयर कार्गो हब'

### एयर कार्गो उद्योग के विकास में सहभागिता का निमंत्रण




मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को दिल्ली में एयर कार्गो फोरम इंडिया के वार्षिक कॉन्क्लेव-2024 को संबोधित कर रहे थे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की भौगोलिक स्थिति एवं विकसित अधोसंरचना को देखते हुए मध्यप्रदेश में दिल्ली की तरह एयर कार्गो हब बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश भारत के दिल में स्थित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में रेलवे, मेट्रो और एक्सप्रेस-वे का घना जाल बिछाया जा चुका है।

अब प्रदेश में हवाई यातायात एवं कार्गो की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश के सातों एयरपोर्ट में कार्गो की संभावना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को दिल्ली में एयर कार्गो फोरम इंडिया के वार्षिक कॉन्क्लेव-2024 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एयर कार्गो उद्योग को प्रदेश के विकास में सहभागी बनने और प्रदेश में निवेश करने का निमंत्रण दिया।

*यादव ने बताया कि प्रदेश में एयर कार्गो के माध्यम से 6 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों का परिवहन होता है। इस दृष्टि से एयर कार्गो उद्योग के लिए प्रदेश में अपार संभावनाएं*




दिल्ली में एयर कार्गो फोरम इंडिया के वार्षिक कॉन्क्लेव-2024 में सीएम शामिल हुए

### मुख्यमंत्री ने इन्हें किया सम्मानित

यादव ने एयर कार्गो फोरम इंडिया द्वारा प्रकाशित 'स्किलिंग मैन्युअल' नाम की पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एयर कार्गो फोरम इंडिया टास्क पिलर्सः स्किल डेवलपमेंट, नॉलेज एंड रिसर्च, डिजिटल ऑटोमेशन, गो ग्रीन, डोमेस्टिक एयर कार्गो, प्रोसेस सिंपलिफिकेशन, ब्रांडिंग, पॉलिसी एडवोकेसी और इवेंट मैनेजमेंट के लीडर्स को भी सम्मानित किया।

### 'फ्यूचर रेडी मध्यप्रदेश' नाम से डेस्क भी तैयार

यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है जहां अंतर्राज्यीय वायु सेवा प्रारंभ की गई है। प्रदेश में पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है। सक्षम व्यक्तियों के अलावा आयुष्मान कार्ड धारकों को भी सेवा का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हेली सर्विस भी शुरू करवाई गई है। इस दृष्टि से वायु परिवहन के साथ एयर कार्गो के लिए भी प्रदेश में समुचित अधोसंरचना विकसित है। यादव ने कहा कि प्रदेश के संसाधनों के दोहन, व्यापार को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रदेश में कार्गो हब का निर्माण सहायक होगा। भविष्य में प्रदेश को व्यापार का केंद्र बनाने के लिए 'फ्यूचर रेडी मध्यप्रदेश' नाम से डेस्क भी तैयार किया गया है। प्रदेश की आर्थिक विकास गति 20 फीसदी से अधिक है और कृषि विकास की दर 25 फीसदी है।

## विशेषाधिकार की सूचना पर व्यवस्था, चर्चा की मांग

### नर्सिंग घोटाले को लेकर विधानसभा में विपक्ष का हंगामा

विधानसभा में बुधवार को भी नर्सिंग घोटाले को लेकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि इस मामले में मंत्री विश्वास सारंग ने गलत बोला था। इसे लेकर विशेषाधिकार हनन की सूचना दी गई है। इस पर व्यवस्था दी जाए। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि उन्हें दो सदस्यों की सूचनाएं मिली हैं। इनका परीक्षण करने के बाद वे निर्णय लेंगे, लेकिन उमंग सिंघार और विपक्ष के अन्य सदस्य चर्चा कराने की मांग पर अड़ गए। इस बीच संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कह दिया कि अध्यक्ष की व्यवस्था आ चुकी है। यहां कोई चुन्नू-मुन्नू का खेल नहीं हो रहा। इस पर उमंग ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई ।

## वॉट्सएप ग्रुप से मिले एप पर इन्वेस्ट किया

# एलआईसी अफसर से 1.65 करोड़ रुपए की साइबर ठगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

- नर्मदापुरम के करीब 30 लोगों का पैसा खपा दिया था

शहर के एलआईसी डेवलपमेंट अफसर के साथ 1 करोड़ 65 लाख रुपए की ऑनलाइन साइबर ठगी हो गई। बुधवार शाम को मामले में एलआईसी अफसर ने पहले एसपी ऑफिस और फिर देहात थाना पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया। एलआईसी अफसर ने एक वॉट्सएप ग्रुप पर मिले एक एप के माध्यम से शहर के करीब 30 लोगों का 1.30 करोड़ रुपए अच्छे रिटर्न की उम्मीद से इन्वेस्ट किया था। लेकिन, साइबर ठगों की फेक एप होने से रुपए वापस नहीं आए। साइबर ठगी से जुड़ा बड़ा मामला होने से देहात थाना पुलिस और साइबर सेल संयुक्त रूप से जांच शुरू कर दी है।

### ये एप गूगल प्ले स्टोर पर नहीं

*एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि एलआईसी अफसर किसी वॉट्स एप ग्रुप पर जुड़कर लोगों के रुपए इन्वेस्ट करते थे। वे ही गाइड करते थे। जिसमें एक बार एलआईसी अफसर को 5 लाख रुपए तक फायदा हुआ। ग्रुप पर जुड़े लोगों ने एलआईसी अफसर को कि हमारे थ्रू इंवेस्टमेंट करो, ताकि अच्छा रिटर्न मिलेगा। इसके बाद उन्हें ग्रुप पर एक लिंक दी गई। इससे एक एप डाउनलोड करवाया गया। यह एप गूगल प्ले स्टोर्स पर नहीं है। इसे उन्होंने डाउनलोड़ किया और इस पर 30 लोगों का 1 करोड़ 65 लाख रुपए इंवेस्टमेंट कर दिया। जब इस इंवेस्टमेंट का रिटर्न नहीं मिला और ग्रुप पर कोई रिस्पांस नहीं मिला तो उन्होंने बुधवार को एसपी से मिलकर देहात थाने में शिकायती आवेदन दिया। एसडीओपी सैनी ने बताया कि मामले में शिकायती आवेदन की जांच देहात थाना टीआई प्रवीण चौहान कर रहे हैं। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि शिकायत सही है या नहीं।*

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने वैष्णव को लिखा पत्र

# गुना के 'स्पाइस पार्क' में आ रही परिवहन दिक्कतों को दूर किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

- मावन गांव में 100 एकड़ में बनी हैं मसाला इकाइयां

केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा क्षेत्र गुना में 2013 के दौरान बनाए गए एक 'स्पाइस पार्क' के पुनरुत्थान के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। सिंधिया ने पत्र में गुना क्षेत्र के मावन गांव में 100 एकड़ में बने राज्य के उस एक मात्र 'स्पाइस पार्क' का जिक्र किया है, जिसकी स्थापना 16 मार्च 2013 को की गई थी। केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया ने लिखा है कि गुना क्षेत्र को उद्योग व्यापार से जोड़ने के लिए स्थापित किए गए इस 'स्पाइस पार्क' की मसाला इकाइयों से मसालों का निर्यात होता है। इसके लिए ट्रकों की आवाजाही लगी रहती है। ये ट्रक सिंगवासा रेल ब्रिज से होकर गुजरते हैं।





### क्या है स्पाइस पार्क ?

*दरअसल, मसाला पार्क स्थानीय किसानों, व्यापारियों, निर्यातकों और अन्य हितधारकों के उपयोग के लिए सामान्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन सुविधाएं स्थापित करते हैं, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। मसाला बोर्ड ने देश भर में आठ फसल विशिष्ट मसाला पार्क स्थापित किए हैं। मसाला पार्क का उद्देश्य स्थानीय किसानों, व्यापारियों, निर्यातकों और अन्य हितधारकों द्वारा उपयोग के लिए मसालों की सफाई, छंटाई, ग्रेडिंग, पीसने, तेल निकालने और पैकेजिंग सहित सामान्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन सुविधाएं स्थापित करना है। बता दें, स्पाइस पार्क निर्यात में वृद्धि करने के लिए मसालों के कामन प्राइमरी प्रोसेसिंग सुविधा और मूल्य संवर्धन की सुविधा प्रदान करता है। जिससे राज्य से अधिक से अधिक मसालों का निर्यात हो सके।*

## राज्यपाल ने दिलाई शाम 5 बजे शपथ

# 5 महीने 'जेल' में रहने के बाद सोरेन तीसरी बार बने मुख्यमंत्री

### चंपई सोरेन समन्वय समिति के चेयरमैन होंगे

एजेंसी ▶▶ रांची





पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजभवन में राज्यपाल ने गुरुवार को शाम करीब पांच बजे पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। 28 जून को करीब पांच महीने बाद जेल से रिहा किया गया था। जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में अदालत से जमानत मिलने बाद उन्हें जेल से रिहा किया गया। हेमंत ने 31 जनवरी को गिरफ्तार होने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। बुधवार को चंपई सोरेन ने इस्तीफा दे दिया था। झारखंड में तेजी से बनते-बिगड़ते सियासी समीकरण के बीच पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। इससे पहले उन्हें विपक्षी गठबंधन- इंडिया के विधायक दल का नेता चुना गया था। राज्यपाल सीवी राधाकृष्णन ने पूर्व सीएम चंपई सोरेन के इस्तीफे के बाद हेमंत सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया था। राजभवन में केवल हेमंत सोरेन को सीएम पद की शपथ दिलाई गई। मंत्रिमंडल विस्तार बाद में किया जाएगा।

## अब अगली सुनवाई 22 जुलाई को

# भोजशाला सर्वे पर हाई कोर्ट ने दिया निर्देश-15 जुलाई तक सौंपें रिपोर्ट






हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

- टीम को 6 सप्ताह में रिपोर्ट कोर्ट को सौंपनी थी

भोजशाला मामले में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) द्वारा चार हफ्ते का समय मांगने के मामले में हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने बताया कि हाई कोर्ट ने एएसआई को 15 जुलाई तक रिपोर्ट पेश करने का कहा है। अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी। 2 जुलाई को हुई सुनवाई में एएसआई ने इंदौर हाईकोर्ट से मांगा था। एएसआई की तरफ से एडवोकेट हिमांशु जोशी का कहना है कि रिपोर्ट सौंपने के लिए कोर्ट से 3 से 4 सप्ताह का समय मांगा है। बता दें 11 मार्च को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने ज्ञानवापी की तर्ज पर धार की भोजशाला का सर्वे कराने के आदेश दिए थे।

कोर्ट ने एएसआई को 5 एक्सपर्ट की टीम बनाने के लिए कहा था। इस टीम को 6 सप्ताह में रिपोर्ट कोर्ट को सौंपनी थी। कोर्ट ने 29 अप्रैल तक सर्वे पूरा करने के लिए कहा था। बाद में समय बढ़ाकर इसे 2 जुलाई किया गया था।

बारिश और भूस्खलन से हिमाचल में भारी तबाही

# प्रदेश में 115 सड़कें बंद, शिमला-बिलासपुर हाइवे पर पसरे मलबे से यातायात हो गया ठप, कई इलाकों में ब्लैकआउट

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में बुधवारदेर रात से जारी भारी बारिश के कारण सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

राज्य के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन से कई सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। 115 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। कुछ स्थानों पर परिवहन निगम की बसें भू-स्खलन से फंसी हैं। 212 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से कई इलाकों में ब्लैकआउट है। नदियां और नाले उफान पर हैं। शिमला में पेड़ों के गिरने का खतरा बढ़ गया है। मलबा आने से शिमला-बिलासपुर नेशनल हाइवे बाधित रहा।

भारी वर्षा के कारण नदियां और नाले उफान पर, पेड़ों के गिरने का खतरा बढ़ा



**मंडी सबसे ज्यादा प्रभावित**

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के आंकड़ों के अनुसार राज्य भर में भूस्खलन से 115 सड़कें अवरुद्ध हैं। मंडी सबसे ज़्यादा प्रभावित ज़िला है, जहां 107 सड़कें अवरुद्ध हैं। चंबा में 4, सोलन में 3और कांगड़ा में एक सड़क बंद है। मंडी जिला के सिराज उपमंडल में 39, करसोग में 28, थलौट में 22, सुंदरनगर में नौ, नेरचौक में पांच और मंडी उपमंडल में दो सड़कें भूस्खलन से ठप हैं।

## बिहार और बंगाल सहित 26 राज्यों को लेकर अलर्ट



भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 26 राज्यों में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। दिल्ली-एनसीआर में घिरे काले बादलों की वजह से कुछ देर के लिए अंधेरा छा गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में दिनभर रुक-रुक कर बारिश का पूर्वानुमान जताया है। दिल्ली के अलावा बिहार और पश्चिम बंगाल सहित 26 राज्यों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान में नौ जुलाई तक रोजाना ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई गई है।

## उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भारी वर्षा की चेतावनी

उत्तर प्रदेश में लखनऊ समेत मध्य उत्तर प्रदेश में 8जुलाई तक मध्यम से भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल अत्यधिक बारिश हो सकती है। बिहार के पटना समेत 9 जिलों में भी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

सोनोवाल ने असम का किया दौरा

## राहत-बचाव कार्यों को तेज करने के निर्देश



**डिब्रूगढ़।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने असम के डिब्रूगढ़ में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने तेंगाखाट में बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत शिविर का दौरा किया। सोनोवाल ने कहा कि असम में बाढ़ की वजह से लाखों लोगों का नुकसान हुआ है। पीड़ित लोगों के लिए राज्य सरकार की ओर से सही कदम उठाए गए हैं। सोनोवाल ने अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने और राहत एवं बचाव कार्यों को तेज करने का भी निर्देश दिया।

## खबर संक्षेप

### एक्टर दर्शन की कस्टडी 18 जुलाई तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** मर्डर केस के आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा, उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत बेंगलुरू कोर्ट ने बढ़ा दी है। कोर्ट ने अभिनेता सहित अन्य आरोपियों की कस्टडी 18 जुलाई तक बढ़ाई है। दर्शन रेणुकास्वामी हत्या मामले में आरोपी हैं। सभी 17 आरोपियों की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया।



### राजस्थान के मंत्री किरोड़ी लाल ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। जयपुर में उन्होंने यह ऐलान किया। फिलहाल इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है। ऐसे में सरकार उन्हें मनाने की कोशिश कर सकती है। किरोड़ी लाल मीणा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि अगर भाजपा दौसा लोकसभा सीट से हार जाती है तो वे इस्तीफा दे देंगे।



### अरुणाचल प्रदेश में मिला सींग वाला विचित्र मेंढक

**ईटानगर।** भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणचाल प्रदेश में मेंढक की नई प्रजाति मिली है। इसके सींग है। प्रदेश के टेल वन्यजीव अभयारण्य के जंगलों में यह मेंढक पाया जाता है। प्राणी सर्वेक्षण के विज्ञानियों ने इसे खोजा है। मेंढक का नाम स्थानीय जनजाति अपतानी के नाम पर जेनोफ्रीस अपतानी रखा गया है। टीम के लीडर बिक्रमजीत सिन्हा और भास्कर साइकिया थे।



### एक ही परिवार के 4 लोगों समेत 5 की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग स्थित मूंढापांडे में बरोडवेज बस ने हज करके लौट रहे लोगों की कार को रौंद दिया। इसमें एक परिवार के पिता और 3 पुत्रों समेत कार चालक की मौत हो गई।मृतकों में हाजी अशरफ उनके तीन बेट नक्शे अली, आरिफ अली और इंतेखाब अली,कार चालक अहसान शामिल हैं। हज्जन जैतून और बेटा आसिफ घायल हैं।



### नीट-यूजी पास कर चुके छात्र पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** गुजरात के नीट-यूजी पास कर चुके 56 छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। छात्रों ने शीर्ष कोर्ट से केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को परीक्षा रद्द करने से रोकने का निर्देश की मांग की है। याचिका दायर करने वालों में कई उम्मीदवार फर्स्ट पोजिशन पर रहे हैं।छात्रों ने पेपर लीक में शामिल छात्रों और अन्य लोगों की जांच की मांग की है।



लोकसभा में राहुल के दावों पर भड़के केंद्रीय मंत्री रिजिजू

# सदन को गुमराह करने का प्रयास करने वाला कोई भी 'सदस्य' बच नहीं पाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दावों पर अब संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भड़के। उन्होंने गांधी के भाषण में कथित गलतियों को लेकर भाजपा द्वारा उनके खिलाफ नोटिस सौंपे जाने के एक दिन बाद कहा कि सदन को गुमराह करने का प्रयास करने वाला कोई भी सदस्य आसानी से बच नहीं पाएगा।

रिजिजू लोकसभा में भाजपा सदस्य बांसुरी स्वराज के नोटिस का जिक्र कर रहे थे। स्वराज ने मंगलवार को लोकसभा में एक नोटिस दिया था, जिसमें सदन में विपक्ष के नेता के राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर दिए भाषण में कथित गलतियों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से राहुल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इस मुद्दे पर पूछ गए सवालों के जवाब में रिजिजू ने कहा कि जब लोकसभा में विपक्ष के नेता तथ्यों और आंकड़ों सहित कई चीजों के बारे में झूठ बोलते रहे, तो अध्यक्ष को नोटिस दिया गया और हमने अध्यक्ष से उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। फिलहाल हम कार्रवाई का इंतजार है।

अग्निवीर योजना को लेकर राहुल ने 'जान-बूझकर' गलत बयान दिया | 'अग्निवीरों की शहादत' पर मुआवजा नहीं देने का मामला



स्वराज ने स्पीकर बिरला को दिया नोटिस



**यह है नियम लोकसभा का 115**

स्पीकर के निर्देश 115 के तहत अगर कोई सदस्य किसी मंत्री या किसी अन्य सदस्य की ओर से दिए गए बयान में कोई गलती या अशुद्धि बताना चाहता है, तो वह सदन में मामले को उठाने से पहले अध्यक्ष को चिट्ठी लिखकर गलती या अशुद्धि का ब्योरा दे सकता है और मुद्दे को उठाने की इजाजत मांग सकता है। आरोप लगाने वाले सदस्य के पास अगर उसके आरोपों के समर्थन में कोई सबूत हैं तो वह उसे भी स्पीकर के सामने रख सकता है। इस आधार पर स्पीकर वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए इस मामले को संबंधित मंत्री या सदस्य के संज्ञान में ला सकते हैं।

### राहुल के बयान तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक:बांसुरी स्वराज

बांसुरी स्वराज बांसुरी स्वराज के नोटिस के अनुसार लोक सभा में विपक्ष के नेता के संबंधित बयान तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक प्रकृति के हैं, इसलिए नियम 115 के तहत उचित कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए। इस वजह से मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि राहुल गांधी की ओर से जान-बूझकर की गई गलतियों का संज्ञान लें और आवश्यक कार्यवाही करें।

### बांसुरी ने गिनाई राहुल की 'गलतियां'

बांसुरी ने दावा किया है कि अग्निवीर योजना को लेकर राहुल ने 'जान-बूझकर' तथ्यात्मक रूप से गलत बयान दिया और 'झूठ' कहा कि अग्निवीरों की शहादत पर उन्हें मुआवजा देने का कोई प्रावधान नहीं है।



### नियम सभी के लिए समान रूप से लागू होंगे

मंत्री ने कहा कि नियम सभी पर समान रूप से लागू होते हैं क्योंकि सदन में कोई भी सदस्य आसन से ऊपर नहीं होता है। उन्होंने कहा कि कोई भी बचने की उम्मीद नहीं कर सकता। किसी के लिए कोई विशेष विशेषाधिकार नहीं है। वे किसी एक परिवार से आते हैं, इसलिए बच जाएंगे तो ऐसा नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदि कोई सदन को गुमराह करने के लिए पद का दुरुपयोग करना चाहता है, तो वह आसानी से बच नहीं पाएगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सोमवार को राहुल के भाषण के बाद केंद्रीय मंत्रियों अश्विनी वैष्णव और रिजिजू ने कांग्रेस नेता पर अग्निपथ योजना और अयोध्या में स्थानीय लोगों को दिए गए मुआवजे सहित कई मुद्दों के बारे में झूठे दावे करने का आरोप लगाया था। इसी पर कार्यवाही की मांग की है।

नए क्रिमिनल लॉ पर केंद्र ने हाई कोर्ट से कहा

## यह संसद का अधिकार, मौलिक अधिकारों को प्रभावित नहीं करते





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट के समक्ष तीन नए आपराधिक कानूनों के हिंदी नामकरण का बचाव किया और असंवैधानिकता के आरोपों के विरुद्ध नामों की संवैधानिक वैधता पर जोर दिया।

एक्टिंग चीफ जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस मोहम्मद शफीक की पीठ के समक्ष यह दलील दी गई, जिन्होंने नए कानूनों के हिंदी नामों को असंवैधानिक घोषित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। थूथुकुडी स्थित अधिवक्ता बी रामकुमार आदित्यन ने इसको लेकर याचिका दायर की थी। उन्होंने तर्क दिया कि नए कानूनों के हिंदी और संस्कृत नाम संविधान के अनुच्छेद 348 का उल्लंघन करते हैं, जिसमें कहा गया है कि कानूनों के नाम सहित आधिकारिक पाठ अंग्रेजी में होने चाहिए।

### सांसदों ने समझ करके नाम दिया

केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एआरएल सुंदरेशन ने तर्क दिया कि नए नाम संसद की इच्छा को दर्शाते हैं, जिसने अपने विवेक से कानूनों का नामकरण किया था। यह संसद की समझदारी या अधिकार है। हम सभी ने संसद को चुना है और इन सांसदों ने अपनी समझदारी से इसका नाम रखा है। नामों में उनकी इच्छा झलकती है। अगर यह संविधान के खिलाफ है, तो ठीक है। लेकिन इससे किसी के अधिकार प्रभावित नहीं होते। उन्होंने तर्क दिया कि नाम भी अंग्रेजी अक्षरों में थे, जिससे वे सरल और सुलभ हो गए।

### अंग्रेजी में नाम करने की मांग उठाई

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 348 के अनुसार सभी आधिकारिक पाठ अंग्रेजी में होने चाहिए। नए कानूनों के नाम आधिकारिक पाठ हैं, जिन्हें अक्सर वकीलों द्वारा उद्धृत किया जाएगा। इसलिए, नाम भी अंग्रेजी में होने चाहिए। सुंदरेसन ने इसका खंडन करते हुए कहा कि नए कानूनों के नाम भी अंग्रेजी में थे, क्योंकि अंग्रेजी अक्षरों का इस्तेमाल किया गया था। समय बीतने के साथ जनता और वकील नए नामों के आदी हो जाएंगे। नाम मौलिक अधिकारों को प्रभावित नहीं करते हैं, जिसके लिए कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ता है।

नीतीश बांट रहे थे नियुक्ति पत्र

## आईएएस के सामने जोड़ा हाथ, कहा-पैर भी हम छू लें

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार अकसर सुर्खियों में बने रहते हैं। कभी अपने बयानों को लेकर तो कभी मजाकिया अंदाज को लेकर सीएम खबरों में आ ही जाते हैं। एक बार फिर से नीतीश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें सीएम एक आईएएस के सामने हाथ जोड़े नजर आ रहे हैं। सीएम आईएएस अफसर के सामने हाथ जोड़कर कहते हैं कि कहिएगा तो पैर भी पकड़ लूंगा, बस ये काम पूरा कर दीजिए। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोग कयास लगा रहे हैं कि सीएम को इसकी क्या जरूरत पड़ी कि उन्होंने भरी सभा में सबके सामने आईएएस के सामने हाथ जोड़ लिया। सीएम संवाद भवन में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में चयनित कैंडिडेट के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण कर रहे थे।



जयराम का पीएम पर तंज

## अंतरिक्ष से पहले मणिपुर जाएं गैर-जैविक प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर तंज कसा है। जयराम ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया है। मीडिया रिपोर्ट में इसरो चीफ एस सोमनाथ के हवाले से कहा गया है कि पीएम मोदी भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए उम्मीदवार हो सकते हैं। मिशन गगनयान को अगले साल लॉन्च किया जाना है। रमेश ने इसको लेकर पीएम पर निशाना साथा है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में जाने से पहले गैर-जैविक प्रधानमंत्री को मणिपुर जाना चाहिए। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए ये बातें लिखी। एक इंटरव्यू में मिशन गगयान को लेकर बातचीत की गई थी। उनसे इस मिशन पर देश के प्रधानमंत्री के जाने को लेकर सवाल किया गया था। इसी बात पर रमेश ने तंज कसा है।



## अब छपरा में भरभराकर गिरा पुल

15 दिन में 10वां ब्रिज धराशाई



**छपरा।** बिहार के छपरा में गुरुवार को भी पुल गिरने की घटना हुई। गुरुवार की सुबह बनियापुर के सरेया में ग्रामीण पुल का पाया व पुल का बीच का हिस्सा धंस गया। दरअसल, बिहार में 15 दिन में 10 पुल टूट चुके हैं।

अब ऑनलाइन होंगे काशी में स्थित सभी मंदिर, सर्वे पूरा

# पर्यटकों की सुविधाओं के लिए लगेंगे क्यूआर कोड

एजेंसी ▶▶ काशी

काशी के करीब 700 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार की तैयारी है। इनमें हिंदू मंदिरों के अलावा जैन, बौद्ध मंदिर और गुरुद्वारे भी शामिल हैं। जिले के पर्यटन स्थलों तक सैलानियों की पहुंच बढ़ाने के मकसद से मंदिरों और गुरुद्वारों का कायाकल्प किया जाएगा।

पर्यटन विभाग ने इसके लिए काशी के धर्मस्थलों का सर्वे कराया है। बौद्ध, जैन मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही इनसे जुड़े साहित्य को ऑनलाइन किया जाएगा। इन धार्मिक स्थलों को क्यूआर कोड से लैस किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को ऑनलाइन विस्तृत जानकारी मिल सके। पहले चरण में 300 धर्मस्थलों का जीर्णोद्धार कराया जा चुका है।

*इसमें जैन, बौद्ध मंदिर और गुरुद्वारे भी शामिल*

700 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार होगा



**300 मंदिरों का ऑनलाइन काम पूरा**

पहले चरण में काशी में 300 मंदिरों को क्यूआर कोड से लैस करने के साथ उनसे संबंधित साहित्य का डिजिटलीकरण कराया जा चुका है। दूसरे फेज में काशी के करीब 700 मंदिरों, धरोहरों की जानकारी एकत्र कर कायाकल्प किया जाएगा। स्थलों की जानकारी ऑनलाइन करने के साथ उन्हें क्यूआर कोड से पर्यटकों को काफी आसानी होगी।

### धरोहरों के संक्षिप्त इतिहास की एक साथ जानकारी मिलेगी

*उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत ने कहा कि धार्मिक स्थलों, पौराणिक मान्यताओं से संबंधित साहित्य जुटाकर सर्वे कराने के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। धार्मिक, पुरातात्विक विशेषज्ञों से जानकारी एकत्र करने के साथ ही 7माह तक स्थलीय सर्वे चला था। धार्मिक स्थलों के पास पर्यटन विभाग स्टील के साइनेज लगाएगा। मंदिरों, गुरुद्वारों, धरोहरों का संक्षिप्त इतिहास लिखा जाएगा। क्यूआर कोड रहेगा। उसमें विस्तृत इतिहास रहेगा।*

बिरला की किंजरापु के साथ बैठक

## कोटा में एयरपोर्ट का निर्माण आवश्यक, डीपीआर के निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान बिरला ने कहा कि संपूर्ण हाड़ौती क्षेत्र के विकास के लिए कोटा में एयरपोर्ट का निर्माण आवश्यक है। राज्य सरकार इस संबंध में बाधाओं को तेजी से दूर कर रही है। राज्य सरकार इस संबंध में बाधाओं को तेजी से दूर कर रही है। बिरला ने कहा कि केंद्र सरकार के स्तर पर औपचारिकताओं को जल्द पूरा कर राज्य सरकार के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाए ताकि एयरपोर्ट का निर्माण शीघ्र प्रारंभ हो सके। मंत्री ने कहा कि मंत्रालय एयरपोर्ट को लेकर गंभीर है, अधिकारियों को जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।



## सीलिंग की भूमि पर पुनः नाम दर्ज न करने को चुनौती का मामला

# हाई कोर्ट ने जबलपुर कलेक्टर के आदेश पर लगाई रोक



जबलपुर।

हाई कोर्ट ने सीलिंग अधिनियम समाप्त होने के बाद भी आवेदक का नाम पुनः दर्ज न किए जाने के मामले को बेहद गंभीरता से लिया। इसी के साथ न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने कलेक्टर जबलपुर द्वारा पूर्व में पारित अनुचित आदेश पर रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाये रखने के अंतरिम निर्देश दे दिए। यही नहीं मप्र शासन व जिला कलेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया।

यह मामला जबलपुर निवासी मुन्ना लाल पटेल की ओर से दायर किया गया है। जिसमें जबलपुर कलेक्टर के उस आदेश को चुनौती दी गई है कि जिसमें कलेक्टर द्वारा सीलिंग अधिनियम के प्रावधानों के तहत सीलिंग अधिनियम के समाप्त होने के उपरांत आवेदक का नाम दर्ज करने से मना करने का आदेश पारित किया था। आवेदक की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नगरीय सीलिंग अधिनियम अपील एक्ट-1999 की धारा चार के अंतर्गत यदि किसी भी न्यायालय में सीलिंग संबंधी प्रकरण विचाराधीन है तो सीलिंग करवाई समाप्त हो जाएगी तथा संबंधित व्यक्ति भूमि वापस पाने का अधिकारी रहेगा। आवेदक की अपील कमिश्नर जबलपुर के समक्ष विचार अधीन थी, जो कि 30 अप्रैल, 2000 को रिपील अधिनियम के तहत समाप्त हो गई थी। इसके उपरांत आवेदक ने सक्षम अधिकारी कलेक्टर जबलपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सीलिंग भूमि पर शासन की जगह उसका नाम दर्ज किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया था। उक्त आवेदन कलेक्टर द्वारा नियम व तरीके से यह कहते हुए निरस्त कर दिया की शासन द्वारा कब्जा लिया जा चुका है। अतः आवेदन आधारहीन है। सीलिंग अधिनियम की विहित धाराओं का पालन नहीं किया गया है। जबकि उक्त भूमि पर शासन ने भौतिक कब्जा नहीं लिया है आज भी आवेदक काबिज है।

## धर्मगुरू द्वारा अन्य धर्मगुरू व उनके परिवार पर अशोभनीय टिप्पणी करने का मामला

### हाईकोर्ट ने पुलिस को जांच करने के निर्देश दिए

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक धर्मगुरू द्वारा अन्य धर्मगुरू व उनके परिवार पर अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में पुलिस को जांच करने के निर्देश दिए। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने नए कानून नागरिक सुरक्षा संहिता की व्याख्या करते हुए पुलिस को निर्देश दिए कि जांच के बाद यदि संज्ञेय अपराध बनता है तो एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई करें। यदि संज्ञेय अपराध नहीं बनता है तो उसकी जानकारी शिकायतकर्ता को दें ताकि वह उचित फोरम की शरण ले सके। यहां बता दें कि विगत एक जुलाई को नए कानून लागू होने के बाद संभवतः यह पहला मामला है, जिसमें हाईकोर्ट ने कोई आदेश दिया है।

गोटेगांव निवासी अमीश तिवारी की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने गोटेगांव पुलिस में 7 मई को शिकायत की थी कि दतिया निवासी धर्मगुरू गुरूशरण शर्मा तमाम साधु संतों के विरुद्ध टीका टिप्पणियां करते हैं और उन्हें इंटरनेट मीडिया के माध्यम से वायरल करते हैं। कोर्ट को बताया गया कि गुरूशरण शर्मा ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के संबंध में अनादर पूर्वक संबोधन किया जिसमें अशोभनीय भाषा का उपयोग किया गया। श्री शास्त्री व उनके परिवार के लोगों के संबंध में अशोभनीय व लज्जा भंग करने जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया। इससे आहत होकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। अधिवक्ता दुबे ने दलील दी कि नए कानून भारतीय नागरिक संहिता की धारा 173 के तहत पुलिस का यह दायित्व है कि शिकायत मिलने के 14 दिन के भीतर जांच करे। यदि अपराध असंज्ञेय है तो शिकायतकर्ता को उसकी सूचना दे। ऐसा नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने नए कानून की व्याख्या करते

# री-डेन्सीफिकेशन कार्य के लिए कंसल्टेंट नियुक्त

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल के बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, एवं अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, विद्यानंद बाजपेय, प्रशांत गोटिया के साथ सभी उपायुक्त, सहायक आयुक्त, विभागीय प्रमुख एवं एम.आई.सी. सचिव के.सी. पाण्डे आदि उपस्थित रहे। बैठक के संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने बताया कि मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर विकास को लेकर बड़े महात्वपूर्ण निर्णय लिये गए। उन्होंने कहा कि री-डेन्सीफिकेशन कार्य के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने संबंधी प्रस्ताव मेयर इन काउंसलि की बैठक में पारित किये गए हैं। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि इसके लिए 5 अरब की डी.पी.आर. होगी तैयार। डी.पी.आर. के अनुसार शहर में बड़े पैमाने पर विकास के कार्य कराये जायेगें जिससे शहर की तस्वीर बदलेगी। महापौर ने यह भी बताया कि शहर के 1 लाख कनेक्शन हेतु सीवर लाइन की 1 हजार करोड़ रूपये की डी.पी.आर. बनकर तैयार है, आज उसपर चर्चा हुई और अगली एम.आई.सी. की बैठक में इसकी स्वीकृति प्रदान की जायेगी, सीवर लाइन प्रोजेक्ट के अंतर्गत तालाबों पर भी लगाये जायेगें एस.टी.पी. प्लांट। मेयर इन काउंसिल की बैठक में आज लीज के प्रकरणों को भी स्वीकृति प्रदान की अभी तक 500 से अधिक लीज के प्रकरणों में डेढ़ साल के अंदर मंजूरी दी जा चुकी है। मेयर इन काउंसिल की बैठक के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि शहर हित में लिये गए निर्णय के अलावा निगम के अधिकारियो कर्मचारियों के हित में भी अनेक निर्णय लिये गए और स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें छटवें वेतनमान से लेकर अतिथि शिक्षकों की नियुव्ति आदि लाभ शामिल है। मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर में 37 यूनीपोल एवं एल.ई.डी. स्क्रीन लगाने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी गई। प्रस्ताव मूलत एम.आई.सी. ने वापिस कर दिया है।

**मेयर इन काउंसिल की बैठक में मिली मंजूरी**

## शहर की वायु गुणवत्ता में आया भारी सुधारः निगमायुक्त

**जबलपुर।** जबलपुर शहर की वायु गुणवत्ता सुधार हेतु नगर निगम जबलपुर द्वारा निगमायुव्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार व्यापक एवं सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं और निगम का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा, ताकि शहर के नागरिक स्वच्छ वायु में अपने जीवन का आनंद ले सकें। निगमायुव्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि निगम प्रशासन के प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही नगर निगम जबलपुर त्यौहारों के समय शहर को स्वच्छ वायु गुणवत्ता कायम रखने में सफल हुआ है, प्रदेश के दूसरे शहरों की अपेक्षा जबलपुर की स्वच्छ वायु गुणवत्ता नागरिकों के लिए उत्कृष्ट है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे मध्यप्रदेश के शहरों में जबलपुर शहर की सर्वाधिक 27 प्रतिशत से अधिक का सुधार आया है, जिसमें भोपाल - 9 प्रतिश, ग्वालियर - 6 प्रतिश, एवं इंदौर - 9 प्रतिशत, का सुधार आया हैं।

**131 शहरों की तिमाही रैंकिंग में जबलपुर को मिला 8वॉ स्थान**

# मप्र हाई कोर्ट के सीजे का कार्यभार संभालेंगे वरिष्ठतम न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा

जबलपुर।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश शील नागू को पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसी के साथ मप्र हाई कोर्ट में पदस्थ वरिष्ठतम न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा को यहां मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार संभालने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इस तरह मप्र हाई कोर्ट में स्थायी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति तक न्यायमूर्ति सचदेवा कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बने रहेंगे।

उक्ताशय के दो आदेश गुरुवार को भारत शासन, विधि एवं न्याय विभाग द्वारा जारी कर दिए गए हैं। दरअसल, दिल्ली हाई कोर्ट में पदस्थ न्यायमूर्ति सचदेवा ने स्वेछा से स्थानांतरण चाहा था। जिसे स्वीकार करते हुए पिछले दिनों उन्हें मप्र हाई कोर्ट स्थानांतरित किया गया था। जबकि मप्र हाई कोर्ट में पूर्व में प्रशासनिक न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति शील नागू को मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ के सेवानिवृत्त होने के साथ ही मप्र हाई कोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त कर दिया गया था। हालांकि इससे पूर्व ही सुप्रीम कोर्ट कालेजियम उन्हें पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की अनुशंसा कर चुका था। लिहाजा, राष्ट्रपति की स्वीकृति मात्र प्रतीक्षित थी। गुरुवार को यह प्रक्रिया पूर्ण होते ही अधिसूचना जारी कर दी गई।

**जबलपुर में वकालत करते हुए बने हाई कोर्ट जज :** उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति नागू ने जबलपुर से वकालत का शुभारंभ किया था। 2011 में उन्हें मप्र हाई कोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। यहां कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनने के पूर्व प्रशासनिक न्यायाधीश की जिम्मेदारी निभा रहे थे।

**पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट से सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति आरएस झा भी जबलपुर के :** पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हुए न्यायमूर्ति आरएस झा भी जबलपुर में वकालत के बाद न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। लिहाजा, न्यायमूर्ति झा व नागू, दोनों का जबलपुर के विधि व न्याय जगत से गहरा जुड़ाव है।

**कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश शील नागू पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त**

## गैर कृषि विवि व कालेजों में कृषि पाठ्यक्रम शुरु करने के आदेश पर लगे रोक

**जबलपुर।** मप्र उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 20 जून 2024 को गैर कृषि विश्वविद्यालय व कालेजों में कृषि पाठ्यक्रम शुरु करने के आदेश पर रोक लगाये जाने को लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्ग दर्शक मंच की ओर से हाईकोर्ट में आवेदन पेश किया गया है।एनयूएमएम के डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि उनकी ओर से पूर्व में हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। जिसमें नियम विरुद्ध तरीके से कृषि पाठ्यक्रम शुरु किये जाने को चुनौती दी गई थी। दायर मामले में कहा गया था कि ऐसे कालेजों में कृषि पाठ्यक्रम शुरु किया गया है, जहां आयसीएमआर की संबद्धता नहीं और न ही स्टाफ और पर्याप्त भूमि है। इतना ही नहीं वे भारतीय कृषि अनुसंधान द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन भी नहीं करते। उक्त मामले में न्यायालय ने शासन से जवाब-तलब किया है। ऐसे में शासन को उक्त आदेश जारी नहीं करना चाहिये था।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को सफल बनाने उद्यमियों ने दिखाई गहन रूचि

**जबलपुर।** कलेवटर दीपक सवसेना ने रीजनल इंडस्ट्री कॉनवलेव को प्रभावी बनाने के लिये विभिन्न उद्यमियों व उद्योग संघों के पदाधिकारियों के साथ दो सत्रों में बैठक की। जिसमें प्रातः 11 बजे से 1.15 बजे तक एग्रीकल्चर एंड फूड प्रोसेसिंग, टेवसटाइल एंड गारमेंट, माइनिंग और डिफेंस से जुड़े उद्यमियों की बैठक कर आवश्यक चर्चा की। दूसरे सत्र शाम 4 बजे से शुरू हुआ जिसमें फर्नीचर, मिष्ठान, आईटी एवं इलेवट्रॉनिवस तथा टूरिज्म इंडस्ट्री से जुड़े उद्यमियों से भी चर्चा की गई। इस दौरान निवेश, रोजगार और व्यापार की दिशा में आने वाली समस्याओं पर चर्चा कर उन्हें दूर करने के प्रयास करने को कहा। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस कल्चरल एंड इंफार्मेशन सेंटर में 20 जुलाई को आयोजित होने वाले रीजनल इंडस्ट्री कॉनवलेव की सफलता के लिये सुझाव भी दिये। बैठक में कॉनवलेव में भाग लेने के लिये उद्यमियों का रजिस्ट्रेशन भी कराया गया। अभी तक लगभग 300 उद्यमियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। कलेवटर सवसेना ने रीजनल इंडस्ट्री कॉनवलेव में उद्यमियों की सहभागिता व रजिस्ट्रेशन के लिये बार कोड भी जारी किया है और कहा कि अधिक से अधिक उद्यमी अपना रजिस्ट्रेशन कराकर इंडस्ट्री कॉनवलेव में सहभागिता करें। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह तथा एमपीआईडीसी के जीएम एसएस संधु, कार्यकारी संचालक श्रीमती सृष्टि प्रजापति, जीएमडीआईसी विनीत रजक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कॉनवलेव की सफलता के लिये उद्यमियों ने इंडसट्रियल प्रमोशन पॉलिसी, सुविधाए और भूमि संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कहा कि औद्योगिक निवेश के लिये एक नोडल एजेंसी बनाई जाये, जिसमें ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से निवेश संबंधी सुविधाएं सुनिश्चित हों तथा समस्याओं का भी निराकरण हो। फूड पार्प बनाने की संभावनाओं पर ज्यादा जोर दिया गया। साथ ही मिल्क फार्मिंग को सशवत करने को कहा। उद्यमियों ने कहा कि राईस मिलिंग के ऑफ सीजन में बिजली संबंधी समस्याओं का निदान सुनिश्चित किया जाये। डिफेंस सेवटर में गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया और कहा कि डिफेंस इंडस्ट्री जियो पॉलिटिकल सिनेरियो के साथ-साथ विदेश नीति के आधार पर संचालित होते है। अतः जबलपुर क्षेत्र में कटनी, इटारसी और जबलपुर के रक्षा संस्थानों के जीएम के साथ बैठकर इस दिशा में आवश्यक विचार किया जाये। बैठक में उद्यमियों ने अपनी आवश्यकताएं, समस्याएं, सरकारी नीति, कुशल श्रमिक और सुविधाएं आदि मुद्दों पर चर्चा किया।

**हुए 300 से अधिक रजिस्ट्रेशन**

## निरन्दपुर ग्राम पंचायत की सरपंच और सचिव के वित्तीय अधिकार वापस लिये

# शासकीय राशि के गबन और दुरुपयोग पर की सख्त कार्रवाई

जबलपुर।

जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा पौधारोपण में शासकीय राशि का दुरुपयोग एवं गबन करने के आरोप में पनागर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत निरन्दपुर की सरपंच श्रीमती अर्चना पटैल एवं इस ग्राम पंचायत के सचिव राजेश पटैल के वित्तीय अधिकार वापस ले लिये हैं। इस मामले में गबन की गई कुल 5 लाख 22 हजार 695 रुपये गबन की गई राशि की वसूली की कार्यवाही जिला पंचायत सीईओ के न्यायालय में प्रचलन में है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा यह कार्यवाही ग्राम पंचायत निरन्दपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना



एवं पौधारोपण में हुये भ्रष्टाचार की प्राप्त शिकायतों को जाँच में प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर की गई है। शिकायतों की जांच जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत पनागर की टीम से कराई गई थी। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच में यह पाया गया कि ग्राम पंचायत निरंदपुर में सरपंच एवं सचिव ने वित्तीय अधिकारों का दुरुपयोग कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तीन हितग्राहियों को मजदूरी की राशि का भुगतान नहीं किया । बल्कि उनसे बिना सहमति पत्र लिये मस्टर रोल में अन्य लोगों का नाम चढ़ाकर 35 हजार 152 रुपये की मजदूरी की राशि निकाल ली गई । इसी प्रकार ग्राम पंचायत में पौधारोपण के नाम पर सरपंच एवं सचिव ने 4 लाख कार्य में स्थल पर 69 हजार 183 रुपये की मनरेगा की राशि का गबन किया गया। सरपंच और सचिव द्वारा जहाँ पौधारोपण होना बताया गया जाँच में वहाँ न तो गढ्ढे मिले और न ही पौधे लगे पाये गये।

## 458 वाहन चालकों से पुलिस ने वसूला 1.5 लाख से अधिक जुर्माना

**जबलपुर।** जिला पुलिस बल द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कल रात 9 बजे से देर रात 12 बजे बजे तक सभी शहरीय व देहाती क्षेत्रों के चौराहे चौराहे प्वाइंट लगाकर, बिना नम्बर, अमानक नम्बर और तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। इस दौरान 1 लाख 69 हजार 400 रुपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें 458 वाहन चालकों के चालान किये गये। इस पूरी कार्यवाही में अतिरिव्त पुलिस अधीक्षकों ने अपने अपने अनुविभाग में भ्रमण कर कार्यवाही की मानीटरिंग की।

# रेलवे के हैंडलिंग एजेंट से 12 साल पुरानी पेनल्टी वसूली

जबलपुर।



जबलपुर रेल मंडल में एक हैंडलिंग एजेंट द्वारा दिनांक 24 नवंबर 2011 को एक रेक को अनलोडिंग के लिए कछपुरा गुड्स शेड पर रखा गया था। किसी कारण अनलोडिंग का कार्य देरी से पूरा किया गया। जिस पर रेलवे ने चार लाख रुपये की पेनल्टी लगाई। सीनियर डीसीएम डॉक्टर मधुर वर्मा ने जानकारी दी की हैंडलिंग एजेंट द्वारा दायर रिट याचिका पर उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा दिनांक 20 दिसंबर 2023 को एक आदेश पारित किया गया था। आदेश के अनुसार, 'यदि याचिकाकर्ता आदेश की तारीख से 15 दिनों की अवधि के भीतर सक्षम प्राधिकारी को एक नया प्रतिनिधित्व दाखिल करता है, तो प्राधिकारी उस पर कानून के अनुसार विचार करेगा और निर्णय लेगा।' लेकिन हैंडलिंग एजेंट उपरोव्त आदेश का पालन करने में विफल रहा।जिसके परिणाम स्वरूप इस प्रकरण में कोर्ट के आदेश के बावजूद भी राज राजेश्वर (हैंडलिंग एजेंट) द्वारा उपरोव्त बकाया जमा नहीं करने पर कछपुरा मालगोदाम में आये हुए माल की बोरिया को अखिलेश कुमार नायक के आदेश पर डिलीवरी रोकने की कार्यवाही करने के परिणाम स्वरूप रेलवे का जो 12 साल पुराना बकाया 4 लाख रुपया बाकी था जिसे रेलवे में जमा करवाया गया।

## कांग्रेस पार्षदों ने महापौर कार्यालय के सामने कचरा किया डंप

# डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन ठप्प, सड़कों पर जमे कचरों के ढेर

**जबलपुर। शहरीय क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाली गाड़ियां सड़कों पर नहीं निकली। कहा जा रहा है कि कचरा कलेक्शन का ठेका लेने वाली एस्सेल कंपनी ने अपने कर्मचारियों को तीन महीनें से वेतन नहीं दिया। जिससे सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। इसके बाद शहर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई। नगर निगम ने अपने संसाधन से सफाई कराने का प्रयास किया, लेकिन 79 वार्डों के 10 फीसद हिस्सों तक भी नगर निगम के संसाधन नहीं पहुंच सके। हालत यह हो गई कि विपक्ष के पार्षदों ने कचरा नगर निगम महापौर के कार्यालय के सामने डंप कर दिया।**

### ठेकेदार की जिम्मेदारी

स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम संभालने वाली एजेंसी को हर माह की 5 तारीख को पेमेंट हो जाती थी लेकिन फंड की कमी होने के कारण पिछले माह पेमेंट नहीं हो पाई। ऐसे में शर्त के मुताबिक ठेकेदार को मैनेज करना था लेकिन उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि एजेंसी से बात चल रही है कि जल्द ही पेमेंट कर दी जाएगीऔर जब आउटसोर्स वाले काम नहीं करते, हम अपने कर्मियों से काम कराएंगे।

### भुगत रहे गरीब सफाई कर्मी

सफाई कर्मियों ने कई पूर्व ही हड़ताल की सूचना दी थी। गुरुवार को जहां सफाई कर्मियों ने काम नहीं किया, वहीं अलग अलग जोन कार्यालयों में एकत्रित होकर प्रदर्शन भी किया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि टेंडर की शर्तें क्या हैं और क्या नहीं , ठेकेदार के पास बेकअप है या नहीं लेकिन हमारे पास एक दिन का भी बैकअप नहीं है, इसलिए हमारी पेमेंट जल्द से जल्द कर दी जाए। गौरतलब है शहर को साफ रखने वाले जमीनी सफाई कर्मी आर्थिक रूप अत्यंत गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। रोज कमाओ और रोज खाओ वाली स्थिति में एक हफ्ते का लेट भी उनके लिये जानलेवा हो जाता है। यह कर्मी पहले ही अधिकारियों और ठेकेदार के गठजोड़ में आधी अधूरी तंख्वाह पाकर गुजारा करते हैं। जब यह सैलरी भी हफ्तों और कभी कभी महीनों लेट होती है तो उनके घरों के चूल्हे औंध जाते हैं।

### कमिश्नर कार्यालय में फेंका कचरा

कांग्रेस पार्षद दल ने शहर में बिगड़ी सफाई व्यवस्था पर विरोध जताया और शहर का कचरा नगर निगम कमिश्नर कार्यालय के सामने लाकर उड़ेल दिया। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा पूरे शहर में वेतन न मिलने के कारण डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य ढप पड़ा हुआ है । लोगों के घरों से कचरा नहीं उठ रहा है। लोग कचरा, घरों के बाहर या नालियों में फेंक रहे हैं।पूरा शहर कचरे के ढेर पर बैठा हुआ है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम से महापौर बेफिक्र है। उप नेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी ने कहा जनता की मूलभूत सुविधाओं से नगर सत्ता को कोई भी सरोकार नहीं है। एक और जहां घरों में कचरा इकट्ठा हो रहा है। वहीं दूसरी ओर इन कचरो से बीमारियां भी फैल रही है। कांग्रेस पाषर्दल अयोध्या तिवारी, संतोष दुबे पांडा गुलाम हुसैन, राकेश पांडे, सतेंद्र चौबे गुड्डा, प्रमोद पटेल, मुकीमा याकूब अंसारी, विधायक प्रतिनिधि संजय अहिरवार, तेज कुमार भगत, नन्हे पटेल, शशांक यादव बिट्टू पवन चौकसे के द्वारा घरों से कचरा इखाठा कर नगर निगम मुख्यालय में पहुंचे और महापौर कार्यालय के बाहर कचरा फेंक कर अपना विरोध दर्ज कराया और नारेबाजी की साथ ही ही यह मांग की है की अति शीघ्र कचरा कलेक्शन का कार्य प्रारंभ किया जाए। कांग्रेस पार्षदों ने कहा कर्मचारियों के रुके हुए वेतनमान को दिया जाए अगर 24 घंटे के अंदर व्यवस्था को ठीक नहीं किया गया तो पूरे शहर में आंदोलन किया जाएगा।



## महादेवी के 10 महाविद्या स्वरुपों की होगी आराधना

# आषाढ़ गुप्त नवरात्र वृद्धि योग में कल से

### इस बार घोड़े पर सवार होकर आएंगी माता

जबलपुर।

हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्र की शुरुआत छह जुलाई, शनिवार से होगी। उस दिन वृद्धि योग बनेगा। पं शिवशंकर तिवारी ने बताया कि इस बार आषाढ़ गुप्त नवरात्र नौ नहीं बल्कि 10 दिनों की होगी, ऐसा चतुर्थी तिथि की वृद्धि होने के कारण होगा। जो कि 15 जुलाई तक रहेगी। नवरात्र मां दुर्गा की 10 महाविद्याओं की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि देवी की पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। साथ ही यह दिन तंत्र विद्या के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। साथ ही यह साधना गुप्त रूप से की जाती है। मान्यता है कि अगर कोई साधक अपनी साधना को किसी दूसरे व्यक्ति को बता देता है, तो पूजा का फल नष्ट हो जाता है।

जिस वार से नवरात्र शुरू होती है, उसके अनुसार देवी का वाहन निश्चित होता है। चूंकि इस बार आषाढ़ गुप्त नवरात्र का पर्व



छह जुलाई, शनिवार से शुरू हो रहा है, इसलिए देवी का वाहन घोड़ा है। देवी का ये वाहन शुभ नहीं माना जाता। ऐसा होने से पड़ोसी देशों से विवाद की स्थिति बनने का खतरा रहता है।

### आषाढ़ गुप्त नवरात्र तिथि और शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्र की शुरुआत छह जुलाई, दिन शनिवार को होगी। वहीं, इसका समापन 15 जुलाई, दिन सोमवार को होगा। वैदिक पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह के प्रतिपदा तिथि की शुरुआत छह जुलाई सुबह चार बजकर 25 मिनट पर आरंभ होगी और इसका अंत सात जुलाई सुबह चार बजकर 25 मिनट पर होगा।

### कलश स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त

कलश की स्थापना छह जुलाई सुबह पांच बजकर 11 मिनट से लेकर सात बजकर 26 मिनट पर करना अच्छा होगा। वहीं अभिजीत मुहूर्त पर भी कलश स्थापना की जा सकती है, जो सुबह 11 बजे से लेकर 12 बजे तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना करना बेहद शुभ माना जाता है।



## भक्तों ने किया श्रीविट्ठल रखुमाई श्रीविग्रह का पूजन-अर्चन व आरती

**जबलपुर।** पंढरपुर महाराष्ट्र के श्रीहरि विठ्ठल रखुमाई की 18 दिवसीय महोत्सव विगत 10 वर्ष से आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल जबलपुर आषाढ़ी देवशयनी एकादशी को विठ्ठल वारी यात्रा जबलपुर में निकालता है। आगामी 16 जुलाई आषाढ़ी एकादशी को प्रति वर्ष अनुसार होने वाली प्रसिद्ध वारी यात्रा के क्रम में चक्रीय आरती व हरिनाम संकीर्तन यात्रा के छटवें दिन दुर्गा मंदिर गुलौआ चौक से यात्रा महाआरती संकटमोचन हनुमान मंदिर कछपुरा ब्रिज में संपन्न हुई। श्री क्षेत्र पंढरपुर से पधारी भगवान विट्ठल रखुमाई जी का श्रीविग्रह एवं संत ज्ञानेश्वर जी महाराज की पादुका पूजन, महाआरती, संकटमोचन हनुमान मंदिर कछपुरा ब्रिज में संपन्न हुई।चक्रीय आरती श्रीहरि विठ्ठल रखुमाई माता के पूजन में डा स्वाति सदानंद गोडबोले, जया पागे,प्रिया संजय तिवारी, पूजा श्रीराम पटेल, रंजना वर्तक, भारती बलापुरकर, मंजूश्री मैराल,छाया, राजेश विसपुते, संदीप पंराजपे, विनायक वानखेड़े,प्रवीण विप्रदास, संतोष गोडबोले, प्रवीण मजूमदार, निशिकांत, राजेश तोपखाने वाले, किशोर कलमकर, भास्कर वर्तक, विध्येश भापकर, प्राजक्ता विप्रदास, प्रांजलि, सहित बड़ी संख्या में वारकरी भक्त उपस्थित रहे।

## रक्षा मंत्री से सांसद एवं विधायक ने की भेंट

**जबलपुर।** भारत सरकार के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से सांसद आशीष दुबे एवं विधायक केण्ट अशोक रोहाणी ने सौजन्य भेंट की। विगत कुछ माहों से सोशल मीडिया एवं अन्य समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी आई है कि देश के समस्त केण्टोंमेंट बोर्ड को नगर पालिक निगम में शामिल करने की प्रक्रिया प्रचलन में है, जिसमें बोर्ड से संबंधित बगीचों एवं बंगलों को भी शामिल किया जाये केण्ट विधानसभा के गोराबाजार से भोंगाद्वार तक रोड अत्यंत जर्जर है इसे बनाने के लिये मध्यप्रदेश शासन ने राशि रु.658 स्वीकृत की है उपरोक्त सड़क को बनाने की अनुमति केण्ट बोर्ड प्रशासन को जनहित में दी जाये, यह सड़क रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन आती है। इसी प्रकार एंपायर टॉकीज से भारत माता चौक से होकर बनने



वाले ओव्हर ब्रिज का राज्य शासन के माध्यम से जो स्वीकृति के लिये है इसका भी अनापत्ति प्रमाण पत्र रक्षा विभाग को दिया जाना है, भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ केंट बोर्ड के नागरिकों को प्राप्त हो। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी बोर्ड की निवासियों को प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जबकि यह आवास योजना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है सेक्टर के अंतर्गत दुकानों का किराया अत्याधिक बढ़ा दिया गया है। बढ़ाये गये किराये को कम करने के लिये भी इस संबंध में निराकरण हेतु आश्वासन मिला है, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जनहित की समस्याओं परध्यान देते हुए तत्काल उसके निराकरण हेतु आश्वासन दिया है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल उपस्थित रहे।

### डीएन जैन महाविद्यालय में त्रिदिवसीय दीक्षा आरंभ कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** डीएन जैन महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव के रूप में तीन दिवसीय दीक्षा आरंभ कार्यक्रम 01 जुलाई से 03 जुलाई तक आयोजित किया गया। प्रथम दिवस मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. बीएम शुक्ला ने नई शिक्षा पद्धति एवं महाविद्यालय की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. तरुण वाजपेयी ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय का परिचय दिया। द्वितीय दिवस कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शिखा ताम्रकार ने तथा तृतीय दिवस डॉ. एचएन मिश्रा ने नई शिक्षा नीति के साथ ही एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद, करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, छात्रवृत्ति व समस्त शासकीय योजनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ सहित नव प्रवेशित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## माहेश्वरी समाज के जरूरतमंद व्यक्ति को सेवा न्यास देगा त्वरित सहायता

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र के 18 जिलों में निवासरत जरूरतमंद परिवारों की सहायतार्थ गठित श्री अंशुल झंवर मध्यप्रदेश महेश सेवा न्यास की आयोजित सभा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। माहेश्वरी मंडल जबलपुर के आतिथ्य में आयोजित इस सभा का आयोजन गत दिवस महेश भवन, गोपालबाग में किया गया। न्यास अध्यक्ष विश्वमोहन ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के किसी भी जिले से प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार बिना विलम्ब सहायता प्रदान की जायेगी। हमारी कोशिश होगी कोई भी आवेदन वापिस ना जाये। उनको सहायता प्रदान कर हम कृतज्ञ होंगे। उपसभापति (मध्यांचल) विजय



राठी ने उम्मीद जताई कि श्री विश्वमोहन के नेतृत्व में न्यास को मजबूती प्रदान होगी, न्यास आर्थिक रूप से और सुदृढ़ और समक्ष होगा। प्रदेश अध्यक्ष अतुल माहेश्वरी ने कहा कि न्यास के साथ प्रदेशसभा कदम से कदम मिलाकर चलेगी। न्यास की आर्थिक सुदृढ़ता हेतु सदैव तत्पर है। आय-व्यय कोषाध्यक्ष चतुर्भुजदास मालपानी द्वारा प्रस्तृत किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा गिरिराज चाचा द्वारा तैयार की गई। इस अवसर पर ड्राइंग कॉम्पीटीशन बच्चों हेतु एवं आम के व्यंजन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विजेताओं को प्ररूपकृत किया गया। 21 नये ट्रस्टी भी सम्मिलित हुये।

## बजट में शासकीय कर्मचारियों की टोकरी खाली

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासकीय कर्मचारियों के लिए कुछ विशेष नहीं है, न ही केन्द्र के बराबर डी.ए. दिये जाने की बात की गई न ही कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने के लिए कोई आयोग बैठाने की बात की गयी और न ही विसंगति दूर होने के बाद शासन के वित्तीय भार की बात की गई, जो कि अत्यंत खेद का विषय है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, दिनेश गोंड, हेमंत ठाकरे, राकेष श्रीवास, फिलिप अन्थोनी, राजेश सहारिया, मनमोहन चौधरी, रऊफ खान, एनोस विक्टर, सुरेन्द्र चौधरी, उमेष सिंह ठाकुर, गुडविन चाल्र्स, संतोष चौरसिया, विनोद सिंह, राजकुमार यादव, सुधीर अवधिया, धनराज पिल्ले, अषोक राय, सुनील झारिया, ओम प्रकाष झारिया, रामकुमार कतिया, आषा राम झारिया, मनीष मिश्रा, सुधीर पावेल, राजेन्द्र सिंह, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, रवि जैन, नेतराम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, विनय रामजे, आषीष कोरी आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अधिकारी, कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यान दिया जाए।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा का सिहोरा में किया गया भव्य स्वागत

**सिहोरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एंव खजुराहो से नव निर्वाचित सांसद विष्णु दत्त शर्मा के सिहोरा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य आत्मीय स्वागत किया। विदित हो की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से विजय श्री हांसिल की है तथा वे बिलहरी में कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने जा रहे थे इसके पहले लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा क्षेत्र बहोरीबंद से विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने अपने पहरेवा स्थित निवास स्थान पर उनका शानदार स्वागत किया। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष एंव सांसद श्री शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने स्वागत करने के बाद शाल एंव स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक प्रणय प्रभात पांडे, राजेश दाहिया, माधव मिश्रा, अनुपम सराफ, प्रवीण कुररिया, राजा ठाकुर, अखलेश बैरागी, वीरेंद्र पटेल आदि उपस्थित थे।





## रमेश पहलवान पनागर केशरी सहित अन्य खलीफा किए गए सम्मानित

**जबलपुर।** जिला अमेच्योर शरीर सौष्ठव स्पर्धा 2024 के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय जबलपुर श्री केशरी कुश्ती प्रतियोगिता 2024 में जबलपुर की कुश्ती कला को गौरवान्वित करने वाले संस्कारधानी के पहलवान रमेश पहलवान पनागर केशरी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जगदीश खलीफा, अशोक पहलवान, सुरेश पहलवान, मनोज पहलवान, मुकेश खलीफा, गिरवर खलीफा, निम्मा खलीफा, कल्लू पहलवान, विनय पहलवान आदि का भी सम्मान किया गया।



### नरसिंह मंदिर में संतों ने किया रुद्राक्ष के पौधे का रोपण

**सिहोरा।** पौधारोपण कर प्रकृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्राचीन सिद्ध स्थल नरसिंह टेकरी खितौला में संतो ने देव वृक्ष रुद्राक्ष के पौधे का रोपण कर प्रकृति की रक्षा का संदेश दिया तथा कहा कि यह सजी धजी धरा का श्रृंगार वृक्ष हैं। इस अवसर पर मंदिर के महंत स्वामी गोविन्ददास जी महाराज पुजारी बांके बिहारी दास,लखन लाल पांडे,अनिल पांडे,बसंत परौहा,अभिषेक उपाध्याय आदि उपस्थिति थे।



## अक़ीदत से निकला चादर जुलूस

**जबलपुर।** उपरैनगंज स्थित हजरत चांद शाह वली रहमतुल्ला अलैह के उर्स के दूसरे दिन मौलाना की गली स्थित मरहूम वली मोहम्मद के निवास से संदल जुलूस निकाला गया। जुलूस मे हिंदु मुस्लिम धर्मालवंबी शामिल हुए और कौमी एकता की मिशाल पेश की। बैंडो की सुमधुर धुन पर नातिया कलाम पेश किये जा रहे थे और अकीदतमंद नजराना पेश कर रहे थे। प्रमुख मार्गो से गस्त करते हुए जुलूस दरगाह शरीफ पहुँचा, जहाँ परंपरानुसार मजार शरीफ पर चादर पोशी व गुल पोशी की रश्म अदा की गई। तत्पश्चात नजरों न्याज़ पेश की और तबरुख तक़सीम किया गया।

## प्रगतिशील लेख संघ का आयोजन आज और कल

**जबलपुर।** मीर तकी मीर के 300वें जन्म वर्ष में उनके स्मरण, रचना पाठ एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन प्रगतिशील लेखक संघ मप्र जबलपुर द्वारा किया गया है। 05 व 06 जुलाई को यह कार्यक्रम कला वीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय में होंगे। कार्यक्रम में मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा भवभूति अलंकरण से सम्मानित डॉ. कुंदन सिंह परिहार का अभिनंदन किया जाएगा। प्रगतिशील लेखक संघ के सचिव अजय यादव ने सभी साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **MOHAMMAD SALAUDDIN PATEL** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I SHALL BE KNOWN AS **MOHD SALAHUDDIN MEHTAB PATEL** S/O MOHAMMAD SARFARAZ MIYA PATEL RESIDENT OF PLOT NO. 242, RAJUL DREAM CITY, AMKHERA, ADHARTAL, JABALPUR (M. P.) 482002.

**(नाम सुधार की सूचना)**

मैं नवीन दुबे उम्र लगभग 27 वर्ष पिता ओंकार प्रसाद दुबे निवासी - म.नं. 13, जानकी नगर कॉलोनी, महाराज अग्रसेन वार्ड बल्देवबाग जबलपुर (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि :-1) मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। 2) यह शपथ पत्र पासपोर्ट बनवाने हेतु बनवा रहा हूँ । 3) यह कि मेरी कक्षा 10वी, एवं 12वी की अंकसूची में मेरे पिता के नाम की स्पेलिंग ओंकार दुबे (AOUMKAR DUBEY) लिखी है जो कि गलत है तथा मेरे सभी शासकीय दस्तावेज आधार कार्ड पेन कार्ड और अन्य अंकसूची में मेरे पिता का नाम ओंकार प्रसाद दुबे (OMKAR DUBEY) है ।जो सही एवं सत्य है । अतः आज दिनांक से मुझे नवीन दुबे पिता ओंकार प्रसाद दुबे के नाम से जाना एवं पहचाना जावे ।

### निधन

**श्रीमती जमना बाई शाक्य-** पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री करोड़ी लाल शाक्य की धर्मपत्नी श्रीमती जमना बाई शाक्य (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई सोनकर-** भरतीपुर निवासी श्री छोटे लाल सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई सोनकर (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमित्रा पासी-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री चंदन पासी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा पासी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन लाल प्रजापति-** सेठ गोविंददास वार्ड लालमाटी निवासी श्री मोहन लाल प्रजापति का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरुण कुमार यादव-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री आरपी यादव के पुत्र श्री अरुण कुमार यादव (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गायत्री जायसवाल-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री उमेश जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री जायसवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री पूर्वी राजपूत-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री रोशन सिंह राजपूत की पुत्री सुश्री पूर्वी राजपूत (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दौलतराम कोल-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दौलतराम कोल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रेमलता ठाकुर-** छापर रामपुर निवासी श्री त्रिलोकी ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता ठाकुर (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कृपा शंकर तिवारी-** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री कृपा शंकर तिवारी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रोहित यादव-** करोंदी रांझी निवासी श्री रोहणी यादव के पुत्र श्री रोहित यादव (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुंगधबाला श्रीवास्तव-** भटोली ग्वारीघाट निवासी श्री विष्णु प्रसाद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सुंगध बाला श्रीवास्तव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रूचि ठाकुर-** मणीराम का बगीचा गोराबाजार केंट निवासी श्री मुन्ना लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रूचि ठाकुर (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती काशी बाई सिंह सोलंकी-** राधाकृष्णन वार्ड चौथ वाले बाबा के पास निवासी श्री मणिराज सिंह सोंलंकी की धर्मपत्नी श्रीमती काशी बाई सिंह सोलंकी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं गेंदा लाल (GENDA LAL) आत्मज स्व. श्री रूपा लाल उरैती (RUPA LAL UREATI) ग्राम अमठेरा पो. बिलगांव थाना व तहसील शहपुरा जिला डिण्डौरी म.प्र. का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर के अन्तर्गत माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर सुरक्षा कंपनी में आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, दसवी की अंकसूची पुलिस पहचान पत्र एवं ड्राईविंग लाइसेंस में मेरा नाम गेंदा लाल उरैती (GENDA LAL UREATI) आत्मज स्व. श्री रूपा लाल उरैती (RUPA LAL UREATI) दर्ज है, एवं मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गेंदा लाल (GENDA LAL) आत्मज स्व. श्री रूपा लाल उरैती (RUPA LAL UREATI) दर्ज है।ये दोनों नाम मेरे स्वयं के है।अत: मेरे सभी शासकीय/ अर्द्धशासकीय एवं अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम गेंदा लाल (GENDA LAL) के स्थान पर गेंदा लाल उरैती (GENDA LAL UREATI) आत्मज स्व. श्री रूपा लाल उरैती (RUPA LAL UREATI) जाना पहचाना लिखा पढ़ा जावें।

जबलपुर, दिनांक-04.07.2024
पुराना नाम-गेंदा लाल
(OLD NAME-GENDA LAL)
नया नाम- गेंदा लाल उरैती
(NEW NAME-GENDA LAL UREATI)
आत्मज स्व. श्री रूपा लाल उरैती (RUPA LAL UREATI)
स्थाई पता- ग्राम अमठेरा पो. बिलगांव थाना व तहसील शहपुरा जिला डिण्डौरी म.प्र.। 6वीं वाहिनी विसबल जबलपुर म.प्र. माननीय उच्च न्यायालय सुरक्षा कंपनी जबलपुर। पद-आरक्षक

न्यायालय शिवाली सिंह पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग अधारताल जिला जबलपुर
राजस्व प्रकरण क्रमांक/01/बी-113/2024-2025 प्रारूप-4
(सूचना पत्र नियम-5 (1) देखिए)
म.प्र. लोकन्यास अधिनियम 1951 की धारा 4 के अंतर्गत

चूँकि प्रकरण में आवेदक न्यास पिंजरापोल गौशाला चेरिटेबल न्यास रानीताल जिला जबलपुर द्वारा अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल पिता स्व. बालकृष्ण अग्रवाल नि.- 20 ए नया गावं हाउसिंग सोसायटी जबलपुर के द्वारा लोक न्यास पंजीयन क्र. 333 है प्रशांत अग्रवाल पिंजरापोल गौशाला चेरिटेबल न्यास के अध्यक्ष है मधुसूदंन अग्रवाल ने अस्वस्थता के कारण दिनांक 13.06.2024 को इस्तीफा दिया एवं नरेश पटेल ने व्यपारिक व्यस्तता के कारण स्वेच्छापूर्वक दिनांक 14.06.2024 को त्याग पत्र दिया। जिन्हें न्यास की बैठक दिनांक 15.06.2024 में स्वीकार किया गया एवं दो नवीन न्यासी मनीष अग्रवाल पिता मधुसूदन अग्रवाल नि.- 127 नेपियरटाउन जबलपुर एवं महेश तखतानी पिता देवीदास तखतानी नि.- ओजस इम्पीरियर बंदरिया तिराहा जबलपुर को नवीन न्यासी के रूप में नियुक्त किये जाने हेतु एवं मधुसूदन अग्रवाल के अस्वस्थ्यता के कारण कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था अत: उनके स्थान पर राजीव अग्रवाल न्यासी को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किये जाने से न्यास पंजी संसोधन का अनुतोष आवेदन के माध्यम से चाहा है। अतः एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 15.07.2024 को विचार के लिए नियत है कोई भी व्यक्ति/ संस्था उक्त न्यास या संपत्ति में हित रखता हो और उक्त नियुक्ति के बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/ दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक, या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों/ दावों/ सुझावों पर कोई विचार के लिए ग्राह्य नहीं किया जावेगा। जारी दिनांक 28.06.2024 पेशी दिनांक 15.07.2024 मोहर (शिवाली सिंह)
पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग आधारताल जबलपुर

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं रामचरण लोधी (RAMCHARAN LODHI) आत्मज श्री जीवन लाल लोधी (JEEVAN LAL LODHI) ग्राम कोठी टोला, पो.-दिया, तहसील - पन्ना जिला- पन्ना (म.प्र.) का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर के अन्तर्गत माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर सुरक्षा कंपनी में आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ। मेरे आधार कार्ड , पेन कार्ड दसवी/बारहवीं की अंकसूची, न्यू डिजिटल जाति प्रमाण पत्र, न्यू डिजिटल निवास प्रमाण पत्र, पुलिस पहचान पत्र में मेरा नाम रामचरण लोधी (RAMCHARAN LODHI) आत्मज श्री जीवन लाल लोधी (JEEVANLAL LODHI) दर्ज है, एवं मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रामचरण लोध (RAMCHARAN LODH) आत्मज श्री जीवन लाल लोधी (JEEVAN LAL LODHI ) दर्ज है। ये दोनों नाम मेरे स्वयं के है। अतः मेरे सभी शासकीय/ अर्द्धशासकीय एवं अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम रामचरण लोध (RAMCHARAN LODH) के स्थान पर रामचरण लोधी (RAMCHARAN LODHI) आत्मज श्री जीवन लाल लोधी (JEEVAN LAL LODHI) जाना पहचाना लिखा पढ़ा जावें।

स्थान:-जबलपुर
दिनांक:-04.07.2024
पुराना नाम -रामचरण लोध
(OLD NAME-RAMCHARAN LODH )
नया नाम - रामचरण लोधी
(NEW NAME- RAMCHARAN LODHI)
आत्मज श्री जीवन लाल लोधी-(JEEVAN LAL LODHI)
स्थाई पता- ग्राम कोठी टोला पो. दिया तहसील पन्ना जिला- पन्ना म.प्र. पिन कोड-488001 -6वीं वाहिनी विसबल जबलपुर म.प्र. माननीय उच्च न्यायालय सुरक्षा कंपनी जबलपुर -पद-आरक्षक

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का ऋण वितरण 19 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में ऋण वितरण 19 प्रतिशत बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। 30 जून, 2023 के अंत तक बकाया ऋण 1.75 लाख करोड़ रुपये था।

### आइनॉक्स विंड का शेयर 14 फीसदी से अधिक चढ़ा




**नई दिल्ली।** पवन ऊर्जा सेवा प्रदाता कंपनी आईनॉक्स विंड के शेयर में बृहस्पतिवार को सुबह के कारोबार में 14 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। प्रवर्तक आईनॉक्स विंड एनर्जी के कंपनी में 900 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा के बाद इसके शेयर में उछाल आया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर शेयर 14.45 प्रतिशत बढ़कर 163.07 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।

### श्रीलंका ने बांडधारकों के साथ किया समझौता



**कोलंबो।** श्रीलंका के वित्त मंत्रीशेहन सेमसिंघे ने बृहस्पतिवार को कहा कि लंबी बातचीत के बाद द्वीप राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय संप्रभु बॉन्डधारकों के साथ ऋण पुनर्गठन समझौते पर पहुंच गया है। उन्होंने इसे नकदी की कमी से जूझ रहे देश में ऋण स्थिरता को बहाल करने के प्रयासों में एक ''महत्वपूर्ण कदम'' बताया।

### एमएनआरई का वित्त पोषण के लिए दिशानिर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत परीक्षण सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और संस्थागत समर्थन के वित्तपोषण के लिए योजना दिशानिर्देश जारी किए हैं। इस योजना का कुल बजट 200 करोड़ रुपये होगा और इसे वित्त वर्ष 2025-26 तक लागू किया जाएगा।

### सेल के पूर्व प्रमुख वर्मा श्याम मेटलिक्स में एमडी नियुक्त

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक चंद्र शेखर वर्मा को श्याम मेटलिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड ने अपना स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। वर्मा रणनीतिक सलाहकार बोर्ड में शामिल होंगे सभी प्रमुख निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेंगे।

### रियल एस्टेट कारोबार को अलग करेगी रेमंड




**नई दिल्ली।** कपड़ा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी रेमंड लिमिटेड शेयरधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने तथा भारतीय संपत्ति बाजार में वृद्धि की संभावनाओं का दोहन करने के लिए अपने रियल एस्टेट कारोबार को अलग करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने रेमंड लिमिटेड (अलग हुई कंपनी) और रेमंड रियल्टी लिमिटेड और उनके संबंधित शेयरधारकों की व्यवस्था की योजना को मंजूरी दे दी है। रेमंड लिमिटेड में प्रत्येक एक शेयर के बदले रेमंड रियल्टी का एक शेयर मिलेगा।

# सीजेआई ने तेजी के बीच सेबी व सैट को दी सतर्क रहने की सलाह

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछाल के बीच सावधानी बरतने की बृहस्पतिवार को सलाह दी। उन्होंने अधिक न्यायाधिकरण पीठों की भी वकालत की ताकि इनकी 'स्थिर नींव' सुनिश्चित की जा सके। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यहां नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का उद्घाटन करते हुए अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने पर विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि अधिक मात्रा में लेन-देन तथा नए नियमों के कारण कार्यभार बढ़ गया है।

- सीजेआई ने और अधिक न्यायाधिकरण पीठों की वकालत की

**प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, बाजार में उछाल के बीच सावधानी जरूरी**

#### सैट ने अब तक 6700 मामले निपटाए

सीजेआई ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और सैट जैसे अपीलीय मंच के स्थिर तथा पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने के पीछे उनका 'अत्यधिक राष्ट्रीय महत्व' हैं। सैट के पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्ति पी. एस. दिनेश कुमार ने कहा कि सैट में 1,028 अपीलें लंबित हैं। 1997 में अपनी स्थापना के बाद से इसने 6,700 से अधिक अपीलों का निपटारा किया है।



#### समय पर त्रुटियां सुधारना जरूरी

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में समय पर कार्रवाई और त्रुटियों को सुधारना बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधान न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सैट की नई वेबसाइट भी पेश की। इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्षेत्र में प्रगति के साथ न्याय तक पहुंच की अवधारणा पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

#### संतुलन व धैर्य बनाए रखे

बीएसई के 80,000 अंक का आंकड़ा पार करने को उल्लास से भरा क्षण बताने वाली खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं नियामक प्राधिकरणों के लिए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती हैं कि जीत के बीच हर कोई अपना 'संतुलन व धैर्य' बनाए रखे।

#### संस्थान की नींव स्थिर रहे

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'आप शेयर बाजार में जितनी अधिक तेजी देखेंगे, मेरा मानना है कि सेबी तथा सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी। ये संस्थान सतर्कता बरतेंगे, सफलताओं का जश्न मनाएंगे लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इसकी नींव स्थिर रहे।'

### रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

# 11 सालों के हाई पर पहुंची घरों की बिक्री, लग्जरी और प्रीमियम हाउसिंग की सबसे ज्यादा डिमांड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रियल एस्टेट कंसलटेंट नाइट फ्रैंक इंडिया ने साल 2024 की पहली छमाही के लिए इंडिया रियल एस्टेट फ्लैगशिप रिपोर्ट जारी किया है। इस रिपोर्ट में देश के टॉप आठ शहरों में रेसिडेंशियल और ऑफिस सेगमेंट पर पड़ रहे प्रभावों का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 की पहली छमाही में इन टॉप 8 शहरों में कुल 183,401 हाउसिंग यूनिट्स लांच हुए हैं जो कि 2023 के मुकाबले 6 फीसदी ज्यादा है।

#### 1,73,241 आवास की बिक्री

वर्ष 2024 की पहली छमाही में 173,241 घरों की बिक्री हुई है जो कि 2023 के इसी अवधि के मुकाबले 11 फीसदी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की दूसरी तिमाही में कुल 86,896 हाउसिंग यूनिट्स की सेल्स हुई है जो 2023 की दूसरी तिमाही से 12 फीसदी ज्यादा है।

#### महामारी के बाद से रेसिडेंशियल मार्केट में तेजी

नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी के बाद से रियल एस्टेट इंडस्ट्री के सभी सेगमेंट्स में जोरदार रिकवरी देखने को मिली है। लेकिन रेसिडेंशियल मार्केट में सबसे तेज रिकवरी देखने को मिली है। 2020 के बाद से प्राइमरी मार्केट में सेल्स वॉल्यूम 29 फीसदी के दर से सालाना बढ़ा है और 2023 में तो 10 सालों के हाई पर हाउसिंग सेल्स का आंकड़ा जा पहुंचा है।



*साल 2024 के पहले छमाही में रेसिडेंशियल मार्केट्स के लिहाज से देश के टॉप 8 शहरों में घरों की बिक्री 11 सालों के हाई पर जा पहुंची है। जिसमें महंगे और लग्जरी घरों की डिमांड सबसे ज्यादा रही है। प्रीमियम हाउसिंग में 1 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत वाले घर अब सबसे बड़े सेगमेंट के तौर पर उभरकर सामने आए है।*



#### मुंबई में महंगे घरों की सेल्स में 117% का उछाल!

नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल के मुकाबले दिल्ली एनसीआर को छोड़कर सभी मार्केट्स में हाउसिंग सेल्स बढ़ा है। दिल्ली एनसीआर में सेल्स में 4 फीसदी की कमी आई है। मुंबई में 47,259 यूनिट्स बिके हैं जो 13 वर्ष का हाई है और पिछले साल के समान अवधि के मुकताबले 16 फीसदी सेल्स बढ़ा है। दरअसल मुंबई में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत वाले घरों की सेल्स में 117 फीसदी का उछाल आया है।

- 2024 की पहली छमाही में आवासीय बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी
- महंगे और लग्जरी घरों की मांग सबसे अधिक रही
- प्रीमियम हाउसिंग में एक करोड़ से अधिक कीमत वाले घरों

#### अफोर्डेबल हाउसिंग की डिमांड कम

*रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच छमाही में 50 लाख रुपए से कम कीमत वाले घरों की सेल्स में कमी देखने को मिली है। रेसिडेंशियल मार्केट में शानदार तेजी के बाद भी 50 लाख रुपए से कम कीमत वाले घर नहीं बिक रहे जिसके लिए लगातार प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी, महंगे होम लोन रेट्स और इस सेगमेंट में आने वाले होमबायर्स पर महामारी के बुरे प्रभाव के चलते डिमांड कम रही है। तो डेवलपर्स ने भी प्रीमियम हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के लांचिंग पर अपना फोकस बढ़ा दिया है।*

#### प्रीमियम घरों की बढ़ी डिमांड

रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में भी हाउसिंग सेल्स में तेजी बनी हुई है और 2024 की पहली छमाही में हाउसिंग सेल्स का आंकड़ा 11 वर्ष के हाई पर जा पहुंचा है। पहली छमाही में 173,241 हाउसिंग यूनिट्स की सेल्स देखने को मिली है। घरों के डिमांड के आंकड़े लचीले ग्रोथ की ओर इशारा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, प्रीमियम घरों की डिमांड रेसिडेंशियल मार्केट की जड़ों में समा चुका है।

# एसबीआई कृषि ऋण खंड में कम करेगी जोखिम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- बैंक ने 11 नई पहल की घोषणा की
- इनमें डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं को बढ़ाना शामिल

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 11 नई पहल की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इनमें डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं को बढ़ाना और 35 नए कृषि केंद्रीकृत प्रसंस्करण प्रकोष्ठ खोलना शामिल है, जिससे कृषि ऋण खंड में जोखिम कम होगा।

भारतीय स्टेट बैंक ने बयान में 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संभावित ग्राहकों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक की पहुंच को व्यापक बनाने को इन पहल की घोषणा की। बयान के अनुसार, एसबीआई ने अपने डिजिटल भुगतान अनुभव को बेहतर किया है। इसमें भीम एसबीआई पे ऐप पर 'टैप-एंड-पे' और योनो ऐप पर म्यूचुअल फंड के खिलाफ 'एंड-टू-एंड' डिजिटल ऋण जैसी दो सुविधाएं शामिल हैं। बैंक ने एक पहल की भी घोषणा की जो एसबीआई सूर्य घर ऋण को पूरी तरह से डिजिटल 'एंड-टू-एंड' बनाएगा है। इसमें कहा गया कि उपयोगकर्ता केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना के तहत ऋण का विकल्प चुन सकते हैं। यह 10 किलोवाट क्षमता तक के लिए ऋण प्रदान करता है। एमएनआरई/आरईसी मंच पर आवेदक पंजीकरण से लेकर ऋण वितरण तक पूरी प्रक्रिया एसबीआई के डिजिटल मंच पर प्रबंधित की जाएगी। देश की वृद्धि गाथा को आकार देने में प्रवासी भारतीयों के महत्वपूर्ण योगदान और वैश्विक उपस्थिति को स्वीकार करते हुए एसबीआई ने पंजाब के पटियाला में दूसरा वैश्विक एनआरआई केंद्र (जीएनसी) खोला है।

#### भारत में 434 विशिष्ट एनआरआई शाखाएं

भारत में 434 विशिष्ट एनआरआई शाखाओं के तंत्र, 29 देशों में विदेशी कार्यालयों तथा खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में 45 एक्सचेंज हाउस और पांच बैंक के साथ साझेदारी से एसबीआई दुनियाभर में अपने एनआरआई ग्राहकों को व्यापक सेवाएं प्रदान करने में पूरी तरह से सक्षम है।

# थ्रेड्स के दुनियाभर में 17.5 करोड़ उपयोगकर्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने कहा है कि उसकी सोशल नेटवर्किंग सेवा 'थ्रेड्स' के लिए भारत सबसे सक्रिय देशों में से एक है। थ्रेड्स के वैश्विक स्तर पर 17.5 करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच का संचालन करने वाली कंपनी मेटा की तरफ से आई यह जानकारी इस लिहाज से अहम है कि ट्विटर (अब एक्स) के प्रतिद्वंद्वी के रूप में थ्रेड्स को आधिकारिक रूप से पेश किए जाने के लगभग एक साल पूरे होने जा रहे हैं। मेटा ने बयान में कहा, '17.5 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ताओं के साथ हम थ्रेड्स को एक ऐसा मुकाम बनाते हुए देख रहे हैं।




- भारत सबसे सक्रिय देश : मेटा
- फेसबुक व इंस्टाग्राम जैसे मीडिया मंच का संचालन करता है मेटा

***भारत में थ्रेड्स पर क्रिकेट का राज :*** *थ्रेड्स के मंच पर आजतक वैश्विक स्तर पर पांच करोड़ विषयों से अधिक टैग किए गए हैं। मेटा ने कहा, 'भारत में थ्रेड्स पर क्रिकेट का राज है। इसमें ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा जैसे मौजूदा खिलाड़ियों के अलावा आकाश चोपड़ा और सुरेश रैना जैसे पूर्व क्रिकेटर और ए बी डिविलियर्स जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर खेल के प्रति अपने जुनून को साझा करते हैं।'*

### बिजली मांग पूरी करने डीवीसी का जीयूवीएनएल समझौता



**कोलकाता।** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने पश्चिम बंगाल में अपने आगामी रघुनाथपुर संयंत्र (दूसरा चरण) से 600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। डीवीसी सदस्य (वित्त) अरूप सरकार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि केंद्र ने बिजली खरीद समझौते (पीपीए) को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य पश्चिमी राज्य में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करना है। उन्होंने कहा, ' डीवीसी पहली बार गुजरात को बिजली निर्यात करेगी। हम अभी दक्षिणी तथा उत्तरी राज्यों और बांग्लादेश को निर्यात करते हैं।' समझौते के अनुसार, डीवीसी रघुनाथपुर परियोजना के दूसरे चरण में अपनी आगामी 1320 मेगावाट बेहद आवश्यक इकाइयों से बिजली उपलब्ध कराएगी।

# सोना 530 रुपए मजबूत, चांदी में 1,200 रुपए का उछाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना बढ़कर 73,080 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी की कीमत में 92 .500 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़त

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 530 रुपये की तेजी के साथ 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये बढ़कर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें (24 कैरेट) 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं, जो पिछले बंद भाव से 530 रुपये अधिक है। बाजार सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के स्थानीय बाजारों में सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। चांदी 92,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,355 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 16 डॉलर अधिक था।

#### औद्योगिक धातुओं में तेजी आई

डॉलर सूचकांक में गिरावट आई है और औद्योगिक धातुओं में तेजी है, जिससे सोने की कीमत एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गई है। वहीं चांदी की कीमत में दो प्रतिशत से अधिक की तेजी आई।

# सेंसेक्स पहली बार 80,000 अंक के पार हुआ बंद

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 63 अंक चढ़कर पहली बार 80,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा।

सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच मुख्य रूप से बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों... आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टीसीएस में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 62.87 अंक बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 80,049.67 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 15.65 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,302.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 114.5 अंक चढ़कर 24,401 अंक तक गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'निवेश के लिहाज से रक्षात्मक माने जाने वाली आईटी और औषधि क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में लिवाली देखी गयी। अमेरिका में मुद्रास्फीतिक दबाव कम होने, तिमाही आधार पर आय परिदृश्य में सुधार तथा 10 साल के बांड प्रतिफल में तेज गिरावट से इन शेयरों में लिवाली की गयी।'



- निफ्टी भी नई ऊंचाई पर पहुंचा
- आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस व टीसीएस में रही खरीदी

#### जापान का निक्की नए ऊंचाई पर

जापान का सूचकांक निक्की 225 बृहस्पतिवार को को 40,913.65 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। प्रौद्योगिकी और निर्यातोन्मुखी शेयरों की भारी खरीद से सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूचकांक का सर्वकालिक उच्च स्तर दिन के कारोबार के दौरान 41,087.75 अंक था जो 22 मार्च को बना था। बंद होने का अभी तक का इसका रिकॉर्ड स्तर 40,888.43 अंक था।

***लाभ में रहे शेयर :*** *सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, सन फार्मास्युटिकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*

***इन शेयरों में रहा नुकसान :*** *नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। बीएसई में कारोबार वाले कुल 4,021 शेयरों में से 2,185 शेयर लाभ में जबकि 1,742 में गिरावट आई जबकि 94 में कोई बदलाव नहीं हुआ।*

# हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और इसकी क्षमता का दोहन करने के लिए प्रक्रियाओं में और सुधार लाने के साथ-साथ तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। सरकार लॉजिस्टिक्स केंद्र विकसित करने पर काम कर रही है। नागर विमानन मंत्रालय में वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और देश में माल ढुलाई या कार्गो विमानों की संख्या बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में भारतीय कंपनियों के पास लगभग 18 मालवाहक जहाज हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में एसीएफआई (एयर कार्गो फोरम इंडिया) द्वारा आयोजित सम्मेलन में कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र में कारोबार को और आसान बनाने तथा तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान दिया जाएगा।



- तेजी से काम पूरा करने की जरूरत : अधिकारी

***कोविड पूर्व स्तर पर नहीं पहुंची*** *हालांकि, कोविड-19 महामारी की मार झेलने के बाद यात्री खंड में सुधार हुआ है, लेकिन हवाई माल ढुलाई अब भी कोविड-पूर्व स्तर पर पूरी तरह से नहीं पहुंच पाई है। वर्ष 2023-24 में देश में हवाई माल ढुलाई 33.6 लाख टन से थोड़ा ज्यादा था।*

### महामारी के बाद कर्मचारियों को बनाए रखने के लिए ले रही सहारा

# 'ऑफिस पीकॉकिंग' का सहारा ले रही कंपनियां

एजेंसी ⏭ मुंबई

कोरोना वायरस की वैश्विक महामारी के बाद कर्मचारियों को संस्थान में बनाए रखने और उन्हें कार्यालय में वापस लाने के लिए कई कंपनियां 'ऑफिस पीकॉकिंग' का सहारा ले रही हैं। उद्योग विशेषज्ञों ने यह बात कही है। 'ऑफिस पीकॉकिंग' नियोक्ता के अपने कार्यालयों को अधिक आकर्षक और आरामदायक बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक रणनीति है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद कर्मचारियों को कार्यस्थल पर वापस लाने के लिए इसका इस्तेमाल काफी बढ़ गया है।

- नियोक्ता कार्यालयों को अधिक आकर्षक बनाने इस्तेमाल कर रहे रणनीति

***महानगरों में इसका चलन ज्यादा :*** *मिश्रा ने कहा कि बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और हैदराबाद जैसे प्रमुख महानगरों में इसका चलन सबसे अधिक है। इन शहरों में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां तथा स्टार्टअप इकाइयां हैं, जो इस तरह के चलन को अपनाने में सबसे आगे हैं।*



#### निवेश में 25-30 फीसदी वृद्धि हुई

कर्मचारियों की व्यवस्था करने वाली कंपनी सीआईईएल के मानव संसाधन निदेशक एवं सीईओ आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा कि पिछले दो से तीन वर्षों में 'ऑफिस पीकॉकिंग' के चलन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसमें कार्यालय की साजसज्जा और डिजाइन के निवेश में अनुमानत: 25-30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

***कार्यबल को अधिक उत्पादक बनाया जा सकता है :*** *डे ने कहा, 'कार्यात्मक तथा भावनात्मक दोनों आवश्यकताओं को पूरा करने वाले सहानुभूतिपूर्ण माहौल का निर्माण करके संगठन कार्यबल को अधिक उत्पादक बना सकते हैं।'*

#### हाल ही प्रचलन में आया

कार्यस्थल डिजाइन करने वाली कंपनी स्पेस मैट्रिक्स ग्लोबल की प्रबंध निदेशक तितिर डे ने कहा कि 'ऑफिस पीकॉकिंग' हाल ही काफी प्रचलन में आया। कंपनियां वैश्विक महामारी के बाद कर्मचारियों को कार्यालय में वापस लाने के तरीके तलाश कर रही हैं, जिसमें प्रौद्योगिकी संवर्धन पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है।

#### वैश्विक महानगरों के बाद भारत में तेजी पकड़ी

मानव संसाधन सेवा प्रदाता 'टीमलीज सर्विसेज' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (स्टाफिंग) कार्तिक नारायण ने कहा कि वैश्विक महामारी के बाद भारत में 'ऑफिस पीकॉकिंग' अवधारणा ने तेजी पकड़ी है। घर से काम करना कर्मचारियों के लिए किफायती और आरामदायक बनने के बाद उनको कार्यालय तक लाना एक चुनौती बन गया था।

## चिंतन

# भारत संग वचनों पर खरा उतरना चीन की जिम्मेदारी

भारत और चीन के बीच लंबे समय से सीमा विवाद है। भारत लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) का सम्मान करता है और चीन इसका सम्मान नहीं करता है। अस्ताना में बैठक के दौरान भारत ने चीन को स्पष्ट कहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान किया जाना चाहिए। सीमा प्रबंधन के लिए अतीत में दोनों पक्षों के बीच हुए संगत द्विपक्षीय समझौतों और नियमों का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत के इस दृष्टिकोण को भी दोहराया कि दोनों पक्षों के बीच संबंध आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। भारत का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता दोनों देशों के बीच सामान्य संबंधों के लिए अहम है। अब सब कुछ चीन पर है कि वह एलएसी पर शांति की स्थापना के मार्ग पर कितना चलता है? सीमा पर शांति चीन की भी जिम्मेदारी है। दरअसल, भारत व चीन के बीच सीमा निर्धारण की प्रक्रिया चीनी पक्ष के हिसाब से विवादों में रही है। दोनों मुल्कों के बीच मैकमोहन रेखा से सीमा का निर्धारण है, इस पर दोनों मुल्कों की सहमति भी रही है, लेकिन बाद में चीन इस रेखा को पूर्णतया मानने को लेकर आनाकानी करता रहा है। दोनों देशों के बीच 3488 किमी की सीमा है, जिसमें चीन पूर्वी लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों के सीमा पर विवाद करता रहा है। सबसे दिलचस्प है कि चीन भारत संग सीमा विवाद हल करना ही नहीं चाहता है। चीन के विस्तारवाद का यह अहम तरीका रहा है कि पड़ोसी के साथ सीमा पर विवाद खड़ा कर पड़ोसी मुल्क की जमीन हड़प ले। शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे चीन ने हड़पा। भारत का अक्साई चिन अभी भी चीन के अवैध कब्जे में है। वर्ष 2020 की गलवान घटना के बाद से भारत व चीन के बीच रिश्ते तल्ख हैं। भारत की कोशिश है कि एलएसी पर शांति बनी रहे, चीन कोई उपद्रव न करे। चीन बार-बार सीमा पर भारतीय क्षेत्र पर अपना दावा पेश करके भारत को उकसाता रहता है। गलवान की घटना के बाद सीमा पर विवाद हल करने के लिए भारत व चीन के बीच कमांडर स्तर की 17 बार वार्ता हो चुकी है, नतीजा कुछ नहीं है। इसलिए कजाख़िस्तान की राजधानी अस्ताना में जब शंधाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर भाग लेने पहुंचे तो सम्मेलन से इतर उनकी चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ द्विपक्षीय बात हुई, जिसमें सीमा को लेकर जारी गतिरोध को दूर करने पर सहमति बनी। इस बैठक में भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के शेष मुद्दों के जल्द निपटारे के लिए दोगुने प्रयास करने तथा संबंधों में 'स्थायित्व लाने एवं पुनः गति प्रदान' करने का प्रण लिया। इसको सकारात्मक रूप में लिया जाना चाहिए, हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है, जब चीन ने संबंधों को बेहतर बनाने का प्रण लिया हो। पूर्व में पीएम नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई वार्ताओं में, चीनी विदेश मंत्री की भारत यात्राओं के दौरान, ग्लोबल मंचों पर आपसी बातचीतों में, अनेक बार चीन सीमा पर जारी गतिरोध को हल करने का भरोसा दे चुका है, इसके बावजूद चीन ने डोकलाम, गलवान, अरुणाचल सीमा पर झड़प जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। भारत के साथ हुए पंचशील समझौते को तोड़ने वाले चीन ने कभी भी अपनी हरकतों से भारत के मन में भरोसा पैदा नहीं किया है। अब भारत संग दिए वचनों पर खरा उतरना अब चीन की जिम्मेदारी है।

# अर्थव्यवस्था को मजबूती देते प्रवासी



रिपोर्ट

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में दुनिया के कोने-कोने के देशों में प्रवासी भारतीय, राजनीतिक और तकनीकी क्षेत्रों में अपना प्रभावी योगदान देते हुए वैश्विक मंच पर भी भारत के हितों की जोरदार हिमायत के साथ भारत के सहयोगी और सहभागी की प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।**

हाल ही में 27 जून को यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में भेजा गया रेमिटेंस (प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन) दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर है। खास बात यह है कि पिछले वर्ष में भारतीयों द्वारा भेजी गई यह रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से लगभग दो गुना है। यह लगातार दूसरा साल है, जब भारतीयों ने 100 अरब डॉलर से ज्यादा की धनराशि भारत भेजी है। 2022-23 में भारतीय प्रवासियों ने 111 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा था। ज्ञातव्य है कि भारत के बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश हैं।

यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में लगातार अन्य देशों के मुकाबले रेमिटेंस सबसे अधिक रहा है। भारत में वर्ष 2010 में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढ़कर 68.19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83.15 अरब डॉलर हो गए हैं। प्रवासी भारतीयों की ओर से भारत भेजा गया धन वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब डॉलर था। प्रवासियों का यह धन जहां प्रवासियों के परिजनों को मुस्कुराहट दे रहा है, वहीं अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी और बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार बंद होने के कारण देश में आर्थिक-सामाजिक परेशानियां बढ़ गई थी, उस समय आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों के द्वारा भेजी गई बड़ी धनराशि से अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। गौरतलब है कि दुनिया में प्रवासी भारतीयों की संख्या करीब 1 करोड़ 80 लाख है। दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रवासी भारत के हैं। सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूंजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं। ऐसे में वे अधिक कमाई करके अधिक धन भारत भेज रहे हैं। निःसंदेह प्रवासी भारतीय भारत की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी शक्ति बढ़ाने में भी अहम सहयोग कर रहे हैं। दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई है। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनिया कोस्टा, अमेरिका की पहली महिला और पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ



और राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपुन, सूरीनाम के राष्ट्रपति, चंद्रिका प्रसाद संतोखी के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे है।


इतना ही नहीं के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला, गूगल के सुंदर पिचाई, नोवार्टिस के वसंत नरसिम्हन, एडोब के शांतनु नारायण, आईबीएम के अरविंद कृष्णा, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन, वर्टेक्स फार्मास्यूटिकल्स के रेशमा केवलरमानी,माइक्रोन टेक्नोलॉजी के संजय मेहरोत्रा, कैडेंस डिजाइन सिस्टम के अनिरुद्ध देवगन, पालो अल्टो नेटवर्क के निकेश अरोड़ा, वीएमवेयर के रंगराजन रघुराम, इमर्सन इलेक्ट्रिक कंपनी के सुरेंद्रलाल करसनभाई, माइक्रोचिप प्रौद्योगिकी के गणेश मूर्ति आदि अपनी प्रतिभा, कौशल से कारोबार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं और भारत के विकास के सहभागी भी बन रहे हैं। इस समय 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की एनडीए गठबंधन सरकार बनने के बाद प्रवासियों का कहना है कि एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी नई सरकार से प्रवासियों को भारत के विकास में सहयोग और सहभागिता करने के मद्देनजर नई ऊर्जा प्राप्त होगी। अमेरिका में कार्यरत भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडराइजर तथा भारत हितैषी प्रवासियों के विभिन्न संगठनों का कहना है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर जिस तरह भारत की सफलताओं का परचम फहराया है, उससे प्रवासियों के द्वारा गर्व अनुभव किया जा रहा है। उनका मानना है कि पिछले 10 वर्षों में भारत की सुरक्षा में सुधार हुआ है। सरकार ने आतंकवादी खतरों या आतंकवादी घटनाओं को नियंत्रित कर दिया है। सरकार की नीतियां भारत को आगे बढ़ा रही हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में प्रवासी भारतीयों की भी अहम भूमिका रही है। प्रवासियों का यह भी कहना है कि नई गठबंधन सरकार से दुनिया के कोने-कोने से भारतीय प्रवासियों को और अधिक सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञातव्य है कि जहां वर्ष 2023 में इजराइल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इजराइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। साथ ही वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था। तब ऑपरेशन गंगा के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित भारत वापस लाया गया था। इस वर्ष जून 2024 में कुवैत में अग्निकांड में 45 प्रवासी भारतीयों की मौत के बाद कुवैत में प्रवासी भारतीयों की सहायता के मद्देनजर नई गठबंधन सरकार ने अहम भूमिका निभाई है। भारत सरकार की और अधिक सक्रियता जरूरी है।

हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में एनडीए गठबंधन की नई सरकार के द्वारा प्रवासियों के साथ सहभागिता के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। हम उम्मीद करें कि दुनिया के कोने-कोने के देशों में प्रवासी भारतीय, राजनीतिक और तकनीकी क्षेत्रों में अपना प्रभावी योगदान देते हुए वैश्विक मंच पर भी भारत के हितों की जोरदार हिमायत के साथ भारत के सहयोगी और सहभागी की प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। हम उम्मीद करें कि प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने, वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में और अधिक सक्रिय सहयोग देते हुए दिखाई देंगे।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में गढ़वाल हिमालय पर्वतमाला पर स्थित केदारनाथ मंदिर भारत के सबसे प्रतिष्ठित और चमत्कारी हिंदू मंदिरों में से एक है। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर 3,583 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है जहाँ तक पहुचने के लिए श्रद्धालुओं को पैदल या घोड़े से यात्रा करके पहुचना होता है।

## कर्तव्य और अधिकार सिक्के के दो पहलू




संकलित

दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं, जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

## धन और पद का घमंड न करें




संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिवजी के पास पहुंच गए और शिवजी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिवजी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेशजी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिवजी गणेशजी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेशजी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेशजी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेशजी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिवजी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश भी शिवजी के पास पहुंच गए। शिवजी ने देवी पार्वती से गणेशजी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वतीजी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेशजी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिवजी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## हाथरस हादसा

डॉ. मोनिका शर्मा



# अंध श्रद्धा से बचें महिलाएं

हाथरस भगदड़ में महिलाओं और बच्चों समेत 122 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इस पीड़ादायी हादसे में कई परिवार उजाड़ गए। भारी भीड़, भीषण गर्मी, अव्यवस्था और पंडाल से बाहर आने के लिए संकरा सा रास्ता। उसी मार्ग पर एक गहरा गड्ढा भी था। इस गड्ढे में कुछ लोग गिरे तो भगदड़ मच गई। जन सैलाब की धक्का मुक्की और दलदली मिट्टी में महिला, पुरुष और बच्चे गिरते रहे। लोग एक-दूसरे को रौंदकर निकलते रहे। दरअसल, यह घटना अव्यवस्था ही नहीं अंधश्रद्धा के भाव पर भी कई प्रश्न उठाती है। आस्था और धर्म के नाम पर उमड़ने वाली इस भीड़ में स्त्रियां बड़ी संख्या में शामिल होती हैं। आयोजनों का हिस्सा बनाने वाली महिलाओं के साथ बच्चे भी आते हैं। देखने में यह भी आ रहा है कि अब आयु वर्ग से परे स्त्रियां इन सत्संग कार्यक्रमों में देखी जाती हैं। घटना से जुड़ी तस्वीरों और वीडियो में किशोरियां, युवतियां और कम उम्र की महिलाएं अपने बच्चों-बड़ों को खोने एक बाद बिलखती दिख रही हैं। उम्र का यह पड़ाव और सत्संग के नाम पर तार्किक सोच का गुम होना समग्र समाज के लिए चिंतनीय है, क्योंकि मायावी बाबाओं की अंधभक्ति के फेर में केवल ग्रामीण और अशिक्षित महिलाएं ही नहीं फंसी हैं। हाल के बरसों में तो महानगरों में भी ऐसे बाबाओं को समर्थित विशाल आयोजन किए जाने लगे हैं। कई मामलों में आस्था के नाम भीड़ जुटाने वाले इन कार्यक्रमों और बाबाओं के चमत्कारों की हकीकत उजागर होने बावजूद महिलाओं की भीड़ जुट ही जाती है। सच तो यह है कि अंध भक्ति के फेर में फंसी महिलाएं अनगिनत समस्याओं से जूझ रही होती हैं। स्त्रियों के अनिश्चितता लिए जीवन को चमत्कारिक रूप से बेहतर बना देने वाली बातें ही उन्हें इन आयोजनों की ओर खींचती हैं। अधिकतर आयोजनों में भावनात्मक मोर्चे पर उनकी आस्था का दोहन ही होता है। ऐसे भी वाकये हुए हैं जब महिलाएं बाबाओं के झांसे में आकर शोषण का शिकार बन चुकी हैं। समय-समय पर बाबाओं के ज्ञान से जुड़ी भ्रांतियां तोड़ने वाली कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके गांवों से महानगरों तक स्त्रियां इस जाल से बाहर आना ही नहीं चाहतीं। उलटे इन बाबाओं को पूजनीय बनाने वाले लोगों में अधिकतर महिलाएं ही होती हैं। अध्यात्म के नाम पर संचालित बाबाओं की गतिविधियों का व्यावसायिक विस्तार भी चिंता का विषय बन गया है। प्रायोजित टीवी कार्यक्रमों से लेकर सोशल मीडिया मंचों तक उपस्थिति रखने वाले बाबाओं के आडम्बरों की चकाचौंध को समझना और उस पर सवाल उठाना लाजिमी हो चला है। अंध समर्थन की यह सोच सामाजिक-पारिवारिक स्तर पर भी विचारणीय है। परिजनों को भी समझना होगा कि क्यों महिलाएं इस भटकाव का शिकार हो रही हैं? उनके अपनों को सहजता, आपसी समझ और संवेदनाओं से भरा परिवेश बनाना होगा। साथ ही यह भी जरूरी है कि नियतिवादी बनने के बजाय स्त्रियां तार्किक सोच रखते हुए धर्मान्धता के इस जाल से बचें। धर्म-कर्म से जुड़ी श्रद्धा और विश्वास के सही मायने समझें। सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर हर बात में तर्क करने वाली महिलाएं अंधभक्ति के फेर में पड़ने के बजाय अपनी आस्था के बल मन की शक्ति जुटाएं। याद रहे कि मान-सम्मान बचाने एवं जीवन को सुरक्षित रखने वाला ईश्वरीय आस्था और मनोबल का मार्ग कोई बाबा नहीं स्वयं आपका अन्तर्मन ही सुझा सकता है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### सबक क्यों नहीं लेते हम?

हाथरस में भगदड़ से सैकड़ों लोगों की मौत और कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। यह बहुत दुखद घटना है। सत्संग में मची भगदड़ कोई नई दुखद घटना नहीं, बल्कि इससे पहले भी दूसरे कई धार्मिक स्थलों पर ऐसी दुखद घटनाएं हो चुकी हैं। भगदड़ के लिए प्रशासन और लोग दोनों की ही गलती होती है। ऐसी घटनाओं से न तो प्रशासन और न ही आमजन कोई सबक लेता है। सरकारें और प्रशासन ऐसे हादसों के वक्त ही कुंभकर्णी नींद से जागते हैं और हादसे की जांच के आदेश देकर और पीड़ित लोगों को मुआवजे का आश्वासन देकर अगली किसी ऐसी ही घटना के इंतजार में लंबी तान कर सो जाते हैं। प्रदेश में कुछ ही दिनों बाद शक्तिपीठों आदि में मेलों का आयोजन होगा। इनके लिए प्रशासन को पुख्ता प्रबंध कर लेने चाहिए।

*- दीपक मिश्रा, धमतरी*

## ट्रेंड

### विपक्ष का रवैया चिंताजनक



संदेशखाली जैसी शर्मनाक घटना पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं को कोई पीड़ा नहीं है। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार को लेकर विपक्षी पार्टियों का यह सिलेक्टिव रवैया बहुत चिंताजनक है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गाजा अस्पताल पूरा खाली



यूरोपीय गाजा अस्पताल पूरी तरह से खाली हो गया है। अस्पताल के पास खान यूनिस में निकासी आदेशों के बाद, सभी 320 मरीजों और सभी चिकित्सा कर्मियों को हटा दिया है। अस्पताल से चिकित्सा उपकरणों से भरे तीन ट्रकों को भी ले जाया गया है।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### विवेकानन्द गौरवशाली साधु



स्वामी विवेकानन्द एक गौरवशाली हिंदू साधु थे, जिन्होंने औपनिवेशिक हिंसा और आक्रामक मिशनरी रूपांतरण में फंसी दुनिया में योग लाया, जिसका मुख्य लक्ष्य भारत था। आज उनकी प्रेरणा की जरूरत है क्योंकि वही अज्ञानी ताकतें नहीं चाहतीं कि भारत का उत्थान हो।

-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक

### जनता ने संविधान को बचाया




भारत की जनता ने संविधान और लोकतंत्र को बचा लिया है। देश की वंचित आबादी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए 'इंडिया' के साथ खड़ी हो गयी। गठबंधन के सभी साथियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

## करंट अफेयर

# यूक्रेन में प्रतिरोध व उम्मीद का प्रतीक बन गए फूल



रूस के आक्रमण के कारण दो साल से अपनी पत्नी और बेटी से मिलने के लिए तरस रहे ओलेक्जेंडर ट्रायफोनोव जब उनसे मिलने कीव रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे तो उन्होंने उनके लिए दो लाल गुलाब खरीदे। उनकी पत्नी और बेटी दो साल बाद पोलैंड से यूक्रेन लौट रही थीं। 45 वर्षीय चालक ट्रायफोनोव ने कहा, 'मैंने दो साल से उन्हें नहीं देखा है। फूल महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।' फूलों को हमेशा यूक्रेन की संस्कृति से जोड़ा जाता है और रूस के 2022 में आक्रमण करने के बाद से उनका महत्व और ज्यादा बढ़ गया है। उन्हें प्रतिरोध और उम्मीद दोनों का प्रतीक माना जाता है। युद्ध के कारण आ रही कठिनाइयों के बावजूद यूक्रेनी नागरिक राजधानी कीव तथा अन्य शहरों में अपने घर की बालकनी तथा अन्य स्थानों को फूलों से सजाने का कोई मौका नहीं चूकते। यहां तक कि यूक्रेन की जेलों में भी फूल दिखायी देते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के हमले में घायल हुई एक किशोरी से 2022 में जब अस्पताल में मिलने गए थे तो उसके लिए फूलों का एक गुलदस्ता लेकर गए थे। रूसी की राजधानी कीव के बाहरी इलाकों में निवासी अब भी अपने क्षतिग्रस्त या पूरी तरह से ध्वस्त कर दिए गए मकानों के बगीचों की देखभाल करते हैं।

## ऑफ बीट

# द. अफ्रीका में 34 हजार साल पुराने दीमक के टीले मिले




दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों को यह जानकर हैरानी हुई कि देश के शुष्क क्षेत्र में मौजूद दीमक के टीले 30,000 से अधिक वर्ष पुराने हैं जिसका मतलब है कि वे दीमक के अब तक के ज्ञात सबसे पुराने सक्रिय टीले हैं। स्टेलेनबॉश विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि रेडियोकार्बन डेटिंग में नामाक्वालैंड में बफेल्स नदी के पास के कुछ टीले 34,000 वर्ष पुराने होने का अनुमान लगाया गया था। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता मिशेल फ्रांसिस ने कहा, 'हम जानते थे कि ये पुराने हैं लेकिन यह पता नहीं था कि इतने पुराने हैं।' उनका शोधपत्र मई में प्रकाशित हुआ। फ्रांसिस ने कहा कि ये टीले तब भी मौजूद थे जब नुकीले दांतों वाली बिल्लियां और वूली मैमथ पृथ्वी के अन्य हिस्सों में घूमते थे और यूरोप और एशिया का बड़ा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ था। लाखों वर्ष पुराने कुछ जीवाश्म दीमकों के टीले खोजे गए हैं। इस अध्ययन से पहले सबसे पुराने बसे हुए टीले ब्राजील में पाए गए थे और लगभग 4,000 वर्ष पुराने हैं। वे अंतरिक्ष से दिखाई देते हैं। फ्रांसिस ने दीमक टीलों का जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र बनाए रखने और संभवतः कृषि पद्धतियों में सुधार लाने पर असर को देखते हुए उन पर और अध्ययन करने का आह्वान किया है।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



### कश्मीर में तैयार हुआ आतंकवादियों का काल, बेहद खूंखार टुकड़ी हुई तैनात

# अमेरिकी मरीन की तर्ज पर 960 जवानों ने संभाला मोर्चा

*इन 960 पुलिसकर्मियों को अमेरिका की मरीन कॉर्प्स की तरह तैयार किया गया है। इनमें से लगभग 560 पुलिसकर्मियों को जम्मू संभाग के सीमावर्ती इलाकों में और शेष को कश्मीर घाटी में तैनात किया गया है।*

अलग खबर

एजेंसी ▶▶| जम्मू

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं से निपटने के लिए सुरक्षाबलों की एक बेहद खूंखार टुकड़ी तैयार की गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमावर्ती इलाकों में 960 प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की एक नई टुकड़ी तैनात की है, जो विशेष रूप से घुसपैठ और आतंकवाद से निपटने के लिए काम करेगी। पिछले दिनों पाकिस्तान से भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों की घुसपैठ में वृद्धि हुई है। इसी को देखते हुए पुलिस की स्पेशल टुकड़ी तैनात की गई है। जिसके कर्मियों को किसी अन्य ड्यूटी के लिए तैनात नहीं किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर आर स्वैन ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रशिक्षण स्कूल से पास आउट हुए करीब 960 जवानों को बुधवार को सीमावर्ती इलाकों में तैनात किया गया है।

#### घुसपैठ-रोधी और आतंकवाद-रोधी का ही करेंगे कार्य

डीजीपी स्वैन ने कहा, इन पुलिसकर्मियों को सुपरवाइज करने वाले अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि उन्हें उनके मूल घुसपैठ-रोधी और आतंकवाद-रोधी कार्य के अलावा किसी अन्य काम पर नहीं लगाया जा सकता। आप उन्हें केवल घुसपैठ-रोधी और आतंकवाद-रोधी कार्य पर ही तैनात करेंगे, ताकि सामान्य क्षेत्र की सुरक्षा बढ़े और दुश्मन के लिए घुसपैठ करना और आतंक फैलाना बेहद मुश्किल हो जाए। स्वैन ने कहा कि ये कर्मी सीमावर्ती गांवों से हैं और बहुत युवा लोग हैं।




#### सीमावर्ती तहसीलों में मजबूत होगा खुफिया तंत्र

इन विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मियों को उनकी संबंधित सीमावर्ती तहसीलों में तैनात करने के पीछे का उद्देश्य मानव खुफिया तंत्र को मजबूत करना है। चूंकि ये कर्मी स्थानीय हैं, इसलिए उम्मीद है कि उन्हें क्षेत्र में किसी भी असामान्य गतिविधि के बारे में जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी। इससे पुलिस और सुरक्षा बलों को सीमा के पास ही घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों से निपटने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### जमैका में आए तूफान से नौ की मौत




**किंग्स्टन।** कैरेबियन देश जमैका में आए बेरिल तूफान ने जमकर तांडव मचाया इसमें 9 लोगों की मौत हो गई है, 500 लोगों को सुरिक्षत स्थान पर ले जाया गया है। इस तूफान से आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया। जगह-जगह पेड़ उखड़ गए, छतें टूट गईं और बड़ी संख्या में खेत नष्ट हो गए। कैरेबियाई द्वीपों में हालात काफी खराब हैं। इस शक्तिशाली तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम नौ हो गई है। बाढ़ और खतरनाक हवाओं से प्रभावित हुए द्वीपों में संचार सेवाएं वापस सही होने पर मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

### तैनात जवान ने की अनोखी शादी



**जम्मू।** श्री अमरनाथ यात्रा में बुधवार को कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल देखने को मिली। अनंतनाग जिले के पहलगाम के नुनवान आधार शिविर में ड्यूटी पर तैनात स्वच्छता सुपरवाइजर ने छुट्टी न लेकर वर्चुअल निकाह की रस्में निभाईं। मोबाइल पर ही कबूल है... कबूल है... कबूल है... कहकर निकाह पूरा किया। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के जैनापोरा निवासी फैजल का तीन जुलाई को निकाह तय हुआ था, लेकिन अमरनाथ यात्रा में ड्यूटी लगी होने के कारण वह घर नहीं गए और उन्होंने कैंप में ही रहकर अपना काम जारी रखने का फैसला किया।

### बीएसएफ ने एक घुसपैठिया मार गिराया



**नई दिल्ली।** भारत-पाक सीमा पर भारत की तरफ घुसने की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी घुसपैठिए को भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मार गिराया है। घुसपैठिए ने रात के अंधेरे का फायदा उठाना चाह था, लेकिन बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने उसे चेतावनी देने के बाद मार गिराया है। आधी रात फाजिल्का/फिरोजपुर बॉर्डर पर बीएसएफ ने यह कार्रवाई की है। बीओपी सादकी के पास रात 11.30 बजे पाकिस्तानी घुसपैठिए ने भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश की थी।

### एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत ने रखा अपना पक्ष

# चीनी विदेश मंत्री को एस जयशंकर की दो टूक, कहा एलएसी का सम्मान जरूरी

*दोनों विदेश मंत्रियों ने सीमा क्षेत्रों में बाकी मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के बाद जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों में सीमा मुद्दों को हल करने के लिए कूटनीतिक बात होगी।*



एजेंसी ▶▶| अस्ताना

वास्तविक नियंत्रण रेखा एलएसी पर जारी गतिरोध के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ही मंत्रियों ने सीमा क्षेत्रों में बाकी मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों पक्ष सीमा मुद्दों को हल करने के लिए कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से प्रयास बढ़ाने पर सहमत हुए। एस जयशंकर ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा का सम्मान करना और सीमा क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी सम्मान के तीन सिद्धांत भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे।



#### लद्दाख में हुई थी झड़प

पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के कारण भारत और चीन के बीच चार साल से संबंध अच्छे नहीं चल रहे थे। पूर्वी लद्दाख में 5 मई 2020 को गतिरोध शुरू होने के बाद से भारत-चीनी संबंध काफी खराब हो गए थे। गलवान के पास पैंगोंग त्सो (झील) क्षेत्र में दोनों सेनाओं में हिंसक झड़पें हुई थीं। ऐसे में एस जयशंकर और वांग यी की मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है।

#### एससीओ शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ले रहे हैं हिस्सा

कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन को लेकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए और भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर गए हैं।

#### दोनों देशों के बीच सामान्य संबंध अहम हैं

जयशंकर ने सीमा क्षेत्रों में शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान पर चर्चा की। कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से प्रयासों को दोगुना करने पर सहमति बनी।'उन्होंने कहा कि एलएसी का सम्मान और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना अहम है। आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित हमारे द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे। भारत का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता दोनों देशों के बीच सामान्य संबंधों के लिए अहम है।

#### सीमा विवाद के बीच दोनों नेताओं में हुई बैठक

मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में शेष क्षेत्रों से सैनिकों को पूरी तरह से हटाने और सीमा पर शांति बहाल करने के प्रयासों को दोगुना करने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि द्विपक्षीय संबंधों के सामान्य होने की राह में जो भी बाधाएं हैं वे दूर हों। भारत और चीन के मध्य पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद के बीच इन नेताओं के बीच यह बैठक हुई है। भारत और चीन की सेनाओं के बीच मई 2020 से गतिरोध जारी है।

#### क्या है एससीओ

- अप्रैल 1996 में एक बैठक हुई। इसमें चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान शामिल हुए। इस बैठक का मकसद था आपस में एक-दूसरे के नस्लीय और धार्मिक तनावों को दूर करने के लिए सहयोग करना. तब इसे 'शंघाई फाइव' कहा गया।
- हालांकि, सही मायनों में इसका गठन 15 जून 2001 को हुआ. तब चीन, रूस, कजाकस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने 'शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन' की स्थापना की। इसके बाद नस्लीय और धार्मिक तनावों को दूर करने के अलावा कारोबार और निवेश बढ़ाना भी मकसद बन गया।
- 1996 में जब शंघाई फाइव का गठन हुआ, तब इसका मकसद था कि चीन और रूस की सीमाओं पर तनाव कैसे रोका जाए और कैसे उन सीमाओं को सुधारा जाए। ये इसलिए क्योंकि उस समय बने नए देशों में तनाव था। ये मकसद सिर्फ तीन साल में ही हासिल हो गया। इसलिए इसे सबसे प्रभावी संगठन माना जाता है। आतंकियों का करेंगे खात्मा।

### एक बच्चे की मौत के मामले में सुनाई थी सजा

# 18 साल बाद सऊदी से रिहा होगा भारतीय अब्दुल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

18 साल से सऊदी अरब की जेल में बंद अब्दुल रहीम की वतन वापसी होने वाली है। उन्हें कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। अब रियाद की कोर्ट ने अब्दुल को माफी दे दी है। कागजी कार्रवाई पूरा होने पर अब्दुल भारत आ सकेंगे। साल 2006 में अब्दुल की देखरेख में एक दिव्यांग बच्चे की मौत हो गई थी। इसके बाद रियाद की कोर्ट ने उन्हें मौत की सजा सुनाई। शुरुआत में उन्हें बच्चे के परिवार ने माफी नहीं दी थी, लेकिन बाद में ब्लड मनी चुकाने पर उन्हें राहत दी गई। अब बच्चे के परिवार ने अब्दुल की माफी स्वीकार कर ली है। उन्होंने कोर्ट से अब्दुल को रिहा करने का आग्रह किया। 44 साल का अब्दुल रहीम केरल के कोझिकोड के रहने वाले हैं। अब्दुल के वकील नसीब सीपी ने कहा कि कोर्ट जल्द ही अब्दुल की रिहाई का ऑर्डर जारी करेगा। इसके बाद रियाद प्रशासन रिहा कर देगा। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद अब्दुल भारत लौट सकेंगे। इस दौरान कोर्ट में सुनवाई के मौके पर सऊदी में मौजूद भारतीय दूतावास के अधिकारी यूसुफ काकनचेरी भी थे।

#### ब्लड मनी देने पर हटी मौत की सजा

काफी दिनों तक कोर्ट में मामला चला, लेकिन परिवार ने उसे माफी देने से इनकार कर दिया। अब्दुल को कोर्ट ने 2018 में मौत की सजा दी, जिसे 2022 तक बरकरार रखा. इस केस से निकलने के लिए अब्दुल के पास सिर कलम करवाकर मौत का चुनना या 34 करोड़ रुपये की ब्लड मनी देकर बचना था। फिर बाद में एक कमेटी का गठन किया गया, जिसने अब्दुल की रिहाई के लिए पैसा जुटाने में मदद की। रियाद की 75 संस्थाओं, केरल के बिजनेसमैन, कई राजनीतिक संस्थाओं और आम लोगों ने चंदा दिया। आखिरकार अब्दुल के परिवार ने पिछले साल दिसंबर में 34 करोड़ की ब्लड मनी सऊदी के पीड़ित परिवार तक पहुंचा दी। अब उसने माफी स्वीकार कर ली है, कोर्ट अब्दुल को जल्द ही रिहा कर देगा।

#### दिव्यांग बच्चे की मौत पर ठहराया था दोषी

बताया गया कि सऊदी अरब के एक परिवार ने 15 साल के अपने दिव्यांग बच्चे के ड्राइवर और केयरटेकर के तौर पर अब्दुल को रखा था। 2006 में एक विवाद के दौरान अब्दुल की गलती से बच्चे के गले का पाइप अपनी जगह से हट गया। जब तक कुछ समझ में आता, तब तक ऑक्सीजन की कमी से लड़का बेहोश हो गया। उसे अस्पताल लेकर गए तो उसकी मौत हो गई। उसके परिवार ने अब्दुल को ही मौत का जिम्मेदार ठहराया और 2012 में उसे जेल में डाल दिया गया।

### दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी पर दिया जोर

# मंत्री सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री से टेलीफोन पर की द्विपक्षीय चर्चा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों की समीक्षा की गई, जिसमें इंडो-पैसिफिक में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्षा मंत्री ने कहा, हम भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं।ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री के पास उप प्रधानमंत्री का भी पद है।



टेलीफोनिक बातचीत में दोनों मंत्रियों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा सहयोग में परिवर्तनकारी प्रगति का उल्लेख किया। वार्ता के दौरान पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया 2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के बाद से संबंधों में आई गति की सराहना की गई।

### हिजबुल्लाह का इजराइल पर सबसे बड़ा हमला

# 200 रॉकेट दागे, मिलिट्री बेस को बनाया निशाना

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान-समर्थक संगठन हिजबुल्लाह ने इजराइल पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। जानकारी के अनुसार आतंकी संगठन ने गुरुवार को यहूदी देश पर 200 से ज्यादा रॉकेट दागे हैं। करीब 20 ड्रोन्स से भी हमला किया गया है। हमले में इजराइल के कई मिलिट्री बेस को निशाना बनाया गया। इजराइली सेना ने कहा कि कुछ मिसाइलें लेबनान से उनके इलाके में गिरीं। इनमें से कई को रोक दिया गया। अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है।



#### गोलन हाइट्स में ड्रोन हमले के बाद आग लगी

हिजबुल्लाह की तरफ से हमला होते ही गाजा की सीमा के पास नहल ओज इलाके में सायरन बजने लगा। गोलन हाइट्स में आग लग गई। इसके बाद रेस्क्यू वर्कर्स ने आसपास रह रहे लोगों को घरों से बाहर निकाला।

### ताजमहल का दीदार करने पहुंची 30 देशों की 110 विश्व सुंदरियां



**आगरा।** मोहब्बत की निशानी ताजमहल को निहारने के लिए गुरुवार को 30 देशों की लगभग 110 विश्व सुंदरियां पहुंचीं। विश्व सुंदरियों की सुरक्षा को लेकर पर्यटन पुलिस ने पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। ताज की सुंदरता और उसकी अद्भुत वास्तु कला में यह विश्व सुंदरियां खो गई और अपने आप को वाह ताज कहने से नहीं रोक पाई।

### जम्मू के पर्यटन स्थल पर सैलानियों ने जमकर उठाया बारिश का लुत्फ

# पटनीटॉप में मानसून सीजन की पहली धुंध, पर्यटकों ने की खूब मस्ती

*जम्मू संभाग के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पटनीटॉप में गुरुवार को मानसून के सीजन की पहली धुंध देखने को मिली। पटनीटॉप में धुंध पड़ते ही वहां का मौसम सुहावना हो गया। यहां की वादियो में पहुंचे सैलानियों ने मौसम का खूब आनंद उठाया।*

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर संभाग के उधमपुर जिले में स्थित पटनीटॉप अपने घास के मैदानों और हिमालय की चोटियों के सुंदर दृश्यों के लिए लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में शामिल है। अगर आप जम्मू में प्राकृतिक वादियों के नजारे लेने के इच्छुक हैं, तो पटनीटॉप जरूर पहुंचे। पटनीटॉप की खूबसूरत वादियां और हरियाली पर्यटको को खूप आकर्षित कर रही हैं। सैलानी यहां खूब मस्ती करते नजर आए।



#### भूस्खलन की चेतावनी

मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार, आगामी 10 जुलाई तक मानसून से जम्मू संभाग अधिक प्रभावित रहेगा। 4 जुलाई को जम्मू संभाग के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। 5 से 6 जुलाई को जम्मू संभाग के कई हिस्सों में बारिश के आसार हैं। कई क्षेत्रों में बाढ़, भूस्खलन और पहाड़ों से पत्थर गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

#### मानसून की दस्तक से गर्मी में मिली राहत

जम्मू में गुरुवार की शुरुआत बारिश के साथ हुई। इसके बाद दिनभर बादल छाए हुए हैं। बादलों के बरसने से लोगों को उमस से कुछ राहत मिली है। इससे पहले बुधवार को उमस ने खूब परेशान किया। मानसून की दस्तक से गर्मी से तो कुछ राहत मिली है लेकिन उमस ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी है।

### नई ड्रोन नीति के तहत होंगे काम

# उत्तराखंड में अब ड्रोन बुझाएंगे जंगल की आग

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड में अब जंगल की आग बुझाने, फसलों पर छिड़काव करने और आपदा में राहत सामग्री भेजने के काम ड्रोन से हो सकेंगे। नई ड्रोन नीति के तहत सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी, आईटीडीए ने 6 श्रेणियों में 23 ड्रोन कंपनियों को सूचीबद्ध कर दिया है। जरूरत के हिसाब से कंपनियों से काम कराएंगे। आईटीडीए ने तकनीकी मानकों पर खरा उतरने पर मैपिंग, सर्विलांस, एग्रीकल्चर, ट्रेनिंग, फायर फाइटिंग और लॉजिस्टिक श्रेणियों में 23 ड्रोन कंपनियों को सूचीबद्ध किया है।



#### महिलाओं को ड्रोन चलाने किया जाएगा प्रशिक्षित

सर्विलांस के काम के लिए छह कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया है। युवाओं-महिलाओं को ड्रोन संचालन में प्रशिक्षित कर सकेंगी। यह सभी कंपनियां विभिन्न प्रोजेक्ट की निगरानी आदि का काम कर सकेंगी। एग्रीकल्चर के लिए दो ड्रोन कंपनियां सूचीबद्ध हुई हैं, जिनकी मदद से फसलों पर छिड़काव से लेकर सभी कृषि संबंधी काम कराए जा सकते हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- पहली बार ध्यानाकर्षण में 4 घंटे चर्चा हुई, हंगामा करना गलत

# नर्सिंग घोटाले पर सदन में कांग्रेस ने किया हंगामा नारेबाजी की वजह से औचित्य का प्रश्न भी गर्माया








हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में हुए नर्सिंग घोटाले के मुद्दे पर बुधवार को फिर विधानसभा में हंगामा हुआ। कांग्रेसी सदस्यों ने मंत्री विश्वास सारंग के नर्सिंग अनियमितता को लेकर सदन में दिए गए गलत बयान पर खासी नाराजगी जताई। कांग्रेस के हंगामे, नारेबाजी व नोकझोंक के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा क कि कोई भी चर्चा नियम प्रक्रिया के तहत होनी चाहिए। यह जो व्यवस्था बिगाड़ी जा रही है, यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कभी ऐसा नहीं हुआ कि ध्यानाकर्षण पर 4 घंटे तक चर्चा हुई हो। इसके बाद भी कांग्रेसी सदस्य यह कर रहे हैं। इस पर दोबारा से चर्चा करना ठीक नहीं है। कांग्रेस के हंगामें की वजह से कई बार बजट भाषण पढ़ने में दिक्कतें आई।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मंत्री सारंग ने गलत जानकारी सदन को दी है। वे सदन को गुमराह कर रहे हैं। इस पर स्पीकर को संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस मुद्दे को लेकर सदन पूरे समय तक हंगामा होता रहा। इस पर स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि अभी बजट पेश हो रहा है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश कर रहे हैं। यह जनहित से जुड़ा मुद्दा है। इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने सिंघार से कहा कि आप नियम प्रक्रिया के तहत सदन में आएं, ऐसा नहीं हो कि हर समय एक ही मुद्दे पर चर्चा होगी। इसके बाद भी कांग्रेसी सदस्य नहीं माने। कुछ समय बाद वे गर्भ गृह में आकर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद वहीं बैठ गए। यह सब तक तक चलता रहा, जब तक कि वित्त व उप मुख्यमंत्री का बजट भाषण समाप्त नहीं हो गया। बाद में कांग्रेस ने वॉकआउट कर दिया।

### संसदीय कार्य मंत्री ने निंदा प्रस्ताव पारित करने की मांग की

कांग्रेस सदस्यों के हंगामें के बीच संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेसी सदस्यों से कहा कि आप गलत तरीके से सदन में अव्यवस्था फैला रहे हैं। यह उचित नहीं है। बजट भाषण के बाद विजयवर्गीय ने स्पीकर से इस पर निंदा प्रस्ताव पारित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सदन नियम व प्रक्रिया के तहत चलता है। इस तरह से हंगामा करना यह ठीक नहीं है।

### बजट भाषण समाप्त होने के बाद देवड़ा ने जताई नाराजगी

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि राज्यपाल के निर्देश पर आज बजट अनुमान पेश किया जा रहा है। इसके बाद भी इस तरह का हंगामा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष के सदस्यों ने जो व्यवहार किया है, ऐसा आचरण उचित नहीं है। बाद में सदन की कार्यवाही गुरूवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### कुल डेढ़ घंटे तक चला बजट भाषण

उप मुख्यमंत्री देवड़ा का बजट भाषण करीब डेढ़ घंटे से ज्यादा देरे तक चला। वे सुबह 11.15 बजे बजट भाषण शुरू किए थे, इसके बाद यह 12 बजकर 47 मिनट तक चला। इस दौरान तकरीबन सभी विभागों के लिए अच्छी खासी राशि का आवंटन किया गया। बजट भाषण में देवड़ा ने कुल 223 बिंदुओं पर अपनी बात कही।

### सबसे पहले औचित्य का प्रश्न ही उठता है

संसदीय कार्य मंत्री विजयवर्गीय ने इस प्रस्ताव के लिए पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री प्रह्लाद पटेल की ओर इशारा किया। पटेल ने कांग्रेस सदस्यों के इस हंगामें पर नियम प्रक्रियाओं का हवाला देते हुए कहा कि पहले यह तय हो कि इसका औचित्य क्या है? उन्होंने कहा कि किसी के भाषण के दौरान यह औचित्य का प्रश्न ही उठता है। हालांकि इस वक्त तक कांग्रेसी सदस्य वॉकआउट कर सदन से बाहर जा चुके थे। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष होता तो उनके सामने यह बात आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहली बार इतना अच्छा बजट आया है। इसके बाद भी हंगामा उचित नहीं है।

### भाजपा विधायक दल की बैठक




**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित किया। बैठक का संचालन संसदीय कार्य मंत्री, मुख्य सचेतक कैलाश विजयवर्गीय ने किया।

## फूड पॉइजनिंग के कारण एक ही परिवार के 12 लोग बीमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चापा

छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में एक ही परिवार के 12 सदस्यों को फूड पॉइजनिंग हो गया। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांजगीर चांपा जिले के कनई गांव में एक ही परिवार के 12 सदस्यों को फूड पॉइजनिंग हो गया। बताया जा रहा है कि सभी की मशरूम खाने से तबीयत बिगड़ गई। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार गुरुवार की दोपहर 12 बजे सभी ने मशरूम की सब्जी खाई थी। वहीं, तीन बजे सभी को उल्टी और सीने में दर्द होने लगी। इसके बाद 108 को सूचना दी गई। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार जारी है। इसमें तीन बच्ची, चार महिला, पांच पुरुष शामिल हैं। कुल 12 सदस्य में से तीन बच्ची और एक महिला की हालत गंभीर है।

### खबर संक्षेप

### शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती 7 को जाएंगे मुंबई

**भोपाल।** पश्चिमाम्न्याय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज का बुधवार को भोपाल आगमन हुआ। महाराजश्री रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से शंकराचार्य मठ झरनेश्वर महादेव पहुंचे। यहां महाराजश्री तीन दिवसीय तक भोपाल प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान भक्तों ने पादूका पूजन किया। महाराजश्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। 7 जुलाई को महाराजश्री मुंबई के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 तथा शाम 5 से 8 बजे तक भक्तों को आशीर्वाद देंगे।

### यूथ कांग्रेस के सत्याग्रह का समापन

**भोपाल।** नर्सिंग घोटाले के खिलाफ बोर्ड ऑफिस चौराहे पर चल रहे यूथ कांग्रेस के सत्याग्रह में बुधवार को विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पहुंचे। उन्होंने यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र सिंह को बिस्कुट खिलाकर सत्याग्रह समाप्त कराया। इस मौके पर उमंग सिंघार ने कहा कि हमारी लड़ाई एक मंत्री से है। उनका इस्तीफा न होने तक ये लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीधे-साधे विद्यार्थी कॉलेज में एडमिशन ले लेते हैं। उन्हें क्या पता की कॉलेज फर्जी है। यहां भोपाल में मंत्री के साथ मिलकर अधिकारी नियमों में छेड़छाड़ करते हैं, जिससे छात्रों का भविष्य बरबाद हो रहा है। प्रदेश के युवाओं को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि हम आपके भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे, ये सत्याग्रह जब पूरा होगा जब नर्सिंग कॉलेज की पूरी लड़ाई आप जीतेंगे। आपकी ये लड़ाई सदन से लेकर मैदान तक चलती रहेगी। हमारी लड़ाई उस मंत्री से है, जो मोहन यादव की सरकार की कैबिनेट में मंत्री है। अभी नए-नए मोहन यादव आए हैं अभी उनकी छवि स्वच्छ है। विदित हो कि नर्सिंग कॉलेज घोटाले के खिलाफ यूथ कांग्रेस ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर 24 घंटे का सत्याग्रह शुरू किया था। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह के साथ छात्र-छात्राएं भी शामिल हैं।

### मध्यप्रदेश का नर्सिंग महाघोटाला व्यापमं पार्ट टू: जयवर्धन

**भोपाल।** कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने नर्सिंग कॉलेज महाघोटाला को मप्र का व्यापम पार्ट टू बताया है। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश के लाखों युवा जिन्होंने पूरी फीस भरी है वो न्याय के लिए भटक रहे है। वर्ष 2020 से प्रथम वर्ष से आगे ना उनका प्रमोशन हो पाया और उनको डिग्री मिल पाई। जयवर्धन ने कहा कि सिर्फ कुछ कॉलेज संचालक जिन्होंने रिश्वत दी थी उन्हें गिरफ्तार किया है, लेकिन व्यापक कार्रवाई कब होगी।

### एसडीएम ने तीन करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया कब्जा

## सरकारी जमीन पर अवैध गोशाला पांच दर्जन से अधिक गाय हुईं शिफ्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के करोंद के शांति नगर में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से डेयरी और गोशाला संचालित करने का मामला बुधवार को सामने आया है। गोशाला में 78 गाय रखी थीं। इन गायों के लिए न तो कोई छत थी और न खाने की व्यवस्था। प्रशासन ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाकर सभी गायों को निपानिया स्थित गौशाला में शिफ्ट कर दिया है। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत तीन करोड़ रुपए आंकी गई है।

### बड़ी कार्रवाई

एसडीएम गोविंदपुरा रवीश श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पिछले छह साल से डेयरी संचालित की जा रही थी। पूर्व में डेयरी हटा दी गई थी। यहां पर रामबाबू पिता मथुरा प्रसाद दांगी द्वारा करोंद के शांति नगर के खसरा क्रमांक 150/ 2 में 0.200 हेक्टर में अवैध रूप से गोशाला चलाई जा रही थी। यहां पर सड़कों पर घूमने वाली 78 गायों को रखा गया था। उनके लिए न तो यहां छत थी और ना ही खाने की व्यवस्था। इस गोशाला में कीचड़ ही कीचड़ था। बारिश और कीचड़ के बीच इन गायों को रखा गया था। प्रशासन ने नगर निगम के अमले के सहयोग से इस सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। इन गायों को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद निपानिया स्थित पंचायत की गोशाला में शिफ्ट किया गया है।

### ज्वैलरी शॉप में चोरों ने लाखों के जेवर चुराए



**रायपुर।** रायपुर की एक ज्वेलरी शॉप में चोरों ने धावा बोला। चोर सब्बल से ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसे। फिर वहां रखे करीब 5 लाख कीमत के चांदी के गहने और बर्तन लेकर फरार हो गए। इस दौरान चोरों की नजर सोने के गहनों से भरी तिजोरी पर नहीं पड़ी। जिससे चोरों ने उसे हाथ भी लगाया। ये पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। फिलहाल पुलिस इस मामले में एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है। ज्वेलरी दुकान के मालिक कमल बघेल ने बताया कि उनकी बोरियाखुर्द में प्रभुचंदा ज्वेलर्स नाम की दुकान है।

## छत्तीसगढ़ के उत्तर और मध्य क्षेत्र में कल के बाद भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इन दिनों ज्यादातर जिलों में बारिश हो रही है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को भी अच्छा बारिश हुई। इससे मौसम ठंडा हो गया है। कई जगहों पर गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। कई जगहों पर रुक-रुक बारिश हो रही है। लगातार बारिश होने की वजह से कई जिलों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान माना में दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ के उत्तर और मध्य क्षेत्र में 6 जुलाई तक बारिश की गतिविधि में हल्की कमी रहने की संभावना है। इसके बाद फिर से बारिश की गतिविधि बढ़ेगी। गरज चमक के साथ तेज हवाएं और भारी बारिश की संभावना है। हालांकि इस बीच में बारिश की गतिविधि जारी रहेगी। मानसून सक्रिय होने से प्रदेशभर में गरज चमक के साथ भारी बारिश के आसार हैं। साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती है।मंगलवार रात से घने बादल और ऐसी रिमझिम फुहारें पडऩे से बुधवार शाम तक सावन जैसा मौसम बन गया है। गुरुवार को इसमें कुछ कमी आएगी। शहर में सुबह 8.30 से रात 8.30 बजे तक बैरागढ़ में 27 मिमी बारिश हुई। यहां एक जून से बुधवार सुबह 8.30 बजे तक कुल 330.5 मिमी बारिश हो गई।




### कृषि शिक्षा में सुधार संबंधी मांगों को लेकर कृषि मंत्री शिवराज को एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन देकर कृषि शिक्षा में सुधार संबंधी विभिन्न मांगे रखीं।

इसमें नए शैक्षणिक संस्थान खोलने, वर्तमान के विभिन्न कृषि शिक्षा संस्थानों के बुनियादी ढांचे में सुधार, कृषि शिक्षा के मानकों में सुधार आदि मांगे शामिल हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिवराज सिंह चौहान के समक्ष कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए शीघ्रता से प्रयास, कृषि विषय की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप अवसरों के सृजन, कृषि उच्च शिक्षा के मानकों में एकरूपता, कृषि उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करने जैसे बिंदु रखें हैं। परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि देश का कृषि क्षेत्र बड़ी आबादी की आजीविका का साधन है। देश में कृषि शिक्षा में शीघ्रता से सुधार, कृषि शिक्षा के लिए सभी राज्यों में उच्च गुणवत्तायुक्त शैक्षणिक संस्थानों का निर्माण जैसे विभिन्न प्रयासों की आवश्यकताओं से विद्यार्थी परिषद ने केन्द्रीय कृषि मंत्री को अवगत कराया है।

### विधानसभा की कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के सभापतित्व में बुधवार को विधानसभा भवन में कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सत्र के सुचारू रूप से संचालन एवं सदन के कामकाज के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, अजय विश्नोई, सुश्री मीना सिंह मांडवे, हरिशंकर खटीक, राजेंद्र भारती, यादवेंद्र सिंह, लखन घनघोरिया, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह मौजूद थे।

### महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी की भगवान श्रीकृष्ण पर विवादित टिप्पणी प्रतिबंध लगाने व पद से हटाने की मांग

**उज्जैन।** अब निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी की भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र पर टिप्पणी सामने आई है। इसका वीडियो सामने आने के बाद उज्जैन के संतों ने कुमारस्वामी पर प्रतिबंध लगाने और महामंडलेश्वर पद से हटाने की मांग की है।



राजस्थान के महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी गुरुदेव के नाम से जाने जाते हैं। वायरल वीडियो में वे कहते दिख रहे हैं- चरित्रहीन कौन है? भगवान कृष्ण। 1 शादी कर ली, 2 कर ली, 15 कर ली, 16 कर ली... बहुत है, कितनी कर ली? 16000...ये कोई चरित्र है। उज्जैन के संत महामंडलेश्वर सुमनानंद ने कहा कि सनातन क्षेत्र में कार्य करने वाले ही सनातन के विपरीत बयान दे रहे हैं। ब्रह्मर्षि कुमारस्वामी 25- 30 साल से धर्म के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि वे निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर हैं और भगवान कृष्ण को चरित्रहीन कह रहे हैं। मैंने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष को पत्र लिखा है कि चारों कुंभ में इनका आना निषेध करें। इनकी महामंडलेश्वरी खत्म करना चाहिए। हालाकि हरिभूमि इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

### आरा चोकी क्षेत्र के गिरमा के पास नाकाबंदी

## अंग्रेजी शराब की तस्करी करते दो आरोपी रंगेहाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर



छत्तीसगढ़ के जशपुर में पुलिस ने झारखंड से अंग्रेजी शराब की तस्करी करते 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और कार जब्त की है। मामला आरा चौकी क्षेत्र का है। घटना के संबंध में एसडीओपी चंद्रशेखर परमा ने बताया कि सूचना मिली कि 2 युवक भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब कार में रखकर जशपुर की ओर आ रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम ने आरा चौकी क्षेत्र के गिरमा नाला के पास नाकाबंदी की। आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने झारखंड की ओर से जशपुर की ओर आ रही कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार की डिक्की में 5 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की गई।

### एंडोवस्क्युलर तकनीक से कैथेटर को दिमाग की नस तक पहुंचाया

## बीएमएचआरसी: दिमाग की नस गुब्बारे की तरह फूलने से बुजुर्ग को आते थे बार-बार मिर्गी के दौरे

आईसीए एन्यूरिज्म नामक बीमारी से परेशान था पीड़ित मरीज


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिमाग की नस गुब्बारे की तरह फूलने से 60 वर्षीय बुजुर्ग को मिर्गी के दौरे आने लगे थे। साथ ही जान जाने का जोखिम था। ऐसे में बीएमएचआरसी के तीन विभाग की संयुक्त टीम ने मरीज की सफल सर्जरी को अंजाम दिया। जिससे मरीज की जान बचाई जा सकी और हालत में भी सुधार आ रहा है।

जानकारी के अनुसार मरीज के मस्तिष्क के अति संवेदनशील हिस्से की धमनी का एक हिस्सा गुब्बारे की तरह फूल गया था, जिसका डॉक्टरों ने रेडियो लॉजिकल इन्टरवेंशन प्रक्रिया के जरिए मरीज का इलाज किया।

**इनमें होता है खतरा**

- बुजुर्ग व हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों में
- अनुवांशिक वजहों से भी होती है बीमारी
- ब्रेन की बायपास सर्जरी के लिए बैलून ऑक्ल्यूजन टेस्ट
- बीएमएचआरसी में इन्टरवेंशन रेडियोलॉजी प्रक्रिया से होने वाला बैलून ऑक्ल्यूजन टेस्ट शुरू हो गया है। इस जटिल टेस्ट से मस्तिष्क की एक नस को ब्लॉक करने से अन्य नसों में रक्त का प्रवाह उचित ढंग से हो रहा है या नहीं, यह देखा जाता है। हाल ही में पैरालिसिस के शिकार एक मरीज का यह टेस्ट किया गया। भोपाल में चुनिंदा अस्पतालों में ही यह टेस्ट होता है।



**नस में एन्यूरिज्म होना बहुत गंभीर**

मस्तिष्क की नस में एन्यूरिज्म होना बहुत गंभीर है। न्यूरो सर्जरी और रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टर की टीम ने इस कठिन प्रोसीजर को अंजाम दिया। इस तरह की सर्जरी अस्पताल में पहली बार हुई।

डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, निदेशक, बीएमएचआरसी

न्यूरो सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप सोरते ने बताया कि जांच में आईसीए एन्यूरिज्म नामक बीमारी पाई गई। इसमें फूली हुई नस के कभी भी फटने का खतरा रहता है, जिससे मौत हो जाती है। यह बीमारी रेयर ही देखने को मिलती है। विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सौरभ दीक्षित के अनुसार एनेस्थीसिया व रेडियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों के साथ मरीज का इलाज किया गया। एंडोवस्क्युलर तकनीक से पैरों की नस से एक कैथेटर मस्तिष्क की कैरोटेड आर्टरी के प्रभावित हिस्से तक पहुंचाई गई। यहां एक विशेष तरह की सामग्री प्लैटिनम कॉइल के जरिए नस के फूले हुए हिस्से को भर दिया गया।

### दो सीएम राइज स्कूलों में किया गया निःशुल्क बस सेवा का ट्राइल

**भोपाल।** राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई स्कूलों में बसों का ट्राइल कराया जा रहा है। भोपाल के गोविंदपुरा शासकीय सीएम राइज उमा विद्यालय और भेल स्थित शासकीय महात्मा गांधी सीएम राइज उमा विद्यालय में बसों का ट्राइल किया गया।

- प्रदेश के 275 सीएम राइज स्कूलों में शुरू की जा रही सुविधा

इस दौरान बसों के रूट और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि राजधानी भोपाल के आठ सीएम राइज स्कूलों सहित प्रदेश के 275 सीएम राइज स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए बस की सुविधा शुरू की जा रही है। प्रदेश कई जिलों में यह सुविधा शुरू हो गई है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' कैंपेन का शुभारंभ



**रायपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आइडिया पर छत्तीसगढ़ में अभियान शुरू होने जा रहा है। अभियान का नाम है एक पेड़ मां के नाम। गुरुवार को इस अभियान के तहत प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने पौधा लगाया। ये दहीमन का पौधा था। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा- समस्त प्रदेशवासियों से मेरा आग्रह है कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए एक पेड़ जरूर लगाएं। मुख्यमंत्री ने जिस दहीमन के पौधे को लगाया उसके कई औषधीय फायदे हैं।



रांची। राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने राज भवन के दरबार हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में हेमन्त सोरेन को झारखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री के पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने श्री हेमन्त सोरेन को शपथ लेने के उपरांत हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी। इससे पूर्व प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) श्रीमती वंदना दादेल ने मुख्यमंत्री की नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को शपथ ग्रहण हेतु आमंत्रित किया गया।उक्त अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन एवं चम्पाई सोरेन, सांसदगण, विधायकगण समेत भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के वरीय अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। राज्यपाल महोदय ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से कुशलक्षेम जाना।



मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन से राज भवन में भेंट कर झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री पद से अपना त्यागपत्र समर्पित किया। राज्यपाल ने उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था होने तक अपने पद पर बने रहने हेतु कहा था।



इसके पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल के समक्ष झामुमो, कांग्रेस, राजद, भाकपा (माले) के नेता व विधायकगण के साथ झारखंड राज्य में अपने नेतृत्व में सरकार गठन हेतु दावा प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर उन्होंने विधायकों की सूची भी समर्पित की।



बिरसा चौक, रांची में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा- सुमन अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।

# 'मैं भगवान से मिला था ...'

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

आपने अपनी ज़िंदगी में कई बार स्वर्ग और नर्क को लेकर बहुत सी बातें सुनी होंगी। नर्क में जहां बुरी से बुरी चीजों की कल्पना की जाती है, वहीं स्वर्ग को खूबसूरत और सुकून भरा बताया जाता है। हालांकि, अब तक किसी ने ये नहीं बताया होगा कि स्वर्ग में भी प्लॉटिंग होती है, ज़मीनें बिकती हैं और घर बनते हैं! आजकल ऐसा ही एक मामला सुर्खियों में है, जिसने लोगों के होश उड़ा दिए हैं।आप किसी सुंदर सी जगह को देखकर कह उठते हैं कि ये तो 'स्वर्ग' है। सोचिए अगर आपको स्वर्ग में ही रहने का मौका दिया जाए तो? अरे, हम ऐसा नहीं कह रहे, मेक्सिको के एक पादरी ने लोगों को ये ऑफर दिया है। 'इग्लेसिया डेल फाइनल डे लॉस टिमपोस' या फिर 'चर्च ऑफ द एंड ऑफ टाइम्स' के पादरी ने ये दावा किया है कि वो लोगों के स्वर्ग में रहने की बुकिंग पहले ही कर सकता है।

## 'भगवान से मिलकर आया हूं मैं'



मेक्सिको के 'चर्च ऑफ द एंड ऑफ टाइम्स' का दावा है कि इस पादरी की साल 2017 में भगवान से एक प्राइवेट मीटिंग हुई थी और उन्हें ये अनुमति दी गई कि स्वर्ग की ज़मीनों की बिक्री और खरीद की जा सकती है। स्थानीय रिपोर्ट्स की मानें तो भगवान के महल के पास ही मौजूद जगहों पर लोगों को ज़मीन दिलवाने का वादा किया जा रहा है और उसका भुगतान अलग-अलग पेमेंट मोड से लिया जा रहा है। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है।

## 'स्वर्ग में ज़मीन बिक रही है, ले लो'

स्वर्ग में ज़मीन खरीदने के लिए लोगों को जो रेट बताया गया है, वो महज 100 डॉलर प्रति वर्ग मीटर यानी 8000 रुपए/वर्ग मीटर है। इसके लिए पेमेंट गूगल पे, वीज़ा, मास्टरकार्ड जैसे फ्लेक्सिबल पेमेंट प्लान के तहत लिया जा रहा है।

# करोड़ों की है मालकिन, है आलीशान घर, फिर भी रहती है पिद्दी सी वैन में

एजेंसी ▶▶| लंदन

चाहे आप देश में रहते हों या विदेश में, अगर बड़े शहर में हैं तो घर खरीदना बेहद महंगा है। ऐसे में लोग अब किराये पर रहने को ही विकल्प मान रहे हैं। हालांकि, अब तो किराया भी इतना ज्यादा हो चुका है कि लोगों को लगता है, इससे भी अच्छा रास्ता ढूंढा जाए. भारत में तो अभी नहीं, लेकिन विदेशों में अब इसीलिए वैन कल्चर ज़ोर पकड़ रहा है। वैसे अगर सिर्फ किराया बचाने को वैन कल्चर से जोड़ा जाए तो भी ठीक नहीं होगा। क्योंकि, कुछ लोग दौलतमंद होने के बाद भी छोटी सी जगह पर रहना पसंद करते हैं। लोग खुशी और संतुष्टि के लिए पैसे को सबसे ज्यादा तरज़ीह देते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि एक करोड़पति महिला दौलत होने के बाद भी एक छोटी सी वैन में ज़िंदगी गुजार रही है।

## लोगों ने दी अलग-अलग प्रतिक्रिया

वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। सिर्फ तीन दिनों में इसे बहुत से लोग देख चुके हैं और इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। बहुत से यूज़र्स को उसकी बात सही नहीं लगी तो कुछ ने उसकी तारीफ भी की है।




# बीज से लेकर कटाई तक किसानों का साथ देगा गोदरेज

**मुंबई।** गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के बीज व्यवसाय ने हाल ही में अपने चैनल भागीदारों के लिए आयोजित एक बैठक में तीन नए उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी ने मक्का और धान के लिए हाइब्रिड (संकर) बीजों के अपने मौजूदा पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए, मक्का में जीएमएच 6034 तथा जीएमएच 4110 और धान में नव्या के लॉन्च की घोषणा की। गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के फसल संरक्षण व्यवसाय के मुख्य कार्यकारी, राजावेलु एन.के. ने इस व्यवसाय पर अपनी टिप्पणी में कहा, 'गोदरेज एग्रोवेट में, हमारा प्रयास है कि ऐसे समाधान पेश किये जाएं जो उपज बढ़ाने में किसानों की मदद करें। हम बीज उद्योग में उन कुछ कंपनियों में से एक हैं जिनके पास अपनी अनुसंधान एवं विकास इकाई है और ऐसे में हमारे फसल संरक्षण व्यवसाय के साथ, हमारा लक्ष्य किसानों को बीज से कटाई तक सहायता प्रदान करेगा।

# शिक्षक तो पढ़ा रहे हैं, लेकिन क्या बच्चे सीख भी रहे हैं?

**जबलपुर।** शिक्षा का मतलब कभी.भी किसी खाली पात्र में जल भरने तक ही सीमित नहीं रहा है। महान अर्थशास्त्राr तथा नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन एवं अभिजीत बनर्जी भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं कि किसी भी अन्य की तुलना में शिक्षा एकमात्र ऐसा साधन है, जो जीवन के अवसरों में वृद्धि करने का सबसे कारगर जरिया है।हमारे पुराणों में भी कहा गया है "सा विद्या या विमुक्तये!" अर्थात विद्या वही है, जो मुक्त करे। पहले के समय में जब गुरुकुल शिक्षा हुआ करती थी, तब इस वाक्य का एक.एक शब्द अपनी बात पर खरा उतरता था। इसके मायने 90.2000 के दशक तक भी सटीक ही थे। लेकिन, बीते कुछ वर्षों में हमारे देश में शिक्षा का स्तर काफी नीचे गिर गया है। न तो शिक्षा प्रदान करने वाला इस गर्त में गिरने से खुद को रोक पाया है और न ही शिक्षा अर्जित करने वाला।शिक्षक बेशक बच्चों को पढ़ाते हैं, लेकिन मेरे मायने में उस शिक्षा का कोई महत्व नहीं, जो सिर्फ सिलेबस पूरा करने तक ही सीमित हो। शिक्षक जो पढ़ा रहा है, बच्चे उसे समझ पा भी रहे हैं या नहीं, यह गंभीर मुद्दा कक्षा में लगे बोर्ड के पीछे ही कहीं छिप जाता है। शायद वह भी शिक्षक की डाँट या मार से डरता हो।

कभी.कभी तो यह लगता है कि सत्र के भीतर सिलेबस को पूरा करना ही शिक्षकों का प्राथमिक कर्तव्य है, बच्चों के ज़हन में इसके अध्याय और उनसे मिलने वाली सीख बैठी या नहीं, इससे उन्हें शायद फर्प पड़ता ही नहीं। एक तथ्य यह भी है कि एक कक्षा में बच्चों की 50 से लेकर 70 तक की संख्या को दाखिल कर लिया जाता हैए स्थिति अनुसार यह संख्या घट.बढ़ सकती है। अब यदि एक.एक बच्चे पर ध्यान देंगेए तो फिर वही बातए सिलेबस कब पूरा होगा। कमजोर बच्चे डर के मारे शिक्षकों से कुछ पूछ ही नहीं पाते और परिणाम के रूप में स्कूलों की यह भीड़ कोचिंग संस्थानों में बढ़ती चली जाती है। हालात ये हैं कि अब तो कोचिंग संस्थान भी स्कूल जैसे ही प्रतीत होने लगे हैं। इससे एक स्तर और आगे बढ़ते हुए इन संस्थानों में 100.100 बच्चों की बैच को एक साथ पढ़ाया जाता है। एक तरफ कुआँ और एक तरफ खाई के बीच डोलता हुआ बच्चा आखिर जाएए तो जाए कहाँ? शिक्षा के मायने तब ही पूरे हो सकते हैं, जब कोई विषय विशेष जिस भाव और अर्थ के साथ पढ़ाया जाएए वह उसी भाव और अर्थ के साथ समझा और सीखा भी जाए। शिक्षा स्वत तो है नहीं, जो सिर्फ पढ़ा देने भर मात्र से बच्चों को समझ आ जाए। यहाँ बड़ा प्रश्न उठता है कि इस कमी का आकलन किसका हो। बच्चे का, शिक्षक का या फिर पूरी की पूरी शिक्षा प्रणाली का। भारत देश में प्रारंभिक शिक्षा को संविधान के तहत मूलभूत अधिकार (शिक्षा का अधिकार, 2009) घोषित किया गया है, यानि सभी 6 से लेकर 14 वर्ष के बच्चों को बिना किसी भेदभाव के अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एनएएस) और एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एएसईआर) यह स्पष्ट करते हैं कि बच्चे अपनी उम्र और कक्षा के अनुसार सीख ही नहीं पाते हैं। प्राथमिक स्कूलों में 10 करोड़ से भी अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं। बेहद चौंकाने वाले आँकड़ें उपरोक्त रिपोर्ट से सामने आए हैं कि इनमें से लगभग 55 फीसद बच्चे दस साल की उम्र में अपनी भाषा के अक्षर, शब्द या वाक्य ठीक से पढ़ भी नहीं पातेए लिखना तो बहुत दूर की बात है। वर्ल्ड बैंक में इसे लर्निंग पॉवर्टी कहा जाता है और यह बेहद दुर्भाग्य की बात है कि हमारा देश भी इसी श्रेणी में आता है। मैं फिर वही सवाल करता हूँ कि इसका जिम्मेदार कौन है, बच्चे, शिक्षक या शिक्षा प्रणाली फिर एक सवाल यह भी है कि क्या सभी बच्चे समान रूप से सीख पा रहे हैं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, तीसरी कक्षा की पढ़ाई पूरी होने तक सभी बच्चों को पढ़ने, लिखने और सामान्य गणित के कौशल आ जाने चाहिए। एक तथ्य यह भी है कि इंसान के मस्तिष्क का 85.90 प्रतिशत विकास इसी उम्र (0.5) में होता है। और इस उम्र में जिन बच्चों को उचित शिक्षा नहीं मिलती, उनकी बुनियाद पूरे जीवन ही कमजोर बनी रहती है। इस उम्र में, उन्हें जो भी सिखाया जाता है, उन्हें कंठस्थ हो जाता है।




अतुल मलिकराम
(लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)

# चीन में खाए जाते हैं ऐसे गोलगप्पे, आलू चना नहीं, भरते हैं ऐसी खौफनाक चीज

एजेंसी ▶▶| बीजिंग



चीन के लोग अपने अजीबोगरीब खान-पान की वजह से अक्सर चर्चा में रहते हैं। हम जिस जीव को देखकर डर जाते हैं, वहां के लोग उसी का सूप पीते हैं। हम जिस जानवर को घर में पालते हैं, वे उसी का मीट खा जाते हैं। कुत्ते, बिल्ली से लेकर मगरमच्छ के अलावा सांप और बिच्छू को भी यहां के लोग खाने से नहीं हिचकते हैं। लेकिन सोचिए, आपके गोलगप्पे के साथ कोई ऐसा छेड़छाड़ करे तो कैसा लगेगा? निश्चित रुप से खराब लगेगा। लेकिन सोशल मीडिया पर चीन की एक महिला का गोलगप्पा खाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। लेकिन गोलगप्पे में न तो आलू है और ना ही चना डला हुआ, बल्कि उसमें डालने के लिए टमाटर के चारों ओर लपेटकर एक बड़ी सी बाम मछली रखी हुई है।

## वीडियो वायरल

वायरल हो रहे इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि चीन की रहने वाली एक महिला अपने हाथों में एक प्लेट पकड़े हुई है, जिसमें 2 गोलगप्पे रखे हुए हैं। गोलगप्पों के बगल में एक छोटा सा टमाटर है और उसके चारों ओर एक बाम मछली को लपेटा गया है। महिला को शायद उस मछली को गोलगप्पे में भरना था, लेकिन वो उसे उठाकर कच्चा चबाने लगती है। इस दौरान उसका एक्सप्रेशन देखने लायक है। ये चीनी महिला चबा-चबाकर बाम को खाने की कोशिश कर रही है, लेकिन वो टूट नहीं रही है। लेकिन उस महिला की कोशिश जारी रहती है। इस दौरान प्लेट में गोलगप्पे को भी देखा जा सकता है।

# ट्रेन में कितने घंटे सो सकते हैं?

## ज्यादातर यात्रियों को नहीं होती जानकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ट्रेन में यात्रा तो हम सभी करते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को ये पता ही नहीं होता है कि अंदर बैठने और सोने के भी कुछ नियम होते हैं। ज्यादातर यात्रियों को आपने बर्थ गिराने और उठाने को लेकर लड़ते हुए भी देखा होगा, तो क्या इसके लिए भी कुछ नियम हैं?

अगर आप अक्सर लंबी दूरी की ट्रेन से यात्रा करते हैं तो आपको कुछ नियम-कानूनों के बारे में जानकारी होनी चाहिए, जो लोगों को अक्सर नहीं होती है। क्या आपको ट्रेनों में यात्रियों के सोने के समय के बारे में पता है? ज्यादातर लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं होती। पहले ट्रेन में यात्रियों को 9 घंटे सोने की सुविधा दी जाती थी। रात 9 बजे से पहले मिडिल बर्थ को उठाया नहीं जा सकता था, ताकि निचली सीट पर बैठे यात्री को परेशानी न हो। हालांकि ये समय भी यात्रा के हिसाब से ज़रा जल्दी ही था। नए नियमों के मुताबिक अब आप रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सो सकते हैं। पहले यह समय रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक था।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16 / जुलाई 24)

**फायनेंस**

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छूट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजों से सावधान) संपर्क मोबाइल:- 08826459431 (रायपुर /06 / जुलाई

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह का विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## शब्द पहेली - 5562



**बाएँ से दाए-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 5561 का हल



## सूडोकु नवताल - 5573

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5572 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |



स्पेशलः वर्ल्ड चॉकलेट-डे, 7 जुलाई

# यमी चॉकलेट बड़ी टेस्टी है कहानी

बच्चों, चॉकलेट खाने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है ना! क्या तुम जानते हो, इसको सबसे पहले कहां, कब और कैसे बनाया गया था? नहीं पता तो कोई बात नहीं। वर्ल्ड चॉकलेट-डे के अवसर पर हम तुम्हें इन सबके बारे में यहां बता रहे हैं। साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट और चॉकलेट म्यूजियम के बारे में भी जानो।

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

चॉकलेट खाना तो हर किसी को पसंद होता है। बच्चे तो इसे खूब मजे लेकर खाते हैं। चॉकलेट खाने में जितनी यमी होती है, उतनी ही दिलचस्प इससे जुड़ी बातें भी हैं। तो जानो चॉकलेट से जुड़ी कुछ रोचक बातें-

## अमेरिका में हुई शुरुआत

चॉकलेट बनाने की शुरुआत अमेरिका से मानी जाती है। शुरुआती दौर में यहां के लोग चॉकलेट निर्माण में यूज होने वाले कोकोआ-सीड्स को 'गॉड गिफ्ट' मानते थे। वे इसे एक तीखे एनर्जी ड्रिंक की तरह मसालों, कॉर्न सूप आदि के साथ इस्तेमाल करते थे। बीसवीं सदी तक आते-आते अमेरिकी सैनिक युद्ध के मैदान में फास्ट फूड की तरह इसका सेवन करने लगे।

## करेंसी के रूप में कोकोआ बींस

बच्चों, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि चॉकलेट बनाने के लिए जिन कोकोआ-बींस का इस्तेमाल किया जाता है, इन बींस को प्राचीन माया सभ्यता के लोग करेंसी (मुद्रा यानी रुपए-पैसे के तौर पर) के रूप में इस्तेमाल करते थे। कहते हैं, उन दिनों इसकी कीमत सोने से भी ज्यादा हुआ करती थी। इसका कारण यह था कि कोकोआ की खेती पर प्रतिबंध था और यह आसानी से उपलब्ध नहीं होता था।

## ऐसे बनती है चॉकलेट

चॉकलेट, कोकोआ बींस से बनती है। इसकी एक बीन यानी फली में 25 से 50 तक बीज होते हैं। चॉकलेट बनाने के लिए इन बीजों और फली के सफेद पल्प को लकड़ी के कंटेनर में पांच-सात दिनों के लिए बंद कर देते हैं। फिर बीजों को सुखाकर रोस्ट करते हैं, जिससे इनके छिलके अलग हो जाते हैं। इन बीजों से पेस्ट बनाते हैं। पेस्ट में मौजूद कोकोआ बटर को हाइड्रॉलिक प्रेशर से अलग किया जाता है। बचे हुए पेस्ट में चीनी, मिल्क पावडर और फ्लेवर मिलाकर चॉकलेट बनाते हैं। यहां यह भी बता दें कि दुनिया भर में उपजने वाले कोकोआ का 66 फीसदी हिस्सा पश्चिमी अफ्रीका में पैदा होता है। अकेले आइवरी कॉस्ट में पूरी दुनिया का 33-34 फीसदी कोकोआ का उत्पादन होता है।

## इंट्रेस्टिंग चॉकलेटी फैक्ट्स



**फिल्म के लिए बनाई चॉकलेट की नदी:** वर्ष 1971 में एक फिल्म 'विली वोनका एंड चॉकलेट फैक्ट्री' की शूटिंग के लिए चॉकलेट की नदी बना दी गई थी। इसके लिए 15 हजार गैलन पानी में चॉकलेट और क्रीम को मिलाया गया था।

**चॉकलेट इंटीरियर वाला घर:** वर्ष 2013 में बेलारूस के मिंस्क में रहने वाली एलीना क्लीमेंट ने एक ऐसा अनूठा घर बनाया, जिसमें मौजूद हर चीज चॉकलेट से बनी हुई थी। 600 किलो चॉकलेट की मदद से बने इस 20 वर्ग मीटर के कमरे में टेबल-चेयर, ड्रॉअर, फायर प्लेस, फ्लावरपॉट आदि सब कुछ चॉकलेट से ही बनाया गया था। इसे बनाने में ढाई महीने लगे। प्रदर्शन के बाद ये सभी चॉकलेटी सामान दर्शकों-ग्राहकों को चखाए गए।

**सबसे बड़ी चॉकलेट:** ब्रिटेन की एक चॉकलेट कंपनी ने साल 2011 में अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट का निर्माण किया था। इस चॉकलेट का वजन 5792.50 किलोग्राम था।




## चॉकलेट लवर हैं यूरोपियन

यूं तो दुनिया के हर देश में चॉकलेट खाने के शौकीन होते हैं, लेकिन यूरोप के लोग इसको कुछ ज्यादा ही पसंद करते हैं। 'इंटरनेशनल कोको ऑर्गेनाइजेशन' के अनुसार दुनिया की आधी चॉकलेट सिर्फ यूरोपियन खा जाते हैं। इसके मुताबिक एक ब्रिटिश, स्विस या जर्मन नागरिक साल में लगभग 11 किलो चॉकलेट खा लेता है।

## दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट

पिछले वर्ष पुर्तगाल के ऑबिडुश शहर में आयोजित इंटरनेशनल चॉकलेट फेस्टिवल में दुनिया की अब तक की सबसे महंगी चॉकलेट 'ग्लोरियस' प्रदर्शित की गई। इस चॉकलेट की कीमत 7728 यूरो यानी लगभग 6,20,863 रुपए थी। रिपोर्ट के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड इस चॉकलेट के निर्माण में केसर, सफेद ट्रफल, मेडागास्कर के खास वनीला का यूज किया गया। 'ग्लोरियस' की पैकेजिंग भी बेहद खास थी। इस पर हजारों स्वरोस्की क्रिस्टल और मोती भी लगाए गए थे। *

## अनोखा चॉकलेट म्यूजियम



बच्चों, न्यूयॉर्क (अमेरिका) में एक चॉकलेट म्यूजियम भी है। उसका नाम है- चॉको स्टोरी। अनोखे तरह के इस म्यूजियम को खोलने का विचार जैक्स टोरेस को आया, जो पेशे से एक चॉकलेट मेकर हैं। म्यूजियम की खास बात यह है कि यहां जितनी भी चीजें बनी हुई हैं, वो सब चॉकलेट की ही बनी हुई हैं। तुम इस म्यूजियम में जिधर भी नजर घुमाओगे, तुम्हें सिर्फ और सिर्फ चॉकलेट ही नजर आएगा। म्यूजियम को देखने आने वाले लोगों को सबसे पहले यहां चॉकलेट खाने को दी जाती है। इसके अलावा यहां चॉकलेट के इतिहास के बारे में भी बताया जाता है। ऐसा एक और म्यूजियम जर्मनी के कोलोन शहर में भी मौजूद है, यहां भी चॉकलेट से जुड़ी रोचक जानकारियां दी जाती हैं।

कहानी / संदीप पांडे 'शिष्य'

तेजस को मैथ का सब्जेक्ट बिल्कुल पसंद नहीं था। मैथ्स के सवालों से वह डरता था। लेकिन मम्मी ने एक दिन कुछ ऐसे टिप्स दिए कि तेजस का मैथ को लेकर डर दूर हो गया।

# मेरी प्यारी मम्मी



आज तेजस बहुत परेशान था। वह बार-बार पानी पीता और कुछ सोचने लगता। उसे इस तरह परेशान देखकर मम्मी ने पूछा, 'तेजस, इतने परेशान क्यों दिख रहे हो?'

तेजस बोला, 'मम्मी, जब से मैं सेवेंथ क्लास में आया हूं, मैथ्स का सब्जेक्ट कुछ समझ में नहीं आता। इस सब्जेक्ट में मेरा बिल्कुल भी मन नहीं लगता है। मैथ की किताब उठाते ही मैं बुरी तरह घबरा जाता हूं। मेरा मैथ का होमवर्क भी अधूरा रह जाता है। आजकल मुझे रात में सोने के बाद भी मैथ्स के ही डरावने सपने दिखाई देते हैं।' यह सब बताते हुए तेजस का चेहरा एकदम मुरझा-सा गया।

'बस इतनी सी बात!' मम्मी हौले से मुस्कुराईं और तेजस को समझाते हुए बोलीं, 'बेटा, स्कूल में जो भी सब्जेक्ट पढ़ने होते हैं, उनको लेकर हम सबकी रुचियां अलग-अलग होती हैं। अन्य सब्जेक्ट्स की तरह ही किसी को मैथ्स बहुत पसंद होती है, किसी को नहीं। लेकिन मैथ के सवालों से घबराकर इसे सॉल्व नहीं करना, इससे दूर भागना ठीक नहीं। बच्चों को अपने सिलेबस के सारे सब्जेक्ट्स पर ध्यान देना चाहिए। रुचि से पढ़ना चाहिए।'

तेजस ने पूछा, 'तो फिर मम्मी हमें क्या करना चाहिए?' 'बेटा, यह जो मैथ का सब्जेक्ट है, इसके लिए सबसे जरूरी है प्रैक्टिस। रेग्युलर प्रैक्टिस से मैथ्स के मुश्किल सवाल भी तुम आसानी से हल कर लोगे। अगर आज का टॉपिक या होम-वर्क कल पर टालते रहोगे तो मैथ्स तुम्हें और भी जटिल, बोझिल लगेगी। ये बातें मैथ्स ही नहीं हर, सब्जेक्ट पर लागू होती है।' मम्मी ने तेजस को प्यार से समझाया। तेजस मम्मी की बातें गौर से सुन रहा था। उन्होंने आगे समझाया, 'अब इसका आसान उपाय यह है कि सबसे पहले सरल और जल्दी से हल होने वाले सवाल किया करो। इससे तुम्हें एक खुशी मिलेगी, कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा कि तुमने सवाल हल कर लिया। एक जरूरी बात और सुनो, अगर कोई सवाल नहीं आ रहा हो, तो क्लास में टीचर से पूछने में बिल्कुल भी झिझक मत करो। तुम्हारे जो क्लासमेट्स मैथ्स में तेज हों, उनसे मदद लो। इसमें तुम्हें कभी कोई शर्म महसूस नहीं होनी चाहिए। आखिर वे तुम्हारे दोस्त हैं। अगर बार-बार हल करने पर कोई सवाल हल नहीं हो रहा तो कुछ देर कोई दूसरा सब्जेक्ट पढ़ लो फिर मैथ्स के सवाल हल करो, जरूर सफल होगे।'

'मम्मी, आपने तो मुझे काफी अच्छी सलाह दी है।' तेजस खुश होकर बोला। वह अब अपने-आप को बहुत ही हल्का महसूस कर रहा था।

'बेटा, पढ़ाई में एक और बात जान लो, किसी टफ सब्जेक्ट को ईजी बनाने में ग्रुप-स्टडी बहुत काम आती है। तुम्हें भी अपने दोस्तों के साथ ग्रुप-स्टडी करनी चाहिए। तुम अपने दोस्तों को घर बुला लो। मैं तुम लोगों के बढ़िए से नाश्ते-पानी का इंतजाम कर दूंगी। तुम सभी दोस्त नाश्ता भी करना और हंसते-खेलते मैथ्स के सवाल भी हल करना।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'सचमुच मम्मी...!' तेजस हंसते हुए बोला।

'हां-हां बेटा, मैं भी जब तुम्हारी उम्र की थी तो यही करती थी। ग्रुप-स्टडी के दौरान हम एक-दूसरे की काफी मदद करते थे। इसमें हमें बहुत मजा आता था, पढ़ाई कभी भी बोझ नहीं लगती थी।' मम्मी ने बताया।

तेजस को मम्मी की सारी बातें समझ आ गई थीं। उसने तय किया कि वह मम्मी की बताई बातों को अमल में लाएगा। वह बहुत खुश था, क्योंकि उसके मन से मैथ्स का डर भाग चुका था। वह मम्मी के गले लगकर बोला, 'आप मेरी प्यारी मम्मी हो!' *

## जीके क्विज-111

1. भारतीय क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीता?
2. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर कौन बने हैं?
3. हाल में लगातार दूसरी बार भारत के रक्षा मंत्री कौन बने हैं?
4. हर वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
5. ओलंपिक खेल कितने वर्षों के अंतराल पर आयोजित किए जाते हैं?
6. भारत के सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज कौन थी?
7. 'भारत कोकिला' के नाम से किन्हें जाना जाता है?
8. दुनिया का सबसे छोटा महासागर कौन सा है?
9. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
10. अंतरिक्ष से आसमान का रंग कैसा दिखाई देता है?



बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-110 का उत्तर :** 1.ओम बिरला, 2.अजीत डोभाल, 3.दक्षिण कोरिया, 4.तेलंगाना, 5.अल्बर्ट आइंस्टाइन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.चंद्रमा, 10.सहारा

**जीके क्विज-110 का सही उत्तर देने वाले :** मिर्जा अमीन बेग-रतनपुर, कबीर-हिसार, शुभम-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पायल-ईंमेल से, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी.ईशान-अहमदाबाद, नितिन-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, अंजलि-कवर्धा, मानवी मधुकर-बिलासपुर, दिव्या-रोहतक, आदित्य-रायपुर

## हंसगुल्ले

**नव्या :** तुम शीशे के सामने बैठकर क्यों पढ़ती हो?
**नैंसी :** क्योंकि इससे दो फायदे हैं।
**नव्या :** क्या फायदे हैं?
**नैंसी :** साथ में पढ़ने के लिए कंपनी मिल जाती है और खुद पर नजर भी रहती है।
-खुशबू, रायपुर



**सोनू :** पता है, कल रात भर मुझे नींद नहीं आई।
**मोनू :** क्यों?
**सोनू :** मैं सपने देखता रहा कि मैं जाग रहा हूं।
-प्रियांश, रोहतक

टीचर : बच्चों, यमुना नदी कहां बहती है?
रोहन : सर, जमीन पर?
टीचर : मैप में बताओ, कहां बहती है?
रोहन : सर, मैप में नदी बहेगी तो मैप गीला नहीं हो जाएगा?
-आर्यन, दुर्ग

# कैसे होती है रिमझिम बारिश

इन दिनों हर जगह बारिश हो रही है। बच्चों को तो बारिश बहुत ज्यादा सुहाती है, क्योंकि उन्हें बारिश में भीगने और छप्पाक-छपाई खेलने का मौका मिलता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि बारिश क्यों और कैसे होती है, बारिश की बूंदें गोल क्यों होती हैं? जानो, बारिश से जुड़ी पूरी जानकारी।



नॉलेज-टॉक / अशोक जोशी

समीर आज जैसे ही स्कूल पहुंचा, एकाएक बारिश होने लगी। वह सोचने लगा, कल तक तो गर्मी थी, अचानक बादल कहां से आ गए और बारिश होने लगी? समीर समझ नहीं पा रहा था कि आखिर बारिश होती कैसे है? विज्ञान के पीरियड में जब श्रीवास्तव सर आए तो उसने बड़ी जिज्ञासा से पूछ ही लिया, 'सर, एक बात समझ में नहीं आती कि बारिश होती कैसे है?' श्रीवास्तव सर पहले मुस्कराए फिर बोले, 'समीर, तुमने बहुत अच्छा प्रश्न पूछा है। तुम्हारी तरह सभी बच्चों के दिमाग में यही प्रश्न उठ रहा होगा। क्यों बच्चों, क्या कहते हो?' 'हां सर, प्लीज हमें बरसात के बारे में बताएं।' बच्चे एक स्वर में बोले। श्रीवास्तव सर ने बताना शुरू किया, 'बच्चों, वर्षा ऋतु, पूरे वर्ष का वह समय होता है, जब किसी क्षेत्र में अधिकांश औसत वर्षा होती है। पूरे भारत में गर्मी के बाद वर्षा ऋतु की शुरुआत जुलाई में होती है और सितंबर तक चलती है। यह ऐसा मौसम है, जिसका अलग-अलग कारणों से लोगों को इंतजार रहता है।'

'लेकिन सर पानी तो जमीन पर होता है। वह आसमान में कैसे पहुंचता है?' समीर की वर्षा को लेकर जिज्ञासा बढ़ती जा रही थी। श्रीवास्तव सर आगे बोले, 'तुम्हारा सोचना स्वाभाविक है कि आखिर आसमान में पानी कैसे पहुंचता है? सुनो, जब सूरज की किरणें धरती पर पड़ती हैं तो यह धीरे-धीरे धरती और विभिन्न जल स्रोतों में उपस्थित पानी को गर्म करने लगती हैं। गर्म होने के कारण पानी के कण एक-दूसरे से दूर होने लगते हैं फिर ये कण वाष्प में बदल जाते हैं। यह वाष्प बिल्कुल हल्की होती है, इसलिए हवा के साथ धीरे-धीरे आसमान की ओर चली जाती है।' 'सर, यह भी बताइए ना कि बादल कैसे बनते हैं और इनसे बारिश कैसे होती है?' विवेक ने अगला सवाल किया। 'वेरी गुड, विवेक...!' श्रीवास्तव सर इस प्रश्न पर खुश हुए, उन्होंने बादल बनने और बारिश होने की प्रक्रिया भी समझाई, 'वास्तव में होता यह है कि प्रत्येक 165 मीटर की ऊंचाई पर औसतन 1 डिग्री सेल्सियस तापमान कम होने लगता है, जिसके कारण ऊपर उठने वाली भाप ठंडी होने लगती है। जब जलवाष्प के ये ठंडे छोटे-छोटे कण एक-दूसरे से मिलकर इकट्ठा होते हैं, तो उन्हें हम बादल कहते हैं। चूंकि ये कण बहुत ही हल्के होते हैं, इसलिए ये हवा में आसानी से उड़ने लगते हैं।' श्रीवास्तव सर ने आगे और भी जानकारी दी, 'बच्चों,जब वायुमंडल का तापमान ओसांक (ड्यू प्वॉइंट) से नीचे गिर जाता है, तब बादल के रूप में संघनित जलवाष्प पानी की बूंदों या ओलों के रूप में पृथ्वी पर गिरने लगता है। बादल के रूप में जमा पानी के इन कणों को जमीन पर गिरने के लिए आपस में मिलकर एक क्रिस्टल बनाना पड़ता है। बर्फ का क्रिस्टल बनाने के लिए इन्हें किसी ठोस चीज की आवश्यकता होती है, जो क्रिस्टल के आधार का काम कर सके। बारिश के लिए जंगल की आग, फैक्ट्री या चिमनी आदि से निकलने वाले धुंए से निर्मित छोटे-छोटे कण, रेत के छोटे कण, सूक्ष्मजीव और अंतरिक्ष से आने वाले छोटे उल्कापिंड भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'

अब तक शांत बैठी संगीता ने भी अपनी गोल-गोल आंखें घुमाकर सवाल किया, 'सर, हमने गौर किया है कि बारिश की जो बूंदें आसमान से टपकती हैं, वे गोल होती हैं, ऐसा क्यों?' 'वाह संगीता! तुम तो बड़े ध्यान से बरसात की बूंदों को देखती हो।' सर हंसे और बोले, 'बच्चों, यह तो तुम जानते ही होगे कि पानी को जिस आकार के बरतन में डाल दें, वह उसके आकार में ही ढल जाता है। जहां तक बारिश के बूंदों की बात है तो 'सरफेस टेंशन' यानी पृष्ठ तनाव की वजह से गोल आकार की हो जाती हैं। ऊंचाई से गिरता हुआ कोई भी द्रव जैसे-जैसे पृथ्वी के पास आता है, वह छोटे-छोटे गोल बूंदों का रूप ले लेता है। गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में सबसे न्यूनतम आकार गोलाकार होता है। बारिश की बूंदें जब स्वतंत्र होकर गिरती हैं, तो वह न्यूनतम आकार लेने का प्रयास करती हैं। इसलिए गिरती हुई बारिश की बूंदें जैसे-जैसे छोटी होती जाती हैं, गोलकार रूप लेने लगती हैं।' एक पल ठहर कर श्रीवास्तव सर ने बच्चों से पूछा,

'अब सबके समझ में आ गया ना कि बारिश कैसे होती है?'

'हां सर!' सभी बच्चे समवेत स्वर में जोर से बोले। उधर बाहर गड़गड़ाहट के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई थी। बच्चों का मन कर रहा था बाहर निकल कर बारिश में भीगें और छप्पाक-छपाई खेलें। *

कविता
आशा शर्मा



## बरखा के संग

काले बादल शोर मचाएं
उमड़-घुमड़ कर हमें बुलाएं
दिल करता सब भूल-भालकर
बरखा के संग नाचे गाएं।
इंद्रधनुष को घर ले आएं
रोलर कोस्टर उसे बनाएं
सतरंगी झूले पर चढ़कर
आसमान में पींग बढ़ाएं।
कागज की कश्ती बनवाएं
ताल-तलैया में तैराएं
कैनवास धरती को कर लें
फिर मनचाहे चित्र बनाएं।
गीली मिट्टी से सन जाएं
घमौरियों पर लेप लगाएं
सावन वाली डोकरिया को
अपने घर का पता बताएं।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर: 1.लड़की के बाल में लगे फूल की एक पंखुड़ी गायब है। 2.लड़की की दाहिनी हथेली के पीछे दिख रहे पहाड़ की आकृति अलग है। 3.लड़की के फ्रॉक के निचले हिस्से पर दो पीली पट्टियां हैं। 4.लड़की के बाएं हाथ के पीछे फूल वाला एक नन्हा पौधा दिख रहा है। 5.लड़की के बाईं तरफ फूल वाला एक पौधा कम है। 6. लड़की के फ्रॉक के ऊपरी हिस्से में एक रिबन कम है।

## सही मैचिंग करो

बच्चों, इस चित्र में सोनू (S), मोनू (M) और राजू (R) फिशिंग कर रहे हैं। उनके फिशिंग रॉड के धागे आपस में उलझ गए हैं। तुम चित्र को गौर से देखो और बताओ कि किसने कौन-सी मछली पकड़ी?




उत्तर: S-2, M-3, R-1

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां कई सारी बिल्लियों के चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितनी बिल्लियां दिख रही हैं?



उत्तर-12







हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद टी-20 वर्ल्डकप चैंपियन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने डांसरों के साथ भांगड़ा डांस किया। इस दौरान तैनात सुरक्षाकर्मियों के चेहरों पर भी मुस्कान थी। लंबी यात्रा की थकान के बावजूद खिलाड़ियों ने उन सभी से हाथ मिलाया जो उनसे मिलना चाहते थे। खिलाड़ी ट्रॉफी के आकार का केक काटने के बाद अपने कमरों में चले गए।

# स्वदेश पहुंचने पर भारतीय खिलाड़ियों ने किया डांस, प्रधानमंत्री मोदी के साथ लगाए ठहाके





### मोदी को मिली नमो जर्सी

पीएम मोदी को भारतीय टीम की ओर से नमो जर्सी भी तोहफे के तौर पर दी गई। बीसीसीआई सचिव जय शाह और बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने यह जर्सी प्रधानमंत्री को भेंट की।

### पीएम की गोद में अंगद बुमराह

भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। दिल को छू लेने वाली तस्वीर में पीएम मोदी ने बुमराह, संजना और उनके बेटे अंगद के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### राजावत ने गेम्के को रौंदा आयुष और शंकर बाहर

**कैलगेरी।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने यहां कनाडा ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले डेनमार्क के रासमुस गेम्के को हराया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने बुधवार रात आठवें वरीय गेम्के को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में एक घंटे और 10 मिनट में 17-21, 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। राजावत अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। वह अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीयों आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा। शेट्टी को जापान के छठे वरीय कोकी वातानाबे के हाथों 14-21, 11-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि शंकर को फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ 16-21, 17-21 से हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में तान्या हेमंत ने कनाडा की जैकी डेंट को 21-13, 20-22, 21-14 से हराया जबकि अनुपमा उपाध्याय ने आयरलैंड की रैशेल डेरेग को 21-11, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### बाबर ने पावर हिटिंग कोच यंग से मांगी मदद

**लाहौर।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने हाल ही में समाप्त हुए विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने टी20 कौशल को फिर से तराशने के लिए प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई पावर हिटिंग कोच शेनन यंग की मदद मांगी है। बाबर ने टी20 विश्व कप के चार मैचों में 101 के स्ट्राइक रेट से 120 रन बनाए। बाबर ने ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल और जेक फ्रेजर मैकगर्क को कोचिंग दे चुके यंग से मुलाकात की और उनके साथ टी20 प्रारूप में सफलतापूर्वक पावर शॉट लगाने के लिए आवश्यक कौशल पर चर्चा की।

### आडवाणी ने वापसी कर पारिख को हराया



**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए।आडवाणी ने कहा, लय बनाए रखना अच्छा है। सिद्धार्थ मजबूत प्रतिद्वंद्वी है। खेल की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए यह एक रोमांचक मैच था। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ता है, ध्यान केंद्रित रखना महत्वपूर्ण होता है।

**विंबलडन : कोको ने एंका को मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराया**

# गॉफ, अल्कारेज की आसान जीत ओसाका दूसरे दौर में हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| लंदन

कोको गॉफ ने बुधवार को यहां क्वालीफायर एंका टोडोनी के खिलाफ सीधे सेट में आसान जीत के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई। पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब पर पहले दौर में शिकस्त झेलने वाली दूसरी वरीय अमेरिका की गॉफ ने रोमानिया की एंका को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराया।

पुरुष एकल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने एलेक्जेंडर वुकिक को 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत 29वें वरीय फ्रांसेस टियाफो से होगी। अमेरिका के टियाफो ने बोर्ना कोरिक को दूसरे दौर के मुकाबले में 7-6, 6-1, 6-3 से हराया था। महिला एकल के अन्य नतीजों में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर बाहर कर दिया जबकि 11वीं वरीय डेनियल कोलिंस ने अपना पहले दौर का मैच पूरा किया। उन्होंने क्लारा टॉसन को 6-3, 7-6 से हराया।





### संघर्ष कर जीते सिनर

बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने 2021 के उपविजेता और इटली के अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6 , 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### बोपन्ना-एब्डेन की शानदार जीत

भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन ने बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

# गुकेश ने कारुआना को बराबरी पर रोका, प्रज्ञानानंदा ने अंक बांटे

एजेंसी ▶▶| बुकारेस्ट

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे।

अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय कारुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं। नेपोमनियाची 3.5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है।

संयुक्त संचालक, कौशल विकास (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें संस्थाये)
जबलपुर संभाग जबलपुर, मध्यप्रदेश
संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (.प्र.म)
Ph: +91-761-2997584 E-MAIL jabalpurzonejd2011@gmail .com

जबलपुर संभाग की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने बावत्

// विज्ञप्ति //

वेबसाईड- www.mpskills.gov.in
क्रमांक : संसंचा/क्षेकाज /स्थाप/मे.प्र.विज्ञा.2024/354 /जबलपुर, दिनांक 27/06/2024

म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अन्तर्गत जबलपुर क्षेत्र में स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (ITI) में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त प्रशिक्षण अधिकारियों के पद के विरुद्ध मेहमान प्रवक्ताओं को आमंत्रित किया जाना है। आवेदकों से आवेदन पत्र वेबसाइट www.mpskills.gov.in पर दिनांक 04.07.2024 से 19.07.2024 तक ऑनलाइन स्वीकार किये जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन की पोर्टल से जनरेटेड प्रति एवं सम्बंधित सह दस्तावेज आवेदित की गई किसी भी आईटीआई में निर्धारित समयावधि में उपस्थित होकर सत्यापित कराने होंगे । आमंत्रित किए जाने वाले मेहमान प्रवक्ताओं के लिए शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता संबंधित ट्रेड ब्रान्च में आई. टी. आई. / डिप्लोमा अथवा डिग्री होना चाहिए आयु सीमा दिनांक 01.07.2024 को 18 वर्ष से कम नही होना चाहिए, अधिकतम आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है।

आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मंत्रालय के ज्ञापन क्रमांक एफ-02-02 / 2022/42-2 भोपाल, दिनांक 22-04-2022 एवं क्रमांक एफ- 02-02 /2022/42-2 भोपाल, दिनांक 05-10-2023 के अनुसार मानदेय भुगतान किया जायेगा ।

आमंत्रण शैक्षणिक सत्र समाप्ति तक अधिकतम 11 माह के लिए अथवा पद की पूर्ति नियमित प्रशिक्षण अधिकारी से होने पर / प्रवेश न होने पर / आवश्यकता न होने पर जो भी लागु हो तक होगा। आवेदन पत्र एवं अनुभव, शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता व्यवसायों के नाम एवं रिक्त स्थानों की विस्तृत जानकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यो से तथा वेबसाइट www.mpskills.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

संयुक्त संचालक (कौशल विकास)
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएँ, जबलपुर क्षेत्र
जबलपुर (म.प्र.)
G-12882/24

# बाबर के भविष्य पर फैसला कर्स्टन से सलाह के बाद

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने गुरुवार को कहा कि कप्तान के तौर पर बाबर आजम के भविष्य पर अभी कोई फैसला नहीं किया गया है और मुख्य कोच गैरी कर्स्टन तथा पूर्व खिलाड़ियों के साथ सलाह मश्विरे के बाद ही आगे फैसला लिया जाएगा। नकवी ने कहा कि वह कर्स्टन और सहायक कोच अजहर महमूद से यहां जल्द ही मुलाकात करेंगे और राष्ट्रीय टीम के टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह जल्दबाजी में कोई भी फैसला नहीं करेंगे। नकवी ने टी20 विश्व कप में सुपर आठ चरण से पाकिस्तान के बाहर होने के बाद टीम की आलोचना की थी और कहा कि थी इसमें काफी बदलाव की जरूरत है। उन्होंने यहां मीडिया से कहा, 'मैंने कर्स्टन और महमूद से यहां आने के लिए कहा है क्योंकि मैं उनसे आमने सामने बात करना चाहता हूं। कर्स्टन ने टीम पर एक विस्तृत रिपोर्ट दी है जिससे हमें भविष्य के बारे में फैसला लेने में काफी मदद मिलेगी। अभी तक बाबर आजम के संबंध में कोई फैसला नहीं लिया गया है।'

कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)
Office of the Municipal Corporation, Satna (M.P.)
"Swami Vivekanand Bhawan", Infront of Gayatri Mandir,
Diversion Road, SATNA-485001 Tel. : 07672-228818, Fax-07672-224799
क्रं. 118.न.पा. नि. / 2024 सतना, दिनांक ......

सार्वजनिक सूचना

श्री बालमुकुंद, अरूण कुमार पिता गोपालदास अग्रवाल, गौरव कुमार पिता शिवशंकर अग्रवाल निवासी- उधो बिल्डिंग जयस्तंभ चौक म.प्र., द्वारा मौजा डेलौरा स्थित आराजी क्र. 76/14 कुल रकवा लगभग 0.8900 हे. पर नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं नगर निगम से अनुज्ञा प्राप्त किये बगैर अवैध रूप से कालोनी विकसित की जा रही है। उपरोक्त अनाधिकृत कालोनी में भूखण्डों का क्रय विक्रय (अंतरण) अवैध है।

अधीक्षण यंत्री नगर पालिक निगम
सतना (म.प्र.)

# डोप जांच में विफल रही धाविका दीपांशी निलंबित

**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी (21 साल) ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50.92 सेकंड) के बाद 52.01 सेकंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में 'एनाबोलिक स्टेरायड' मिला है। ये नमूने 27 जून को (हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में) लिए गए। राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था।

पश्चिम मध्य रेल
सामग्री प्रबंधन विभाग
सूचना संख्या वरि. निविदा-भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा, मं.सा.प्र./ईपीएस/57/2024
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। इसमें हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| Sr.No | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1. | 94245283 | SUPPLY OF CASNUB 22 NLB BOGIE | 10 Nos. |
| 2. | 94245349 | Self Ventilated series field | 1 Nos. |

उपरोक्त निविदाओं ( क्रम संख्या-1 ) की Opening Date 31.07.2024एवं ( क्रम संख्या-2 ) की Opening Date 01.08.2024 है।
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर पालिका निगम जबलपुर (म.प्र.)
N.I.T. NO./04/PWD/08/PRO/NO.25 / /निविदा सूचना // DATED 04/07/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_355288_1 | मॉं खेरमाई वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सड़क में सीमेंटीकरण का कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>6.01 लाख/- | रू 2000/-<br>रू 6018/- | 19.07.2024 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा ।पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा
कार्यपालन यंत्री, (लोककर्म)
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल, उमरिया (म.प्र.)
फोन (कार्यालय-222217) ई-मेल - dfotumaria@mp.gov.in, website www.mpforest.gov.in
संक्षिप्त ई- निविदा सूचना
वनमंडल उमरिया के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्माण कार्यो हेतु ऋरल पंजीकृत व्यक्तियों / निमार्ताओं एवं फर्मो से ऑनलाईन निविदाएं https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा (क्विंटल / बैग / घ. मी./नग में) | धरोहर (रू. मे) | राशिप्रदाय स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहा सरिया, टेस्टेड आई.एस.आई मार्क (12 एम.एम.) | प्रति क्विंटल | 50,000/- (पच्चास हजार रुपए) मात्र | समस्त परिक्षेत्र |
| 2 | लोहा सरिया, टेस्टेड आई.एस.आई मार्क (10 एम.एम.) | प्रति क्विंटल | | |
| 3 | लोहा सरिया, टेस्टेड आई.एस.आई मार्क (8 एम.एम.) | प्रति क्विंटल | | |
| 4 | सीमेंट - ISI मार्क का 43 ग्रेड मेंजर प्लांट (50 कि.ग्रा.) | 'प्रति बैग | | |
| 5 | गिट्टी (20 एम.एम.) ब्लेक ट्रेप | प्रति घनमीटर | | |
| 6 | गिट्टी (40 एम.एम.) ब्लेक ट्रेप | प्रति घनमीटर | | |
| 7 | रेत (उच्च गुणवत्ता) | प्रति घनमीटर | | |
| 8 | लाल ईट पक्का कुम्हारी (9 "x 4" x 3") भट्ठा में पक्का हुआ | प्रति नग | | |
| 9 | ईट फलाई ऐश (9"x4"x3") | प्रति नग | | |
| 9 | स्टोन डस्ट | प्रति घनमीटर | | |
| 10 | मुरूम | प्रति घनमीटर | | |
| 11 | स्टील गेट ग्रिल आदि लोहे की पत्ती, एगल आयरन एवं कवायर राड से फेब्रीकेशन कर बेल्डिंग सहित | प्रति किलो | | |
| 12 | होलो एम. एस. पाईप की सामग्री ट्रस आदि फेब्रीकेशन कर बेल्डिंग सहित | प्रति कलो | | |

इस निविदा के लिए दिनांक 04.07.2024 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे है, निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम निर्धारित तिथि 27. 07.2024 समय 03.00 बजे तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 28.07.2024 को समय 04.00 बजे रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की विभागीय वेबसाईट https://mpforest.gov.inपर भी देख जा जा सकती है।

वनमंडलाधिकारी
सामान्य, वनमंडल उमरिया (म.प्र.)
G-12925/24

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)
प्रकाशन क्र. 93/2024-25 दिनांक 02.07.2024
म. प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं :-

| स.क्र. | निविदा सूचना क्र. / दिनांक | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | ऑन लाइन निविदा कय / प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 023/28.06.2024 | 2024_PHED_354057_1 | Supply of Laboratory Instrument for NABL Accreditation of Lab work in PHE SUB Division Narsinghpur/kareli/Gadarwara (3rd Call) | 11.25 | 22500.00 | 2000.00 | 16.07.2024 | 15 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 024/28.06.2024 | 2024_PHED_354059_1 | Drilling Of 150 mm Dia and 90 Mtr Ordinary Tubewell Deep T.W. in Village-Badagaon Of block Chichli District NARSINGHPUR (5th Call) | 11.40 | 22800.00 | 2000.00 | 16.07.2024 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 025/28.06.2024 | 2024_PHED_354060_1 | Drilling Of 200/150 mm Dia and 120 Mtr Ordinary Tubewell Deep T.W. in Villages Of block Chawarpatha District NARSINGHPUR (2nd Call) | 14.70 | 29400.00 | 2000.00 | 16.07.2024 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 026/28.06.2024 | 2024_PHED_354061_1 | Drilling Of 200/150 mm Dia and 120 Mtr Ordinary Tubewell Deep T.W. in Villages Of block Saikheda District NARSINGHPUR (2nd Call) | 14.70 | 29400.00 | 2000.00 | 16.07.2024 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 027/28.06.2024 | 2024_PHED_354063_1 | Drilling Of 200/150 mm Dia and 120 Mtr Ordinary Tubewell Deep T.W. in Villages Of block Chichli District NARSINGHPUR (2nd Call) | 14.70 | 29400.00 | 2000.00 | 16.07.2024 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

G-12895/24
कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग खण्ड - नरसिंहपुर (म.प्र.)




## बरगी, विजयनगर, बरेला, करौंदा बायपास में सड़कें खून से रंगी

# 24 घंटे में 4 सड़क हादसे, 7 की मौत

**जबलपुर। पिछले 24 घंटे के दौरान 4 सड़क हादसों में 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को इलाज के लिये नगर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। नगर में बढती सड़क दुर्घटनाओं ने यातायात विभाग की कारगुजारी और आम जनता के बीच सड़क यातायात जागरुकता के अभाव को उजागर कर दिया। शहर में कुछ स्थानों के अलावा राजमार्ग ब्लेक स्पॉट बन चुके हैं जिनका सर्वे किया जाना चाहिए। नगर में लगातार बढ रहे सड़क हादसों को देखते हुए यातायात विभाग को आम जनता को जागरुक करने के लिये अभियान चलाना चाहिये ताकि वाहन चालकों की लापरवाही से होने वाले हादसों को रोका जा सके।**

### पिकअप वाहन की टक्कर से माँ बेटी सहित 3 की मौत

जबलपुर नागपुर हाईवे एनएच 7 पर बरगी थाना अतंर्गत चूहिया गांव में एक ट्रक को ओवरटेक करते हुए पिकअप वाहन ने मोटरसायकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में माँ सहित मासूम बेटी भाई के दोस्त की मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया गया है कि मृतिका के मासूम बच्ची कई दिनों से बीमार से थी। उसने कई डॉक्टरों को दिखाया लेकिन आराम नहीं लग रहा था। भाई का दोस्त शहाबुद्दीन के कहने पर वह उसके साथ अपनी मासूम बेटी को लेकर बाबा के पास झाड़ फूंक कराने जा रही थी, इसी दौरान यह हादसा हो गया था। घटना की जानकारी मिलने पर बरगी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बहोरीपार गांव निवासी 22 वर्षीय नीतू रजक उर्फ गौरी रजक की 3 साल की मासूम बेटी कृतिका पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। उसने कई डॉक्टरों को दिखाया था लेकिन आराम नहीं लग रहा था। गत दिवस नीतू अपनी बेटी को लेकर जबलपुर के एक अस्पताल आई थी। रात होने के कारण वह अपने मायके में रुक गई थी। सुबह भाई के दोस्त शहाबुद्दीन के कहने पर किसी बाबा के यहां झाड़ फूंक कराने जा रही थी। तभी रास्ते में चूहिया गांव के पास एक ट्रक को ओवर टेक करते हुए पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 40 सीटी 3367 ने शाहबुद्दीन की मोटर सायकिल में टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही तीनों मोटर साइकल सहित सामने की ओर गिरे, जिन्हे कुचलते हुए पिकअप चालक निकल गया। हादसे में तीनों के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर मौत हो गई।



### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

विजयनगर थाना अंतर्गत दीनदयाल चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा सवार महिला को रौंद दिया जिससे महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार त्रिमूर्ति नगर कृष्णा कालोनी नगर प्रभा साहू अपने स्कूटी से आईटीआई की तरफ जा रही थी तभी ट्रक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी। ट्रक का अगला पहिया उसे रौंदते निकल गया था इस हादसे में महिला की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बाईक की टक्कर से वृद्ध की मौत

इसी तरह बरेला थाना अंतर्गत सरकारी अस्पताल के पास बरेला निवासी 71 वर्षीय जेठूलाल गौड को गत 26 मई को एक बाईक क्रमांक एमपी 20 एनपी 2855 के चालक ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह घायल हो गए और उन्हें उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से कुछ दिन इलाज होने के बाद जेठूलाल गौंड को परिजनों द्वारा घर लाया गया था। गत 3 जुलाई को शाम 4 बजे जेठूलाल की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

दुर्घटना होते देख राह चलते लोगों में चीख पुकार मच गई. शोर सुनकर चालक पिकअप छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में पता चला कि शहाबुद्दीन अधारताल क्षेत्र में रहता है और बरगी में काम करता है। शहाबुद्दीन ने महिला के भाई सौरभ रजक से कहा था कि वह सुबह बरगी जाएगी तो दीदी को अपने साथ लेकर आ जाएगा। आज सुबह शहाबुद्दीन अपनी मोटर साइकल में दीदी नीतू रजक व उनकी बच्ची को बिठाकर बरगी जाने निकला था। रास्ते में नीतू को किसी जगह बच्ची की झाड़फूंक भी कराना था। जिसके चलते शहाबुद्दीन दोनों को बिठाकर उस स्थान लेकर जा रहा था। इसके बाद बरगी छोड़ता लेकिन रास्ते में दुर्घटना हो गई। पुलिस ने पिकअप वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के नए कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



### दो बाइक में आमने-सामने से भिड़ंत, दो की मौत, 4 घायल,

**जबलपुर।** करोंदा बायपास में गुरुवार को दोपहर के वक्त दो मोटर साइकलों में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों युवकों के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर मौत हो गई। वहीं चार युवकों के शरीर पर गंभीर चोटें आई है। जिन्हे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां पर घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दमोह में रहने वाले चंद्रभान प्रधान अपने रिश्तेदार विशाल व एक साथी रज्जू के साथ खजरी-खिरिया क्षेत्र में आयोजित एक शादी समारोह में जा रहे थे। जब करोंदा बायपास रोड से आगे बढ़ रहे थे, इस दौरान सामने से आए मोटर साइकल सवार युवकों से भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में दोनों मोटर साइकल के परखच्चे उड़ गए। वहीं चंद्रभान के शरीर पर गंभीर चोटें आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सुहागी निवासी युवक दीपक राजपूत की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने चार घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। दुर्घटना की खबर से परिवार में मातम छा गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।



# बादलों और रिमझिम से ठण्डक घुली

**जबलपुर।**

पूर्वी उत्तरप्रदेश और पश्चिम बंगाल में हवा के कम दबाव का क्षेत्र व चक्रवात बनने से मध्यप्रदेश में अच्छी बारिश के आसार बन गए हैं। पानी की रिमझिम फुरफुराहट और आसमान पर छाए बादलों की वजह से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। हवा में नमी बढ़ जाने से बारिश के संकेत मिल रहे हैं। गुरुवार को सुबह से ही आसमान पर बादल छाये रहे। बादलों ने दोपहर बाद सूर्यदेव को पूरी तरह से ढक लिया था। ऐसी उम्मीद बनी थी कि जमकर बारिश होगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। शाम को टिमटिमाकर पानी बरसा और निकल गया। मौसम में आए बदलाव से शीतल बयारें राहत दे रहीं थीं। मौसम कार्यालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 6 डिग्री कम व न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री दर्ज किया गया है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26.05 डिग्री दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातकाल 95 प्रतिशत और सायंकाल 87 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय प्रात 5.30 बजे और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान 7.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 211.9 मिली मीटर (8इंच)दर्ज की जा चुकी है जबकि गत वर्ष आज के दिन तक कुल वर्षा 257.2 मिली मीटर दर्ज की गई थी।

### यूपी और बंगाल का चक्रवात कराएगा बारिश

## चरगवां में नाबालिग लड़की की चाकू से हमला कर हत्या

**जबलपुर।** चरगवां थाना अतंर्गत ग्राम कुलोन में एक सिरफिरे आशिक ने 16 साल की नाबालिक की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी जंगल के रास्ते से फरार हो गया। पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रही है। आरोपी पुलिस गिरफ्त से अभी बहार है। घटना की जानकारी मिलने पर बरगी एसडीओपी सुनील नेमा और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने जांच पड़ताल शुरु की। अभी 1 जुलाई को ही ओमती थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की की गुफरान ने प्रेम प्रंसग को लेकर हत्या कर दी थी अब इस तरह की दूसरी घटना सामने आने से शहर में दहशत का माहौल बन गया। घटना के संबंध में एसडीओपी सुनील नेमा ने बताया कि ग्राम सुनवारा निवासी 16 साल की नाबालिग रिया पटेल जो अपने नाना नानी के यहां आई थी। जिसे आरोपी यशवंत उर्फ इशू पटेल ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। परिजन लड़की को लेकर मेडीकल अस्पताल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है हत्या का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी अभी फरार है।

## विवादित बिल के संबंध में याचिका नामंजूर उचित फोरम में जाने की दी स्वतंत्रता

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नगर परिषद बुजुर्ग जिला अनूपपुर द्वारा परिषद के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के निर्माण संबंधी विवादित बिल भुगतान के मामले में किसी प्रकार की राहत देने से इंकार कर दिया। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने मामले में याचिकाकर्ता को उचित फोरम में जाने की स्वतंत्रता प्रदान की है। यह मामला अनूपपुर जिले के बिजुरी नगर पालिका के ठेकेदार संजय मोटवानी की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया कि उन्हें नगर परिषद बुजुर्ग जिला अनूपपुर द्वारा परिषद के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के निर्माण के लिए ठेका प्रदान किया गया था एवं कार्य पूर्ण करने के पश्चात उनका लगभग 10 लाख का बिल का भुगतान नहीं किया गया। मामले में अनावेदक नगर पालिका परिषद बिजुरी की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेन्द्र सिंह ने पक्ष रखते हुए दलील दी कि याचिकाकर्ता ने जो बिल पेश किये है वह फर्जी है। मौके पर कोई कार्य नहीं पाया गया है। साथ ही यह संविदा के माध्यम से ठेका दिया गया था एवं इसमें विवादित बिल का निराकरण याचिका में नहीं किया जा सकता है। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने मामले में याचिकाकर्ता को उचित फोरम में जाने की स्वतंत्रता प्रदान की।



### होमगार्ड सैनिक को दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा के होमगार्ड सैनिक को दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगाते हुए उन्हें सेवा में बने रहने की अनुमति दी। गुरूवार को सुनवाई के बाद जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले को सुनवाई हेतू स्वीकार कर पूर्व में लंबित प्रकरणों के साथ संलग्न करने के निर्देश दिए। छिंदवाड़ा निवासी बंशी लाल की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के कॉल ऑफ को बदलकर 3 साल में 2 माह का कॉल ऑफ कर दिया गया। वर्ष 2010 में होमगार्डस कर्मचारियों द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य लाभ देने की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्डस की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए।

## अब इन समय पर पहुंचेगी स्टेशन

## सोमनाथ एक्सप्रेस, सिंगरौली इंटरसिटी सहित कई गाडि़यों के समय में हुआ बदलाव

**जबलपुर।**

रेल प्रशासन द्वारा परिचालनीय जरूरत एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली निम्नलिखित यात्री गाड़ियों के समय में संशोधन किया गया है।

### इन गाडि़यों में किया गया है बदलाव

1- गाड़ी संख्या 11601 बीना-कटनी मेमू एक्सप्रेस दिनांक 08.07.2024 से कटनी स्टेशन पर पहले पहुँचने का समय 11.50 बजे की जगह अब 12.00 बजे पहुंचेगी।2- गाड़ी संख्या 11602 कटनी-बीना मेमू एक्सप्रेस दिनांक 08.07.2024 से कटनी स्टेशन पर पहले प्रस्थान समय 12.00 बजे की जगह अब 12.10 बजे रवाना होकर कटनी मुड़वारा 12.18 बजे एवं न्यू मझगवां फाटक 12.26 बजे पहुंचकर और बीना स्टेशन पर पहले पहुँचने का समय 18.40 बजे की जगह अब 19.05 बजे पहुंचेगी।3- गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी



एक्सप्रेस दिनांक 08.07.2024 से जबलपुर स्टेशन पर पहले पहुँचने का समय 11.40 बजे की जगह अब 11.45 बजे पहुंचेगी।4- गाड़ी संख्या 11706 रीवा-जबलपुर शटल एक्सप्रेस दिनांक 08.07.2024 से जबलपुर स्टेशन पर पहले पहुँचने का समय 20.00 बजे की जगह अब 20.35 बजे पहुंचेगी।5- गाड़ी संख्या 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस दिनांक 08.07.2024 से दमोह स्टेशन पर पहले पहुँचने का समय 22.45 बजे की जगह अब 23:00 बजे पहुंचेगी।6- गाड़ी संख्या 122162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस दिनांक 08.07.2024 से भोपाल स्टेशन पर पहले पहुँचने का समय 10.35 बजे की जगह अब 10:45 बजे पहुंचेगी।7- गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 08.07.2024 से अधारताल स्टेशन पर पहले पहुँचने का समय 10.50 बजे की जगह अब 11.00 बजे पहुंचेगी।8- गाड़ी संख्या 06603 बीना-कटनी मुड़वारा मेमू एक्सप्रेस दिनांक 10.07.2024 से कटनी मुड़वारा स्टेशन पर पहले पहुँचने का समय 16.50 बजे की जगह अब 17.20 बजे पहुंचेगी।9- गाड़ी संख्या 01885 बीना-दमोह पैसेंजर दिनांक 08.07.2024 से दमोह स्टेशन पर पहले पहुँचने का समय 22.00 बजे की जगह अब 22.15 बजे पहुंचेगी।10- गाड़ी संख्या 11463 सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस दिनांक 09.07.2024 से जबलपुर स्टेशन पर पहले पहुँचने का समय 13.20 बजे की जगह अब 14.10 बजे पहुंचेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240